राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 गुरु आनंद दिघे की फोटो के सामने पैसा उड़ाने पर मुयमंत्री..........

गाजा के लोगों को सामूहिक सजा देना उचित नहीं, इस्राइल के..........12

वर्ष : 15 | अंक : 158 | नई दिल्ली, बुधवार, 18 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक : कहा- हमारी इजाजत बिना तोड़फोड़ न हो

नई दिल्ली, प्रात : किरण

24 अगस्त को मध्यप्रदेश के छतरपुर में पुलिस पर पथराव मामले में आरोपी हाजी शहजाद अली के बंगले को बुलडोजर से तोड़ दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं। केंद्र ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी तो आसमान नहीं फट पड़ेगा।

## केंद्र बोला- हाथ न बांधें, कोर्ट बोला- आसमान नहीं फट पड़ेगा



**जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिंद:** हर दिन तोड़फोड़ हो रही है।

**केंद्र सरकार:** 2022 में नोटिस दिए गए और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध हुए।

**सुप्रीम कोर्ट :** 2024 में कार्रवाई में इतनी जल्दबाजी क्यों हो रही है, नोटिस तो 2022 में जारी किए गए थे।

**सुप्रीम कोर्ट :** मैं साफ कर दूं कि अगली तारीख तक हमारी इजाजत के बिना कोई भी तोड़-फोड़ नहीं होनी चाहिए। इस आदेश में सड़कें, रेलवे लाइंस, सरकारी फुटपाथ के अवैध अतिक्रमण शामिल नहीं है।

**केंद्र सरकार:** एक धारणा बनाई जा रही है।

**सुप्रीम कोर्ट :** बाहरी शोर से हम प्रभावित नहीं होते हैं। अभी हम इस पॉइंट पर नहीं जा रहे हैं कि किस समुदाय पर एक्शन लिया जा रहा है। अगर एक भी अवैध बुलडोजर एक्शन है तो यह संविधान के खिलाफ है।

**सुप्रीम कोर्ट :** धारणाओं से हम प्रभावित नहीं होते हैं। हम साफ कर दे रहे हैं कि हम किसी भी अवैध अतिक्रमण के बीच नहीं आएंगे, लेकिन अधिकारी जज नहीं बन सकते हैं।

**केंद्र सरकार:** याचिकाकर्ता कह रहे हैं कि धर्म विशेष के लिए तोड़फोड़ की कार्रवाई हो रही है।

**सुप्रीम कोर्ट :** अभी हमारा मकसद डिमोलेशन की कार्रवाई को व्यवस्थित करना है।

**केंद्र सरकार:** जिन पर कार्रवाई की गई है, वो कोर्ट आए ही नहीं। उन्हें पता है कि निर्माण अवैध है।

जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिंद: इस अदालत ने आदेश दिया था, इसके बावजूद कुछ पत्थरबाजी की घटनाएं हुईं और उसी रात घर गिरा दिए गए। यह रोज हो रहा है।

**केंद्र सरकार:** MP का एक मामला है। जहां 70 दुकानों को गिरा दिया गया, इनमें से 50 दुकानें हिंदुओं की थीं।

**सुप्रीम कोर्ट :** इस मामले की सुनवाई 1 अक्टूबर को करेंगे, तब तक देश में एक भी तोड़-फोड़ नहीं होनी चाहिए।

**केंद्र सरकार:** इस तरह संवैधानिक संस्थाओं के हाथ नहीं बांधे जाने चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट :** 2 हफ्ते कार्रवाई नहीं होगी तो कोई आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप अपने हाथ रोक दीजिए। 15 दिन में क्या हो जाएगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.0°C

न्यूनतम तापमान 21.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,840 |
| चांदी | 92,000 |
| सेंसेक्स | 83,067 |
| निफ्टी | 25,416 |

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के पिता का निधन



पटना। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के पिता चंद्र नारायण प्रसाद का आज सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। श्री चंद्र नारायण प्रसाद लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आज उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव मधेपुरा के खुर्दा में किया जाएगा। इस दुखद घटना से पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ है।

### ममता बनर्जी इस्तीफा दें, इससे कम हमें कुछ मंजूर नहीं: सुकांत मजूमदार

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल रेप मर्डर मामले में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सीएम ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों की मांगों को मान लिया है। सीएम ने पांच में से तीन मांगें मान लेने का ऐलान किया। इस बीच केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सीएम के तरीके पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा मांगा है। डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि, पहले वह कह रही थी कि वह सीपी को नहीं हटाएगी। बंगाल के लोग मांग कर रहे थे कि कार्रवाई की जाए। बंगाल के चप्पे -चप्पे में आंदोलन चल रहा था बंगाल की जनता मांग कर रही थी की एक्शन लिया जाए। बंगाल की जनता इस मुख्यमंत्री के ऊपर पूरा विश्वास खो चुकी हैं।

# मोदी बोले- गणेश पूजन में हिस्सा लिया तो कांग्रेसी भड़के

- पहले जन्मदिन पर मां से आशीर्वाद लेता था, आज आदिवासी मां ने खीर खिलाई
- पीएम मोदी भुवनेश्वर में 3800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
- पीएम मोदी 11 सितंबर की शाम सीजेआई चंद्रचूड़ के घर गए थे। उन्होंने गणेश आरती में हिस्सा लिया था।

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 74वें जन्मदिन के मौके पर ओडिशा के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने गणेश पूजन विवाद पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने भुवनेश्वर में जनता मैदान में कहा- सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोग पिछले कुछ दिनों से इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणपति पूजन में हिस्सा लिया। आज यहां आने से पहले आदिवासी परिवार के PM आवास गया था। हर साल जन्मदिन पर मां से आशीर्वाद लेने जाता था, वो मुझे गुड़ खिलाती थीं। आज मां नहीं हैं, लेकिन इस बार एक आदिवासी मां ने मुझे खीर खिलाई। इससे पहले मोदी ने सुभद्रा योजना भी लॉन्च की। साथ ही कई रेलवे और नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स के साथ 800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन पर अपनी मां को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'आज आदिवासी परिवार के पीएम आवास पर गया था। हर साल जन्मदिन पर मां से आशीर्वाद लेने जाता था, वो मुझे गुड़ खिलाती थीं। आज मां नहीं हैं, लेकिन इस बार एक आदिवासी मां ने मुझे खीर खिलाई।'

### मोदी जन्मदिन पर आदिवासी महिला के घर गए, खीर खाई



पीएम आवास योजना के तहत भुवनेश्वर में नायक परिवार को आवास मिला। प्रधानमंत्री उनके घर पहुंचे। खीर खाई। प्रधानमंत्री ने कहा- नायक परिवार ने स्वादिष्ट खीर परोसी।

### मोदी की स्पीच की 3 बड़ी बातें...

**बांटों और राज करो की नीति पर:** जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे, तब बांटों और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था। बांटों और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था, आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है।

**महिला सशक्तिकरण पर:** भारत में महिला सशक्तिकरण का एक और प्रतिबिंब है- प्रधानमंत्री आवास योजना। इस योजना के कारण अब छोटे से छोटे गांव में संपत्ति महिलाओं के नाम होने लगी है। कोई भी देश, कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब उसके विकास में उसकी आधी आबादी यानी हमारी नारी शक्ति की बराबर भागीदारी होती है। इसलिए महिलाओं का बढ़ता सामर्थ्य ओडिशा के विकास का मूल मंत्र होने वाला है।

**सरकार के 100 दिन पर:** आज सरकार के 100 दिन हुए हैं। इस दौरान गरीब, किसान और नौजवान के लिए बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। हाल में ही धान किसानों, तिलहन और प्याज किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। विदेशी तेल के आयात पर शुल्क बढ़ाया गया है, ताकि देश के किसानों से ज्यादा कीमत पर खरीद हो। इसके अलावा बासमती के निर्यात पर लगने वाला शुल्क घटाया गया है।

### सुभद्रा योजना ओडिशा में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी: मोदी

नई दिल्ली/भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा सरकार की सुभद्रा योजना का शुभारंभ करने के लिए मंगलवार को भुवनेश्वर रवाना होने से पहले कहा कि इस पहल से महिला सशक्तिकरण बढ़ेगा और नारी शक्ति के लिए वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा, भुवनेश्वर के लिए रवाना हो रहा हूं। ओडिशा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना सुभद्रा योजना का शुभारंभ करने के लिए ओडिशा के अद्भुत लोगों के बीच होना बहुत खास है। उन्होंने आगे कहा, यह योजना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी और हमारी नारी शक्ति के लिए वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम के दौरान कई अन्य परियोजनाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने दोहराया कि ओडिशा सरकार की महत्वपूर्ण सुभद्रा योजना का शुभारंभ करने के लिए ओडिशा के अद्भुत लोगों के बीच होना बहुत खास है। यह पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ाएगी और नारी शक्ति के लिए वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री के ओडिशा दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राजधानी भुवनेश्वर में पुलिस बल की 81 टुकड़ियाँ तैनात की गई हैं। सुभद्रा योजना के शुभारंभ के लिए जनता मैदान में संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुबह 07:30 बजे से दोपहर 15:00 बजे तक विभिन्न मार्गों पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। राज्य सरकार ने पहले ही राजधानी में सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने सरकारी कार्यालयों के लिए आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। सुभद्रा योजना के शुभारंभ के अलावा प्रधानमंत्री रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं सहित कई कल्याणकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जनता मैदान तक के मार्गों के साथ-साथ कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों को सजाया और रोशन किया गया है।

### मोदी के जन्मदिन पर बदरीनाथ और केदारनाथ में विशेष पूजा

चमोली/रूद्रप्रयाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को उत्तराखण्ड स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा आयोजित की गई। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद अजय ने बताया कि श्री मोदी के जन्मदिन पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में बीकेटीसी ने बदरीनाथ और केदारनाथ सहित ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ, नृसिंह मंदिर, जोशीमठ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, सिद्धपीठ, कालीमठ में विशेष पूजा-अर्चना तथा हवन किया गया।

# आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

- कैलाश गहलोत बोले- आतिशी डमी मुख्यमंत्री नहीं, भाजपा का काम आरोप लगाना

### आतिशी बोलीं- भाजपा ने 2 साल से केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र रच रही

भाजपा ने 2 साल से केजरीवालजी के खिलाफ षडयंत्र रचने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ऐसा आदमी जो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकता है। ऐसे आदमी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, सीबीआई-ईडी को पीछे छोड़ दिया। 2 महीने तक जेल में रखा। सुप्रीम कोर्ट ने हमें जमानत दी। केंद्र सरकार और एजेंसियों के मुंह पर तमाचा मारा। कहा कि एजेंसियां कैद में तोते की तरह हैं। अरविंद केजरीवालजी ने वो किया, जो देश तो छोड़िए, दुनिया में किसी नेता ने नहीं किया हो। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला काफी नहीं, मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। दिल्ली की जनता कहेगी कि मैं ईमानदार हूं तो मैं कुर्सी पर बैठूंगा।

नई दिल्ली, प्रात : किरण

आतिशी मालेर्ना दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर विधायकों ने सहमति जताई। दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आतिशी के नाम का ऐलान करते हुए कहा- हमने विषम परिस्थितियों में यह फैसला लिया है।

केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती, वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दोपहर एक बजे आतिशी ने मीडिया से बात की और कहा, 'मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे।' इस बीच, AAP की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, 'जिसके परिवार ने आतंकी अफजल गुरु के लिए लड़ाई लड़ी, उसे आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री बना दिया। भगवान दिल्ली की रक्षा करे। दिल्ली के लिए आज बहुत दुख का दिन है।' दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, 'अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।'



### मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं

मैं सबसे पहले अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। यह सिर्फ अरविंद जी की सरकार में हो सकता है, जिन्होंने फर्स्ट टाइम पॉलिटिशियन को सीएम बनाया। मैं सुखी हूं कि उन्होंने मुझे सीएम बनाया। दुख भी है कि मेरे बड़े भाई अरविंदजी आज इस्तीफा देने जा रहे हैं। दिल्ली की 2 करोड़ जनता, हमारी जनता की तरफ से कहना चाहती हूं कि दिल्ली का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है। -आतिशी

### एलजी से मिले अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा



अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वह शाम साढ़े 4 बजे राजनिवास पहुंचे और उपराज्यपाल वीके सक्सेना को इस्तीफा सौंपा। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की होने वाली नई मुख्यमंत्री आतिशी और उनकी पूरी कैबिनेट भी साथ आए। इस्तीफा सौंपने के बाद अरविंद केजरीवाल ने एलजी को विधायक दल की चुनी गईं नेता आतिशी का मुख्यमंत्री पद के लिए नाम का प्रस्ताव भी दे दिया। इसके बाद राज निवास से बाहर आए और मीडिया से बगैर बात किए निकल गए। कैबिनेट मंत्री में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, सौरभ भारद्वाज भी साथ में थे।

(संबंधित खबरें पृष्ठ 8पर पढ़ें...)

**कामकाज** 100 दिनों में 49 हजार करोड़ की लागत से 25 हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने की योजना शुरू की गई है। ये योजना 100 की आबादी वाले गांवों को भी जोड़ेगी।

# '60 साल बाद राजनीतिक स्थिरता आई, रक्षा प्रणाली को मजबूत किया' ; शाह ने गिनाई उपलब्धियां

- 50,600 करोड़ की लागत से भारत की बड़ी सड़कों को बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया
- वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट का विकास और अगत्ती एवं मिनिकॉय में नई हवाई पट्टी बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हम आगे बढ़े

नई दिल्ली, प्रात : किरण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार के 100 दिन के कामकाज का लेखा जोखा पेश किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों के काम की बुकलेट जारी की। अमित शाह ने कहा कि 60 साल बाद कोई नेता लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रहा है। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता आई है। पिछले 10 साल में देश की बाहरी सुरक्षा, देश की आंतरिक सुरक्षा और देश की रक्षा प्रणाली को मजबूत करके एक सुरक्षित भारत बनाने में मोदी सरकार ने बड़ी सफलता पाई है। नई शिक्षा नीति लाने का काम किया गया। भारत पूरी दुनिया में उत्पादन का सबसे चहेता केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश की कई संस्थाओं ने पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का फैसला किया है। 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पार्टी के कार्यकर्ता लोगों की मदद करेंगे। पीएम मोदी एक गरीब परिवार में पैदा हुए और वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के पीएम बने। 15 अलग-अलग देशों ने उन्हें अपना सर्वोच्च सम्मान दिया। 140 करोड़ भारतीय आज उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि भारत के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार 10 साल समर्पित करने के बाद भाजपा और हमारे सहयोगियों को इन आम चुनावों में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश मिला है। नीतियों के सातत्य को भी हमने अनुभव किया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों का क्रियान्वयन सटीकता से 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना बहुत कठिन है। उन्होंने कहा कि जब मेक इन इंडिया लॉन्च किया गया था, तो कई लोगों ने इसका मजाक उड़ाया था, लेकिन मैं गर्व से कहता हूं कि भारत दुनिया में उत्पादन का सबसे चहेता केंद्र बन गया है। डिजिटल इंडिया योजना को कई देश अपनाना चाहता हैं।




### पीएम किसान योजना से बदल रही तकदीर

कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान योजना की 17वीं किस्त में 9.5 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये वितरित किए गए। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। खरीफ फसलों का एमएसपी बढ़ाया गया है। सरकार किसानों के हितों का समर्पित है। मक्के से भी एथेनॉल उत्पादन के लिए काम किया है। हमने बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया है और प्याज पर निर्यात शुल्क 40% से 20% किया है। साथ ही एग्री श्योर नाम का एक नया फंड भी लॉन्च किया है।

### 12 औद्योगिक जोन बनेंगे

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली घर योजना के तहत 2024 में ढाई लाख से ज्यादा घरों में सौर ऊर्जा सेटअप लग चुका है। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों का बिजली बिल का मुफ्त होगा। पीएम ई बस सेवा से 3400 करोड़ की सहायता से बसें चलाई जाएंगी। स्टार्टअप को वित्तीय राहत और एंजल टैक्स को समाप्त करने का निर्णय लिया है। नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डवलपमेंट के तहत बार औद्योगिक जोन बनाए जाएंगे। वह हाईवे से लिंक होंगे। 12 औद्योगिक जोन देश के हर क्षेत्र में लिया है। मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से 20 लाख कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### लावारिस शव का तीसरे दिन पुलिस ने किया दाह संस्कार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बेस अस्पताल में इलाज के दौरान 13 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई थी। पहचान न होने पर कोतवाली पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया और पहचान के प्रयास शुरू किए। तीन दिन बाद भी पुलिस परिजनों को तलाश नहीं कर पाई। सोमवार को पुलिस ने लावारिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुलिस ने अज्ञात शव का दाह संस्कार कराया। पांच मकान मालिकों पर 50 हजार का जुर्माना रूड़की, एजेंसी। पुलिस ने किरायेदार सत्यापन अभियान चलाकर कई मकान मालिकों पर जुर्माना लगाया। साथ ही किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बुग्गावाला एसओ मनोज शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच मकान मालिकों ने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया था। इस पर पुलिस ने पांचों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली तीन बाइकें सीज कीं। 17 बाइक के चालान काटे। एसओ मनोज शर्मा ने बताया कि मकान मालिकों को किरायेदार का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। सत्यापन न कराने पर जुर्माना लगाने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### लकड़ी काटकर ले जाते दो लोगों को पकड़ा

**श्यामपुर, एजेंसी।** गैंडीखाता से लकड़ी काटकर ले जाते हुए बाइक सवार दो लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। दोनों को वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया। टीम ने दोनों पर जुर्माने लगाया। चिड़ियापुर रेंजर हरीश चंद्र गैरोला ने बताया कि ये तस्कर नहीं है। रेंज में साफ-सफाई प्लांटेशन का काम करते हैं। थोड़ी बहुत घर के लिए लकड़ी ले जाते हैं। लकड़ी ले जाने पर दोनों लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। थाना क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक दंपती से मारपीट कर दी। इसके बाद वह हजारों की नगदी लेकर फरार हो गए। दंपती ने तहरीर देकर पुलिस से मारपीट करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग की है। पूरणमल निवासी शांतरशाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया वह क्षेत्र में हर साल मेले का आयोजन करते हैं। रविवार रात वह अपनी पत्नी के साथ मेले के बाहर किसी काम से जा रहे थे। अचानक कुछ युवकों ने उनसे अभद्रता की। आरोप लगाया कि विरोध करने पर युवकों ने मारपीट कर दी। मंदिर में रखे 35 हजार रुपये भी छीनकर ले गए। जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### मजदूर पर चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** नगर कोतवाली के सप्तऋषि क्षेत्र में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में मजदूर पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। घायल का एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात रात सुनील पुत्र शिवपूजन महतो निवासी रामपुर बिहार हाल पता आदर्श विहार कॉलोनी भूपतवाला अपने दोस्त सुग्रीम कुमार निवासी हरनहिया बिहार हाल आदर्श विहार कॉलोनी भूपतवाला कमरे पर खाना बना रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले करन निवासी विजय नगर गाजियाबाद यूपी हाल आदर्श विहार कॉलोनी ने कमरे पर आकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। आरोपी करन ने चाकू सुनील के पेट में घोंप दिया था। गंभीर रूप से घायल सुनील को जिला अस्पताल ले जाने पर हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी करन को बंदा रोड अक्षय सिंधी घाट से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

# देहरादून-हरिद्वार व उत्तरकाशी सहित सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग का येलो अलर्ट



**देहरादून, एजेंसी।**
दो दिन की धूप के बाद मंगलवार से एक बार फिर मानसून की वर्षा जोर पकड़ सकती है। दून समेत सात जनपदों में मंगलवार एवं बुधवार को भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अनुसार देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वर्षा का दौर बुधवार को भी बना रहेगा। शेष जनपदों में कहीं-कही गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है। 19 सितंबर से एक बार फिर मौसम साफ रहने की संभावना है।

सोमवार को सहस्त्रधारा क्षेत्र में दोपहर बाद चार बजे करीब आधा घंटे तेज वर्षा हुई। हालांकि शहर के अन्य क्षेत्रों में हल्के बादलों के बीच धूप खिली रही। धूप खिलने से देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 33.7 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 35.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 23.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक 13.6 डिग्री सेल्सियस रहा। टिहरी का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 24.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो कम 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

हरिद्वार में डेंगू का एक और नया मामला सामने आया है। शिवालिक नगर के टीएचडीसी कालोनी निवासी की डेंगू रिपोर्ट पाजिटिव आयी है। नए मामले के साथ जिले में डेंगू मरीजों की संख्या अब चार हो गयी है। इधर स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम डेंगू से निपटने को लगातार जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ ही कीटनाशकों का छिड़काव करा रही है।

अभियान में आशा और डेंगू वॉलिंटियर्स की भी मदद ली जा रही है। डेंगू के लिहाज से सितंबर का महीना बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। इसे देखते स्वास्थ्य महकमा सतर्क है। आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कीटनाशकों का छिड़काव कराया जा रहा है। आशा और डेंगू वालिंटियर के जरिए डोर टू डोर सर्वे कराकर बुखार पीड़ित चिह्नित किए जा रहे हैं। इधर नगर निगम क्षेत्र में भी डेंगू का लार्वा नष्ट करने को अभियान चलाया जा रहा है।

# कौन सुनेगा पहाड़ के लोगों की दिल की धड़कन, अल्मोड़ा-बागेश्वर में कार्डियोलॉजिस्ट नहीं

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले में कहीं भी कार्डियोलॉजिस्ट नहीं हैं। अल्मोड़ा के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में एक भी हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। जिले में हृदय रोगियों को इलाज के लिए महानगरों की दौड़ लगानी पड़ रही है। बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में लोगों की दिल की धड़कन सुनने के लिए वहां के अस्पतालों में कोई हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं है। कहीं पद ही सृजित नहीं है। कहीं पद सृजित है तो तैनाती नहीं है और कहीं इस पद को समाप्त कर भविष्य में तैनाती की उम्मीद भी खत्म कर दी गई है।अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले में कहीं भी कार्डियोलॉजिस्ट नहीं हैं। अल्मोड़ा के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में एक भी हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। जिले में हृदय रोगियों को इलाज के लिए महानगरों की दौड़ लगानी पड़ रही है। अल्मोड़ा में सरकारी और निजी अस्पताल की ओपीडी में आने वाले 400 मरीजों में से 100 से 120 दिल के मरीज होते हैं।अल्मोड़ा के सीएमओ डॉ.. आरसी पंत ने बताया कि जिले के अस्पतालों में कार्डियोलॉजिस्ट का पद सृजित ही नहीं है। पद सृजित कराने के लिए शासन को समय-समय पर प्रस्ताव भेजा जाता है। बागेश्वर जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ का पद सृजित तो है लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से पद रिक्त है। लोगों को हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज कराने के लिए हल्द्वानी, दिल्ली या दून की दौड़ लगानी पड़ती है।सीएमओ डॉ. कुमार आदित्य तिवारी ने बताया कि हार्ट विशेषज्ञ के पद भरने के लिए एंजियोग्राफी लैब होनी जरूरी होती है। लैब नहीं होने के कारण पद रिक्त है। हृदय रोग के बारे में सामान्य जानकारी फिजिशियन ही जांच कर बता देते हैं जिसके बाद मरीजों को हृदय रोग विशेषज्ञ से जांच कराने की सलाह दी जाती है। उधर, पिथौरागढ़ में आईपीएचएस (इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड) के मानकों में बदलाव के चलते कार्डियोलॉजिस्ट का पद ही खत्म कर दिया गया है। इससे सीमांत जिले में दिल के डॉक्टर की तैनाती का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। पिथौरागढ़ के सीएमओ डॉ. एचएस ह्यांकी के मुताबिक आईपीएचएस के मानकों के अनुसार पिथौरागढ़ जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट का पद समाप्त हुआ है।

# वाहन चोरी करने वाले मामा-भांजे गिरफ्तार, पंजाब ले जाकर बदल देते थे गाड़ियों की नंबर प्लेट



**रुड़की, एजेंसी।**
गंगनहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। तीनों मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। इनमें दो सगे भाई हैं, जो वर्तमान में रुड़की के कलियर में किराये पर रहते हैं और तीसरा आरोपित उनका मामा है।

आरोपितों के पास से चोरी की गई दो बोलेरो पिकअप और एक अशोका लीलैंड वाहन बरामद हुआ है। इन वाहनों को पंजाब ले जाकर रंग और नंबर प्लेट बदल दी गई थी। दो आरोपित पूर्व में भी चोरी और गोकशी के मामले में जेल जा चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि पिछले 16 दिन में रुड़की देहात क्षेत्र से तीन बड़े वाहन चोरी हुए। दो मामलों में गंगनहर कोतवाली और एक में कलियर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। रुड़की के एसपी देहात एसके सिंह, सीओ नरेंद्र पंत और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार को वाहन चोर गिरोह की धरपकड़ के लिए लगाया गया था।

# दिल्ली के अड्डों पर बस रुकने का समय 25 मिनट, इससे ज्यादा देर रुकी तो लगेगी पेनाल्टी




**काशीपुर, एजेंसी।**
अब दिल्ली के अड्डों पर बाहरी राज्यों की बसें मात्र 25 मिनट ही रुक सकेंगी। उसके बाद हर पांच मिनट के हाल्ट पर पेनल्टी भरनी होगी। इस आदेश के बाद लोड फैक्टर लाना डिपो प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। सोमवार को काशीपुर डिपो की दिल्ली गई डिपो की एक बस को कम सावारियों के साथ लौटना पड़ा। इससे डिपो की आय प्रभावित रही। दरअसल, दिल्ली बस आड्डों पर स्टेंड टाइमिंग को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। जिसको लेकर सवारियां भरना डिपो चालक-परिचालकों के लिए एक चुनौती बन गया है। बस परिचालक सचिन कुमार ने बताया कि सोमवार की दोपहर एक बजे वह अड्डे से निकला जिसमें केवल 6 सवारियां ही मिल सकी। काशीपुर तक आते आते केवल 28 सवारी ही मिल सकी। उनका कहना है कि 25 मिनट में अधिकतम लोड फैक्टर यानि बस में अधिक सवारी बैठा पाना मुश्किल है। उनका कहना है कि एक बस को भरने में कम से कम एक घंटा लगता है। जिसके बाद बस चलती है। 25 मिनट आधी से भी कम सवारी ही बस को मिल पाएंगी, जिससे आय का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा।

बीते कुछ दिन पहले दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (डीटीआइडीसी) की ओर से आदेश जारी हुए हैं। जिसमें आनंद विहार, सराय काले खां और कश्मीरी गेट अड्डे पर एक ट्रिप का पांच सौ रुपये स्टैंड शुल्क देने के बाद केवल 25 मिनट के लिए ही वहां बस रुकने की अनुमति होगी।

इसके बाद हर पांच मिनट के हाल्ट पर 50 से 350 रुपये तक की पेनल्टी पड़ेगी।

# जैविक सब्जियों ने खोले सोनू की सफलता के रास्ते, बनाई पहचान; कई लोगों को दे रहे रोजगार



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा जिले के कुटगोली तोक के दमुवाकनेली गांव निवासी सोनू बिष्ट ने जैविक सब्जी की खेती कर रहे है। सोनू अपने चार परिजनों सहित गांव के कई लोगों को रोजगार भी दिला रहे हैं।

मेरे देश की मिट्टी उगले सोना, उगले हीरे-मोती। यह पंक्तियां जिले के कुटगोली तोक के दमुवाकनेली गांव निवासी सोनू बिष्ट पर एकदम फिट बैठती हैं। विरासत में मिली 100 नाली जमीन में लगन और मेहनत से आधुनिक तकनीक से सब्जी की खेती कर रहे हैं। वह अपने चार परिजनों सहित गांव के कई लोगों को रोजगार भी दिला रहे हैं।

सोनू ने 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए सब्जियां उगानी शुरू कीं। उन्होंने मात्र 16 साल की उम्र में स्थानीय छोटे बाजार कोसी और हवालबाग आदि जगहों में 8 से 10 किमी तक पैदल चलकर सब्जी बेचने का काम किया। वहां उन्हें मेहनत कर आमदनी का अनुभव मिला। तब उन्हें खेती और उपज बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इसलिए सोनू ने राह बदली। फिर उन्होंने अपने गांव से जिला मुख्यालय अल्मोड़ा बाजार का सफर तय किया लेकिन शुरुआती दौर उनके लिए बहुत मुश्किल भरा था। वह लगातार बेहतरी का प्रयास करते रहे। समय मेहनत करने वालों पर हमेशा मेहरबान रहता है। इसलिए धीरे-धीरे उनका सब्जी का कारोबार बढ़ता गया। अब सोनू सालाना चार लाख रुपये से अधिक कमा रहे हैं।

सोनू ने अपने खेतों पर कई तरह की जैविक सब्जियां उगाई हैं। इनमें तुरई, चिचन, कद्दू, बैगन, लौकी, टमाटर, आलू आदि सब्जियां प्रमुख हैं।

# अनुशासनहीनता में तीन छात्रों को हॉस्टल से निकालने की तैयारी

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
मेडिकल कॉलेज में नियमों की सख्ती के बावजूद कुछ छात्र मनमानी कर रहे हैं। अनुशासनहीनता के चलते दो माह में एमबीबीएस के चार छात्रों को हॉस्टल से निकाला जा चुका है। अब तीन और छात्रों को हॉस्टल से निकालने की तैयारी है।

मेडिकल कॉलेजज परिसर में कुछ छात्र धड़ल्ले से वाहन दौड़ा रहे हैं जबकि प्रवेश के समय छात्रों ने गाड़ी नहीं चलाने का शपथ पत्र दिया था। मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डों की ओर से बाइक दौड़ाने वाले छात्रों को रोका जाता है लेकिन कुछ छात्रों की ओर से गार्डों के साथ भी अभद्रता की जाती है। अब फिर अनुशासनहीनता की शिकायत मिल रही है। इस पर कॉलेज प्रशासन तीन अन्य छात्रों को हॉस्टल से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। उधर छात्रावास से तीन क्लर्क को भी हटाने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। नीरज जोशी ने बताया कि स्टेशन अधीक्षक से प्राप्त मेमो के अनुसार रुद्रपुर-छतरपुर के बीच रेलवे ट्रैक संख्या 45/22 पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के पास से काठगोदाम से बेतिया तक का बाघ एक्सप्रेस का सामान्य टिकट प्राप्त हुआ है। मृतक के बाघ एक्सप्रेस से गिरने की आशंका जताई जा रही है।

# अल्मोड़ा के दो स्टेट हाईवे समेत 15 सड़कों पर आवाजाही ठप, मलबा हटाने में प्रशासन के छूट रहे पसीने



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
लगातार बारिश से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में अभी भी जिला प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सोमवार को भी 66 जेसीबी के साथ प्रशासन के सभी अधिकारी जिले भर में बंद पड़ी सड़कों को खुलवाने में जुटे रहे।

अल्मोड़ा में लगातार बारिश से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में अभी भी जिला प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सोमवार को भी 66 जेसीबी के साथ प्रशासन के सभी अधिकारी जिले भर में बंद पड़ी सड़कों को खुलवाने में जुटे रहे। दो स्टेट हाईवे सहित करीब 15 सड़कें अभी भी बंद है। लमगड़ा-सिमलखेत के पास रह-रहकर कर पहाड़ी से मलबा गिरने से सड़क लगातार बाधित है। प्रशासन को यहां यातायात सामान्य करने में पसीने छूट रहे हैं। प्रभारी डीएम दीवेश शाशनी ने जल्दी से जल्दी सड़कों को सामान्य बनाने के निर्देश दिए। सोमवार को भी सुबह से ही बंद पड़ी सड़कों को खोलने का अभियान शुरू कर दिया था। अल्मोड़ा रानीखेत, सल्ट, द्वाराहाट, सोमेश्वर, भतरौंजखान सहित सभी क्षेत्रों में मलबा हटाने का काम जारी रहा। वहीं, ऊर्जा निगम के अधिकारी आपदा में क्षतिग्रस्त हुए बिजली के पोलों को ठीक करते रहे। अलग-अलग क्षेत्रों में करीब 15 सड़कों को खोलना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। हालांकि प्रशासन सोमवार की रात तक सभी सड़कों को खोलने के दावे कर कर रहा है। जागेश्वर क्षेत्र के भनौली गांव में तीन दिन पहले क्षतिग्रस्त हुई गोशाला के मलबे में फंसे पशुओं को बचाने के लिए कवायद जारी रही। प्रशासन की टीमें कच्चा रास्ता बनाकर गोशाला तक पहुंचने में जुटी है। आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि यहां अभी कई पशुओं के दबे होने की सूचना है।

# पुणे की नुपूर ने बहन के साथ बदली महिलाओं की तकदीर, शोध के लिए आई थी उत्तराखंड



**चंपावत, एजेंसी।**
नूपुर पोहरकर उत्तराखंड में रूरल डेवलपमेंट ग्रामीण विकास पर शोध के लिए आई थी। पेशे से पशु चिकित्सक नुपुर आज अपनी फैशन डिजाइनर बहन बहन सरवरी के साथ मिलकर पिरुल से उत्पाद बनाकर स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आजीविका बढ़ा रही हैं।

चंपावत जिले में वर्ष 2020 में एसबीआई यूथ फाउंडेशन पुणे महाराष्ट्र की नूपुर पोहरकर उत्तराखंड में रूरल डेवलपमेंट ग्रामीण विकास पर शोध के लिए आई थी। पेशे से पशु चिकित्सक नुपुर आज अपनी फैशन डिजाइनर बहन बहन सरवरी के साथ मिलकर पिरुल से उत्पाद बनाकर खुद तो रोजगार कर ही रही हैं, साथ ही स्थानीय महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आजीविका बढ़ा रही हैं। इस काम में उनकी बहन सरवरी ने भी साथ दिया।

नूपुर वर्ष 2021 से अपनी बहन सरवरी के साथ पिरुल से आकर्षक हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बना रही हैं। सरवरी ने बताया कि खेतीखान के आसपास पिरूल का बहुत अधिक कचरा हो जाता है। पिरुल से जंगलों में आग तो लगती ही है, यह जलस्तर को भी कम कर देता है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय महिलाओं को जोड़कर ग्रामीण विकास के लिए कार्य किया और स्टार्टअप पिरूल हैंडीक्राफ्ट्स को लांच करने के बाद कॉयलिंग तकनीक का उपयोग करके चाय कोस्टर जैसे सरल उत्पाद बनाने लगीं।

## संक्षिप्त खबरें

### एलजी से मिले अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वह शाम साढ़े 4 बजे राजनिवास पहुंचे और उपराज्यपाल वीके सक्सेना को इस्तीफा सौंपा। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की होने वाली नई मुख्यमंत्री आतिशी और उनकी पूरी कैबिनेट भी साथ आए। इस्तीफा सौंपने के बाद अरविंद केजरीवाल ने एलजी को विधायक दल की चुनी गई नेता आतिशी का मुख्यमंत्री पद के लिए नाम का प्रस्ताव भी दे दिया। इसके बाद राजनिवास से बाहर आए और मीडिया से बगैर बात किए निकल गए। कैबिनेट मंत्री में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, सौरभ भारद्वाज भी साथ में थे।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, हल्की बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और सुबह धूप निकली। मौसम विभाग ने दिन में मुख्य रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 163 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### हर चुनाव में करते नौटंकी, केजरीवाल के इस्तीफे देने पर कांग्रेस ने पूछे कई गंभीर सवाल

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सीएम पद छोड़ने की राजनीति को लेकर एक बार फिर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, यदि केजरीवाल मर्यादित पुरुष हैं और नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने जा रहे हैं, तो यह भाव आबकारी घोटाले में नाम अथवा जेल जाने पर ही इस्तीफा क्यों नही दिया?

यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी (अअढ) को अपना जवाब लोकसभा चुनाव में दे चुकी है। अब तो वह जानना चाह रही है कि केजरीवाल ने बीते तीन विधानसभा और दो नगर निगम चुनावों में जो वादे किए थे।

### बिजली कर्मी का शव दफ्तर में लटका मिला, परिजनों में कोहराम

मुरादाबाद। बिलारी में रेलवे स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक धनपाल सिंह (50) निवासी चंदौसी का शव रस्सी से लटका मिला। अवर अभियंता शिवम ने बताया कि धनपाल शनिवार को कार्यालय में आए थे। इसके बाद दो दिन के अवकाश पर रहने की बात कर कर चले गए थे। सोमवार रात वह कार्यालय क्यों और किस समय पहुंचे इस बारे में स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। सीओ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मंगलवार सुबह विद्युत उपखंड कर्मी सलमा बेगम कार्यालय खोलने के लिए पहुंची। उन्होंने मुख्य दरवाजे के पीछे बने कमरे के किवाड़ बंद पाए। जब उन्होंने अंदर देखा तो धनपाल सिंह छत के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर लटके हुए थे।इसके बाद सलमा ने तत्काल उन्हें कर्मियों को इसकी सूचना दी। मौके पर उच्च अधिकारियों के साथ बिलारी पुलिस पहुंची। धनपाल बीते लगभग ढाई वर्ष से इस कार्यालय में तैनात थे।उसके परिवार में पत्नी विमलेश के अलावा बड़ी बेटी शिल्पी (24),बेटा सत्यम और शिवम है। रिश्तेदार धर्मेश ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# आतिशी होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, शाम को पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को उनके स्थान पर अगला मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे आप विधायकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

वित्त, शिक्षा और राजस्व सहित 14 विभागों का जिम्मा संभाल रहीं आतिशी (43) उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान राज्य की बागडोर संभाली।

कांग्रेस की शीला दीक्षित और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सुषमा स्वराज के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

केजरीवाल उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना से शाम साढ़े चार बजे राज निवास में मुलाकात करेंगे और मुख्यमंत्री के रूप में अपना इस्तीफा सौंपेंगे जिससे उनके बाद अगले मुख्यमंत्री के रूप में आतिशी की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

पार्टी के एक नेता ने कहा, वह दिल्ली विधानसभा में आप विधायक दल की नई नेता के रूप में आतिशी के बारे में उप राज्यपाल को सूचित करेंगे।

पार्टी नेता गोपाल राय ने पत्रकारों से कहा कि इस्तीफे के बाद आप विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल उप राज्यपाल से मुलाकात करेगा और आतिशी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन का दावा पेश करेगा।केजरीवाल के बाद अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसे लेकर अटकलें तेज थीं। हालांकि मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आतिशी का नाम सबसे आगे था और उन्हें केजरीवाल तथा पार्टी में दूसरे प्रमुख नेता मनीष सिसोदिया का बेहद करीबी माना जाता है। इस बहस पर विराम लगाते हुए केजरीवाल ने आप विधायक दल की बैठक में कालकाजी से विधायक आतिशी का नाम प्रस्तावित किया जिसे सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

पार्टी नेताओं ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का सत्र 26-27 सितंबर को बुलाया जाएगा।

तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने अपने अप्रत्याशित फैसले की घोषणा करते हुए कहा था कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और इस पद पर तभी लौटेंगे जब जनता उन्हें आगामी दिल्ली विधानसभा के चुनाव में ईमानदारी का प्रमाणपत्र दे देगी। उन्होंने दिल्ली में समय पूर्व चुनाव की भी मांग की।

दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और चुनाव फरवी की शुरूआत में होने की संभावना है।

शिक्षा क्षेत्र में आप सरकार की कई उपलब्धियों का श्रेय आतिशी को दिया जाता है। उन्हें पिछले साल मार्च में दिल्ली मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था तथा 21 मार्च को आबकारी नीति मामले में आप संयोजक केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से वह सरकार और पार्टी दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय सिंह और तृप्ता वाही की बेटी आतिशी ने स्प्रिंगडेल्स स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है।

भाजपा ने सोमवार को कहा कि केजरीवाल का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का फैसला मजबूरी में लिया गया है, न कि सिद्धांत से प्रेरित होकर। पार्टी ने उनके इस कदम को नाटक और अपराध की स्वीकारोक्ति बताया और संदेह जताया कि कहीं उन्होंने आप में अंदरूनी कलह के कारण तो इस्तीफा देने की पेशकश नहीं की है। शीला दीक्षित दिल्ली की सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रही थीं जिन्होंने 1998 से 2013 तक 15 साल तक पद संभाला। स्वराज ने 12 अक्टूबर 1998 से 52 दिनों तक दिल्ली की सत्ता संभाली थी।

# म्यूटेशन पुनः शुरू करने पर उपराज्यपाल का आभार:पंचायत संघ



नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने आज उत्तरी पश्चिम लोकसभा में मंगोलपुरी इंडस्ट्रीज एरिया में आयोजित कार्यक्रम में माननीय उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली देहात के गांवों ग्रामीणों किसानों की भूमि का म्यूटेशन शुरू करने की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। ओर उत्तर पश्चिमी के सासंद योगेंद्र चंदोलिया का भी आभार प्रकट किया। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने म्यूटेशन पुनः शुरू व गांवों के विकास कार्य में तेजी लाने के लिए भी उपराज्यपाल का आभार प्रकट किया है। दिल्ली पंचायत संघ लगातार पिछले कई वर्षों से दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों के अधिकारों व उनके 18सूत्री मुद्दों को लेकर आवाज उठाता रहा है।जिनका अब उपराज्यपाल द्वारा संज्ञान लेकर गांवों के हर एक मुद्दे को हल करने पर नजर है। और सभी लोकसभा सांसद गण अपने-अपने क्षेत्र के गांवों ग्रामीणों किसानों के मुद्दों पर उनकी प्राथमिकता पर कार्य कर रहे हैं। इन सभी का दिल्ली पंचायत संघ आभार प्रकट करती है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की हम अपने दिल्ली देहात व 360गांवों के पंचायत प्रमुखों के साथ माननीय उपराज्यपाल व दिल्ली के सभी लोकसभा सांसदों का उनसे मिलकर उनका आभार प्रकट करेंगे और स्वागत। साथ ही पंचायत संघ जल्द ही गांवों को लाल डोरा व विस्तारित लाल डोरा की कैद से मुक्त कराने, गांवो को मालिकाना हक देने, और गांवों को हाउस टैक्स से मुक्ति,रोजगार के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में करने, भवन उपनियम से बाहर करने की भी मांग करेगा।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की गांवों के विकास और अधिकारों को लेकर जो लम्बे समय तक दिल्ली में जो सरकारों ने नजर अंदाज किया।उनको लेकर अब भी गांव ग्रामीण आक्रोशित है।वहीं माननीय उपराज्यपाल गांव के विकास को गम्भीरता से लेते हुए लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। और दिल्ली पंचायत संघ ने उम्मीद जताई है कि उनकी 18 सूत्री मांग जो दिल्ली देहात गांव गरीब ग्रामीण किसानों की उन पर भी जल्द ही कार्रवाई होगी। ओर पूरा किया जाएगा। और इस संबंध में जल्दी माननीय उपराज्यपाल से मिलकर इनका ज्ञापन दिया जाएगा।

# केजरीवाल दिल्ली की जनता के गुनहगार, चुनाव में भ्रष्टाचार रहेगा मुद्दा: वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) ने ऐलान कर दिया है कि आतिशी दिल्ली की नई सीएम होंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने इसका ऐलान किया। आप के इस फैसले को भाजपा ने मेक ओवर की कोशिश करार दिया है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि, आम आदमी पार्टी के नेता अब पार्टी के मेक ओवर में लग हुए हैं। जो भ्रष्टाचार के धब्बे इनके दमन और उनके चेहरे पर लगे हुए है अब वह मेक ओवर करके उसे छुपाना चाहते हैं। केजरीवाल आप दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं, आपने दिल्ली की जनता को लूटने का कम किया है। इस चुनाव में सिर्फ भ्रष्टाचार एक मुद्दा है, जिस पर केजरीवाल को जवाब देना होगा। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है और दिल्ली की जनता इस धोखे का जवाब देने के लिए तैयार है।

मैं अरविंद केजरीवाल के दोहरे मापदंड का जिक्र करता हूं। अगर नैतिकता थी तो जिस दिन गिरफ्तार हुए थे, उसी दिन इस्तीफा देना चाहिए था। मनीष सिसोदिया का इस्तीफा ले लिया, अपना नहीं दिया। ये केजरीवाल के सियासी चरित्र का दोहरा मापदंड है। आम आदमी पार्टी कितना भी चेहरा बदल लें, उनका चाल और चरित्र वही रहना है। इन भ्रष्टाचारियों ने दिल्ली की जनता को लूटा है। ऐसे में दिल्ली का जनता ने वोट से चोट करने का मन बना लिया है। जनता इस बार इनके भ्रष्टाचार पर वोट देगी।

उन्होंने आगे कहा कि, मैं केजरीवाल से ईमानदारी के सर्टिफिकेट मांगता हूं। शराब नीति में घोटाला हुआ कि नहीं हुआ। आपको जेल न्यायालय ने भेजा। आपकी गिरफ्तारी को कोर्ट ने लीगल ठहराया। इस घोटाले में उनके खिलाफ पुख्ता सबूत है। कहां रह गई ईमानदारी बताएं। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता को लूटने का काम किया है। वो दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं और दिल्ली की जनता उनसे हिसाब लेगी।

# गोपाल राय थे सीएम पद के दावेदार, आतिशी बनेंगी डमी सीएम : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के नये मुख्यमंत्री के लिए आतिशी के नाम पर सहमति बनी है। इस पर आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आतिशी को मुश्किल हालात में जिम्मेदारी दी गई है। उनके इस बयान पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने एक मीडिया संस्थान से बातचीत करते हुए प्रतिक्रिया दी। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं पर जमकर निशाना साधा।

गोपाल राय के आतिशी को कुछ समय के लिए सीएम बताने वाले बयान पर संदीप दीक्षित ने कहा कि अब वो खुलकर नहीं कह पाएंगे कि आतिशी डमी सीएम हैं। गोपाल राय खुद दावेदार थे। अब वो दुख में कैसे कह सकते हैं कि वो डमी और अस्थाई हैं।

अफजल गुरु की फांसी के खिलाफ नारे लगाने के बयान पर कांग्रेस नेता ने कहा, जहां तक मेरी जानकारी है, उनकी मां ने इसका विरोध किया था। वे अपने समय के अल्ट्रा-लेफ्ट लोग थे। मैंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ते समय उनके बारे में सुनता था। माता-पिता किसी के बारे में जो कहते हैं, उसका असर बच्चों पर नहीं पड़ना चाहिए। अफजल गुरु एक बड़े आतंकी संगठन से जुड़ा था। उसके माता-पिता ने जो कहा, वह सही नहीं था, लेकिन उस पर क्या प्रतिक्रिया हुई, क्या उस समय आतिशी ने इसका विरोध किया, यह भी एक बड़ा मुद्दा है।

संदीप दीक्षित ने कहा कि केजरीवाल इस्तीफा दें या न दें, वे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल किसी भी आधिकारिक फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। न ही वे कोई सरकारी कार्य कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से यह भी कहा था कि हमें आप पर भरोसा नहीं है। इसके बाद केजरीवाल के पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल ने तो यहां तक कह दिया था कि वो जेल से सरकार चलाएंगे। उन्होंने जेल से सरकार चलाने का बहाना बनाया था। बाहर आने के बाद उन्हें लगा कि इस तरह से काम नहीं चलेगा, नहीं तो उन्हें खुद ही हट जाना चाहिए। इसलिए उन्होंने अपना एक मोहरा बनाया और उसे दिल्ली का सीएम चुन लिया। अब लोगों के बीच उनका राजनीतिक निशाना यही होगा कि वो महिला हैं, पढ़ी-लिखी हैं, तो कम से कम दिल्ली को एक नया नेता तो मिल गया। अब उन्हें सहानुभूति मिलेगी।

# डूसू चुनाव : कॉलेजों के छात्र प्रतिनिधियों का मतपत्र से चुनाव होगा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय ने छात्रसंघ चुनाव के लिए कॉलेजों और विभागों को निर्देश जारी किया। इसमें कहा गया कि छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव मतपत्र से होगा। डूसू ने अपने सभी संबद्ध कॉलेजों, संस्थानों और विभागों को सूचित किया कि इस वर्ष केंद्रीय काउंसलर और कॉलेज यूनियन अध्यक्ष के चुनाव का प्रबंधन संबंधित कॉलेज, विभाग या संस्थान ही करेंगे। डूसू चुनाव कार्यालय ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) उपलब्ध कराने में असमर्थ है। डूसू के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर सत्यपाल सिंह की ओर से जारी नोटिफिकेशन में भी उल्लेख किया गया है कि चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित सुरक्षा धनराशि का निर्णय भी संबंधित कॉलेज, विभाग या संस्थान की ओर से ही लिया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार को कॉलेज कैंपस में अधिकतम चार समर्थकों के साथ प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। समर्थकों के पास डीयू का वैध परिचयपत्र होना अनिवार्य है। चुनाव प्रचार के दौरान कॉलेज संपत्ति की सुरक्षा के लिए कॉलेज प्रशासन से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन को एक चुनाव समिति गठित करने की भी सलाह दी गई है, जो चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेगी। अधिसूचना के बाद डूसू चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवार अब निर्धारित नियमों के तहत अपने प्रचार को आगे बढ़ा सकेंगे।

# नवीन तहसील भवन में न्यायालयों की स्थापना एवं अधिवक्ताओं के पक्के चैंबर्स शीघ्र बनें: सुरमित गुप्ता

प्रात: किरण संवाददाता



हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जनपद अमरोहा के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान, जलवायु परिवर्तन विभाग) के पी मलिक को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से तहसील हसनपुर के नवीन भवन परिसर में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि भवन के निर्माण हेतु जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा प्रेषित *प्राक्कलन एवं प्रस्ताव* की राजस्व विभाग एवं विधि विभाग से स्वीकृति एवं नवीन तहसील भवन हसनपुर में न्यायालयों एवं कार्यालयों एवं उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर के स्थापन एवं क्रियान्वयन कराने की मांग की है।बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि नवीन तहसील भवन परिसर में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि के बहुमंजिला भवन के निर्माण हेतु जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा प्रेषित *प्राक्कलन एवं प्रस्ताव* की राजस्व विभाग एवं विधि विभाग से स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए एवं शासन से उक्त भवन निर्माण हेतु बजट धनराशि भी शीघ्र जारी किया जाए।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन ने कहा नवीन तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर के स्थापन एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी शीघ्र की जाए।

माननीय मंत्री केपी सिंह मलिक द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को बार एसोसिएशन के ज्ञापन में दिए गए विषयों पर अवगत कराने एवं शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट,भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, बार उपाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट एवं विनोद त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# डीलर की विफलता के लिए कार कंपनी जिम्मेदार नहीं



नई दिल्ली। दिल्ली में राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एससीडीआरसी) ने हाल ही में एक कार कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि ग्राहक को कार देने में डीलर की विफलता के लिए कार निमार्ता जिम्मेदार नहीं था। मामले में एक डीलर ग्राहक को 3.32 लाख रुपये का प्राथमिक भुगतान कर कार बुक करने के बाद भी वाहन देने में विफल रहा। एससीडीआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सहगल और सदस्य जेपी अग्रवाल ने कहा कि कंपनी को डीलर के कदाचार या गैर-प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि ग्राहक और कार कंपनी के बीच कोई अनुबंध या समझौता नहीं था। राज्य आयोग ने अपने आदेश में यह भी पाया कि मुख्य कंपनी और डीलर के बीच कोई निमार्ता-डीलर समझौता नहीं था। आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि डीलर को निमार्ता का एजेंट नहीं माना जा सकता है और दोनों के बीच संबंध की तुलना प्रिंसिपल-टू-प्रिंसिपल रिश्ते से की जाती है।

## हत्या के 15 साल बाद बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने स्वरूप नगर इलाके में हुई हत्या के एक मामले में वांछित बदमाश को 15 साल बाद दबोचा है। पकड़े गए आरोपी को अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस से बचने के लिए वह अपना नाम-पता बदलकर रह रहा था। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी अहमद अली मूल रूप से बिहार के दरभंगा का रहने वाला है। वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल के हल्दिया में रह रहा था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक वर्ष 2009 में 26 अक्तूबर को शिकायतकर्ता मोहम्मद इशरार, मोहम्मद जुबेर और भोला शंकर स्वरूप नगर इलाके में मिठाई की दुकान के सामने मौजूद थे। इसी बीच आरोपी सफीजुल उर्फ केंटा, अहमद, जुबेर और मेहताब वहां आए और मोहम्मद जुबेर से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे। जब मोहम्मद जुबेर ने उन्हें बताया कि उसके पास पैसे नहीं हैं तो सफीजुल उर्फ केंटा, अहमद, जुबेर और मेहताब ने उसे पीटना शुरू कर दिया। अहमद, जुबेर और मेहताब ने उसे पकड़ लिया और सफीजुल उर्फ केंटा ने उस पर चाकू से वार कर बुरी तरह से घायल करने के बाद फरार हो गए थे।

# गैंगस्टर नंदू के निर्देश पर रेकी करने वाले तीन शूटर गिरफ्तार




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के निर्देश पर प्रॉपर्टी डीलर सहित अन्य कारोबारियों की रेकी करने वाले तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, डकैती सहित दो दर्जन से ज्यादा मामलों में शामिल होने का आरोप है। इनकी पहचान दीपक उर्फ दाऊद, शेखर उर्फ सोनू और सचिन छिकारा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दीपक और शेखर ने गैंगस्टर कपिल सांगवान के कहने पर उत्तम नगर, नजफगढ़ इलाके में जबरन वसूली के लिए प्रॉपर्टी डीलरों, दुकानों, शोरूम के मालिकों, ज्वैलर्स और अन्य व्यापारियों के कार्यालयों की रेकी की थी। जनकपुरी और द्वारका में जबरन वसूली के तौर पर राशि देने से इनकार करने पर इन्होंने गोलीबारी करके धमकी भी दी थी। जांच के क्रम में दीपक के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने इसे द्वारका सेक्टर-9 के पास से दबोच लिया। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी शेखर उर्फ सोनू ने गैंगस्टर कपिल सांगवान के कहने पर कई कारोबारियों की रेकी की थी।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि सिग्नल ऐप के जरिए कपिल सांगवान के साथ सचिन छिकारा लगातार संपर्क में था। आरोपी दीपक को बहादुरगढ़, हरियाणा के आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था। जेल में उसकी मुलाकात गैंगस्टर सचिन छिकारा से हुई थी। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने नंदू के निर्देश पर शूटर विकास उर्फ पीके और रोहित डागर के साथ मिलकर नजफगढ़ में अपने प्रतिद्वंद्वी रोशन उर्फ छोटा को गोली मार दी थी। आरोपी शेखर उर्फ सोनू को हरियाणा के गांव गडोली में हरियाणा पुलिस पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 2021 में उसने अपने साथी के साथ मिलकर झज्जर से एक स्विफ्ट कार लूटी थी। इसके बाद वह गैंगस्टर ज्योति उर्फ बाबा के संपर्क में आया और उसे दिल्ली के बिंदापुर इलाके में एक स्टोर पर गोलीबारी करने का निर्देश दिया। कुछ समय बाद शेखर को इस मामले में स्पेशल सेल ने गिरफ्तार कर लिया। जमानत पर बाहर आने के बाद वह साहिल उर्फ पोली के माध्यम से कपिल सांगवान उर्फ नंदू के संपर्क में आया। नंदू ने उसे दीपक से संपर्क करने का निर्देश दिया। आरोपी सचिन छिकारा बहादुरगढ़ का रहने वाला है। वह 2017 से मंडोली जेल में बंद है। वह अपने सहपाठी अमर उर्फ भोलू के माध्यम से कपिल सांगवान उर्फ नंदू से जुड़ा था। दिसंबर, 2015 में नंदू के जीजा की मंजीत महाल गैंग ने हत्या कर दी थी और बदला लेने के लिए नंदू और उसके साथियों के साथ मिलकर नफे सिंह उर्फ मंत्री के घर में घुसकर मंत्री के पिता, मां और पत्नी को गोली मार दी थी। 2015 में, उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव में धर्मेंद्र उर्फ माडू (मंत्री के सहयोगी) के भाई और पिता की दोहरी हत्या की थी।

# जनकपुरी SFS ब्लॉक की समस्याओं के निदान में स्थानीय विधायक का सहयोग अहम : आरडब्ल्यूए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पश्चिमी दिल्ली स्थित सी3 एसएफएस फ्लैट्स जनकपुरी के स्थानीय विधायक राजेश ऋषि का दौरा आपका विधायक आपके द्वार के तहत दोनों आरडब्ल्यूए की वर्षों से लंबित समस्याओं का जानने और उसका जल्द से जल्द निवारण करने के उद्देश्य से हुआ जिसमें ब्लॉक के सभी स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया तथा ब्लॉक की तमाम समस्याएं जिसमें बाहरी टूटी हुई दीवार, टूटी हुई नालियाँ, गलियां, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, कुड़ा घर से फैलने वाली दुर्गंध, विशालकाय पेड़ों की शाखाओं की कटाई के साथ पार्कों में बेंच झूले और सौंदर्यीकरण जैसी अनेकों प्रमुख समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया गया ! विधायक राजेश ऋषि ने कहा कि इस ब्लॉक में बहुत सारी समस्याएं जोकि मेरे संज्ञान में पहले से आई हुई है जिसके लिए उन्होंने आश्वस्त किया कि हम जल्द विभागीय अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाने का संकल्प लेते हैं ।

वार्ड संख्या 104 के अध्यक्ष राजीव विज ने कहा कि एसएफएस फ्लैट्स में हमने देखा है कि आप सभी आवासीय परिवारों को जिस तरह से परेशानी सहनी पड़ रही थी अब इस ब्लॉक की कई समस्याओं का निजात विधायक राजेश ऋषि के अतुल्य प्रयास और सहयोग द्वारा जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाये जायेंगे।

आरडब्ल्यूए संरक्षक सत्या नारायण पोद्दार ने कहा की हमारा ब्लॉक डीडीए द्वारा आज से 40 वर्ष पूर्व बनाया गया है जो डीडीए के फ्लैट्स में जो सुविधा हमें मिलनी चाहिए थी उस से हम सभी वंचित रहे है, हमारे ब्लॉक की सड़कें, सीवर लाइन, बाउंड्री वॉल तथा बरसात की नालियों एवं पार्क की सफाई तक का काम समय पर नहीं होती यहां तक कि स्ट्रीट लाइट के खंबों की नंगी तारों का डर बच्चों को बाहर नहीं निकलने देती है जिसकी वजह से हम सभी बहुत परेशानी में जी रहे है। विधायक राजेश ऋषि ने हमारे ब्लॉक में आरडब्ल्यूए से साथ बैठक कर हमारी समस्या को समझा है और आश्वाशन दिया है जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलवाएंगे।

इस बैठक में, संरक्षक सुमित बत्रा, अध्यक्ष संजय पोद्दार, महासचिव प्रिया चंडोक, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक सचदेवा, दीपक सूद, सी पी वर्मा, जया जोसफ, अधिवक्ता आशीष और लक्ष्य के अलावा अन्य निवासी शामिल हुए।

# चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा पाठ एवं भण्डारा का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर।भगवान विश्वकर्मा का दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इसी अवसर पर चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ की गयी। भगवान विश्वकर्मा शिल्प कला के देवता माने जाते हैं और उन्ही के आशीर्वाद से निर्माण किया जाता है। आज के दिन की यह मान्यता है कि कारखानो में मशीनो एवं औजारो की पूजा की जाती है।इसी क्रम में आज चीनी मिल चन्दनपुर के वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई एवं भगवान की पूजा अर्चना प्रातः 10.30 बजे प्रारम्भ हुई और 01.30 बजे समाप्त हुई। कारखाने में स्थित मुख्य-मुख्य मशीनो एवं औजारो की भी पूजा की गई उसके पश्चात हवन हुआ और आरती की गई एवं कारखाने में फल एवं प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। पूजा के मुख्यपंडित श्री कृष्णा शास्त्री एवं पंडित गोविन्द शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा जी ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा एवं हवन कराया। पूजा हवन की समाप्ति के पश्चात गन्ना कार्यालय में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया।पूजा हवन के बाद उपाध्यक्ष महोदय द्वारा चीनी मिल को शीघ्र ही चलाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं और कृषक भाईयों से अपील की कि सभी किसान भाई अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल में डाले और अधिक से अधिक बेसिक कोटा बनायें। कोल्हू/क्रेशर पर अपना गन्ना डालकर बेसिक कोटा खराब न करें।चीनी मिल के सभी लोगो ने एवं आस-पास के लोगो द्वारा प्रसाद एवं आशीर्वाद गृहण किया। इस अवसर पर चीनी मिल के समस्त अधिकारी टी.सी. रजौरिया महाप्रबन्धक (उत्पादन), आर.एस. सहरावत, महाप्रबन्धक (गन्ना), रवि गुप्ता, महाप्रबन्धक (तकनीकि), संजय कुमार जायसवाल, उप महाप्रबन्धक (वित्त), अमेज कुमार सिंह, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), उदयवीर सिंह, ए.के. तिवारी, बाबूराम सैनी, सुरेश शर्मा, अभयप्रताप सिंह, बिपिन मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, संजीव मलिक एवं समस्त चीनी मिल स्टाफ इत्यादि मौजूद थे। अन्त में पूजा समाप्ति के पश्चात विश्वकर्मा जी मूर्ति को विसर्जन करने से पहले पूरी मिल में पूर्ण हर्षोल्लास एवं बैंड बाजे के साथ घुमाया गया तदोपरान्त मूर्ति विसर्जन किया गया।

## लूट का विरोध करने पर चापड़ मार घायल किया, गिरफ्तार

नई दिल्ली। कापसहेड़ा इलाके में 12 सितंबर को लूट का विरोध करने पर एक बदमाश ने पीड़ित की गर्दन पर चापड़ से वार कर घायल कर दिया। आरोपी वारदात के बाद पीड़ित का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने आरोपी सुनील किशोर उर्फ काली को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल चापड़ बरामद किया गया है। आरोपी पर पहले से चोरी, डकैती सहित एक दर्जन के मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 12 सितंबर को भिखारी राय ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 11 सितंबर की रात को सब्जी खरीदकर घर जा रहा था। उसे चौथी पुलिया, नाला रोड पर एक बदमाश ने रोका और उसका मोबाइल लूटने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने चापड़ से उसकी गर्दन पर वार कर दिया। इससे भिखारी राय गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया और आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसएचओ नवीन कुमार, एसआई दीपक लॉयल, एएसआई महेंद्र की टीम ने आरोपी सुनील किशोर की पहचान कर उसे नाला रोड दूसरी पुलिया से गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 18 सितंबर, 2024

## केजरीवाल के इस्तीफे का दुख, मुझे सीएम पद की बधाई मत दीजिए : आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अगर आज मैं किसी और पार्टी में होती, तो मुझे शायद चुनाव लड़ने के लिए भी टिकट नहीं मिलता। लेकिन, मुझे अरविंद केजरीवाल ने एक फर्स्ट टाइम पॉलिटिशियन होने के बावजूद भी मुख्यमंत्री की कमान सौंपने का फैसला किया है।

आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा, भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए हैं। उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया। अपनी पूरी एजेंसियों को उनके पीछे छोड़ दिया है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दी। कोर्ट ने यहां तक टिप्पणी की है कि सीबीआई पिंजरे में बंद तोते के समान है। जेल से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने वो किया है, जो दुनिया का कोई भी मुख्यमंत्री नहीं कर सकता है। शीर्ष अदालत से जमानत मिलने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। यह त्याग भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया का कोई भी नेता नहीं कर सकता है।

आतिशी ने कहा, मुझे एक बुजुर्ग महिला मिली और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे इस बात का दुख है कि केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। बुजुर्ग महिला ने कहा कि मैं अपने बेटे को फिर से मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती हूं। मेरे बेटे (केजरीवाल) को बार-बार परेशान किया जा रहा है। लेकिन, दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल की अहमियत को समझती है। दिल्ली की जनता को भली भांति पता है कि अगर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, तो यहां लोगों को मिलने वाली सभी सुविधाएं बंद हो जाएंगी। उन्हें बस में फ्री सेवा, फ्री स्वास्थ्य सुविधा, फ्री शिक्षा नहीं मिल पाएगी। भाजपा की 22 राज्यों में सरकार है, लेकिन अभी तक वो किसी भी राज्य में इस तरह की सुविधा नहीं दे पा रही है।

आतिशी ने आगे कहा, मुझे पता है कि भाजपा दिल्ली की जनता को मिल रही सभी सुविधाओं से वंचित रखना चाहती है। भाजपा दिल्ली की जनता को अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा मिलने से रोकना चाहती है। ये लोग नहीं चाहते हैं कि दिल्ली की जनता को मुफ्त शिक्षा मिले। मैं चुनाव होने तक सीएम की कुर्सी पर काबिज हूं।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, आप लोग मेहरबानी करके मुझे बधाई मत दीजिए। केजरीवाल मेरे गुरु हैं, उन्होंने मुझे विधायक, मंत्री और अब मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है, लेकिन आज मैं बहुत दुखी है कि मेरे बड़े भाई अपने पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सीएम आवास पर विधायक दल की बैठक में आतिशी को मुख्यमंत्री की कमान सौंपे जाने का फैसला सर्वसम्मति से किया गया। आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होने वाली तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। इससे पहले, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित भी सीएम पद पर रह चुकी थीं।

सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति मामले में जमानत मिलने के बाद सीएम केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने नवंबर में ही चुनाव कराए जाने की मांग की थी।

## सीलमपुर में हुई लगातार लूट के अभियुक्त पकड़े गए

नई दिल्ली संवाददाता



बीते दिन सीलमपुर के अंदर लगातार हुई वारदात के अभियुक्त को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है

ज्ञात हो कि सीलमपुर के सोम होटल बीकानेर व अन्य एक ढाबे पर लूटपाट करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है सीलमपुर मार्केट एसोसिएशन को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने गंभीरता से इस मुद्दे को उठाया यहाँ तक की मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने बोल दिया कि यदि अभियुक्तो की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम बाजार को बंद कर देंगे वही सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष सतीश गर्ग ने इलाके में हो रही रोजमर्रा की वारदातों पर पुलिस को अवगत कराया और इसका कड़ा विरोध भी किया सीलमपुर थाना अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया है कि पुलिस की पेट्रोलिंग नियमित रूप से की जाएगी और इन सभी वारदात पर अंकुश लाना लगाने के लिए सतर्कता बरती जाएगी मीडिया में इस मुद्दे को इस वारदात कों वह सीसीटीवी फुटेज आने के बाद आनन - फानन में कार्रवाई की गई

## दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट की टिकट बिक्री में धोखाधड़ी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की चेतावनी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



मशहूर अभिनेता और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ अक्सर अपनी फिल्मों और गानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। दिलजीत जितने टैलेंटेड है, उतनी ही तगड़ी उनकी फैन फॉलोइंग भी है। हाल ही में, दिलजीत दोसांझ ने अपने दिल-लुमिनाती टूर के लिए कुल 10 शहरों को चुना है। जिसमें से एक दिल्ली भी है।

कथित तौर पर, दिलजीत के कॉन्सर्ट की सारी टिकटे बिक चुकी है। लेकिन इसके बावजूद टिकट के लिए लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। इसके चलते कॉन्सर्ट से पहले दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी के बीच उनके प्रशंसकों के लिए चेतावनी जारी की है।कॉन्सर्ट टिकटों की कीमतें

दिल्ली में दिलजीत दोसांझ के आगामी कॉन्सर्ट को देखने के लिए फैन्स दीवाने हुए जा रहे है। वहीं, दिलजीत के कॉन्सर्ट के प्री-सेल के दौरान टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं। जिससे कई फैन्स निराश हो गए। उनके मैनेजर ने खुलासा किया कि टिकटों को ऊंची कीमतों पर फिर से बेचने का चलन चल रहा है।

दिल्ली पुलिस ने दी चेतावनी

कॉन्सर्ट से पहले दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी के बीच उनके फैन्स के लिए चेतावनी जारी की है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक हैंडल ने इंस्टाग्राम पर चेतावनी की एक क्लिप साझा की। उन्होंने फैन्स से दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के लिए नकली टिकट खरीदने वाले जालसाजों के बीच गलत लिंक से दूर रहने की चेतावनी दी है।

दिल्ली पुलिस की हो रही है तारीफ

पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ह्यगाना सुनने के चक्कर में टिकट के लिए गलत लिंक पर पैसे देकर अपना बैंड ना बजाना। दिल्ली पुलिस के इस पोस्ट से फैन्स बहुत खुश है। दिल्ली पुलिस की तारीफ से ही पूरा कमेंट बॉक्स भर गया है। एक कमेंट आया, ह्यदिल्ली पुलिस बहुत मस्त है। एक ने लिखा, डीपी सबसे आगे।

दिल्ली पुलिस के इस पोस्ट के बाद दिलजीत दोसांझ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। उन्होंने दिल्ली पुलिस का पोस्ट शेयर कर फैंस से फ्रॉड करने वालों को लेकर जागरूक रहने को भी कहा है।

## केजरीवाल को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना आतिशी की जिम्मेदारी : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार में मंत्री व आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी की दो मुख्य जिम्मेदारियां होगी। पहली जिम्मेदारी अरविंद केजरीवाल को दोबारा दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है। वहीं दूसरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार द्वारा दी जाने वाली फ्री बिजली-पानी और अस्पताल जैसी सुविधाओं को बरकरार रखना होगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आतिशी की इन दोनों जिम्मेदारियां की जानकारी दी। मनीष सिसोदिया ने कहा कि एक बहुत ही घिनौना राजनीतिक षड्यंत्र रचकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेताओं के ऊपर झूठे आरोप लगाए गए हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल भेजा गया, ईमानदारी पर सवाल उठाए गए व सरकार तोड़ने की कोशिश की गई।

सिसोदिया ने कहा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिलेरी के साथ मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और जनता की अदालत में जाने का ऐलान किया है। चुनाव तक दिल्ली के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी आज आतिशी को दी गई है। उनके हिस्से में आज मुख्यत दो काम है, पहला- दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे से और पीएम मोदी के षड्यंत्र से बेहद आहत है। कई लोग रो रहे हैं और वो चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल वापस सीएम बने। आतिशी को दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर अरविंद केजरीवाल को दोबारा दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है।

उन्होंने आगे कहा, अगले कुछ महीनों में दिल्ली की जनता को परेशान करने के लिए भाजपा, केजरीवाल द्वारा दी गई सुविधाओं को खत्म करने की पूरी कोशिश करेगी। फ्री बिजली बंद करने की कोशिश करेगी। स्कूल-अस्पतालों को खराब करने की कोशिश करेगी। फ्री दवाई बंद करने की कोशिश करेगी। नालों व सीवर सफाई का काम बंद करने की कोशिश करेगी। आतिशी की यह जिम्मेदारी है कि वह भाजपा के इस आतंक से दिल्ली की जनता की रक्षा करेंगी। मुझे पूरा यकीन है कि आतिशी इन कठिन जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगी। मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आतिशी के साथ हैं।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के रूप में आतिशी को चुन लिया है। सर्वसम्मति से विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम पर मुहर लगाई गई। आतिशी के नाम का प्रस्ताव अरविंद केजरीवाल ने दिया था। जिस पर सभी ने सर्वसम्मति दी है। इसके बाद आतिशी ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने और भरोसा जताने के लिए वह अपने नेता और राजनीतिक गुरु अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करती हैं।आतिशी ने कहा कि उनके जैसे आम कार्यकर्ता को विधायक, मंत्री और अब मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलना केवल आम आदमी पार्टी में ही संभव है। उन्होंने कहा है कि आज इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की मुझे खुशी तो हो रही है, लेकिन मुझे इससे ज्यादा दुख यह हो रहा है कि मेरे बड़े भाई और गुरु अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दे रहे हैं।

## मालीवाल में जरा भी शर्म है तो राज्यसभा से इस्तीफा दे : आप

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दल की बैठक में आतिशी को दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री चुना गया है। इसके बाद राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर तल्ख टिप्पणी की। आप ने वरिष्ठ नेता आतिशी पर टिप्पणी के बाद राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से इस्तीफा मांगा है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा, आप द्वारा राज्यसभा भेजे जाने के बावजूद मालीवाल भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ती हैं। उन्होंने आगे कहा, स्वाति मालीवाल आप से राज्यसभा का टिकट लेती हैं, लेकिन भाजपा से प्रतिक्रिया की स्क्रिप्ट लेती हैं। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म है, तो उन्हें राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और भाजपा के टिकट पर राज्यसभा का रास्ता चुनना चाहिए। अगर उन्हें राज्यसभा में रहना है तो उन्हें भाजपा से टिकट लेना चाहिए। इस्तीफे की मांग से स्वाति मालीवाल और आम आदमी पार्टी के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

पिछले दिनों मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। मालीवाल ने आतिशी को सीएम चुने जाने पर दिल्ली के लिए दुखद दिन बताते हुए दावा किया कि उनके माता-पिता ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी से बचाने की कोशिश की थी। मालीवाल ने एक्स पर ट्वीट कर कहा, आज दिल्ली के लिए बहुत दुखद दिन है। आज एक ऐसी महिला को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, जिसके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी से बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उसके माता-पिता ने आतंकवादी अफजल गुरु को बचाने के लिए माननीय राष्ट्रपति को दया याचिका लिखी थी।

### हत्या के मामले में 31 वर्षों से फरार बदमाश को दबोचा



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नरेला में हुई एक हत्या के मामले में 31 वर्षों से फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 1993 में परिवार के कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नरेला निवासी बाबू लाल ने शिकायत दी थी। बाबू लाल ने बताया कि मुन्नीलाल, दयाराम और प्रेम उसकी बहन की शादी उत्तर प्रदेश के भिड़ौरा में करने का दबाव बना रहे थे। जब बाबू लाल के पिता शंभू दयाल ने मना कर दिया तो आरोपी उसके घर पर 17 सितंबर, 1993 को पहुंचे और मारपीट की। अगले दिन शंभू दयाल का शव झुग्गी के पास मिला। जांच के दौरान आरोपी मुन्नीलाल, दया राम और प्रेम को 1994 में भगोड़ा घोषित किया गया था। जांच के क्रम में क्राइम ब्रांच को दया राम के बारे में जानकारी मिली और उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी दया राम ने बताया कि शंभू दयाल की हत्या के बाद वह अपने गांव से फरार हो गया था।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ हुआ भगवान श्री गणेश मूर्ति का विसर्जन

प्रातः किरण संवाददाता



स्योहारा। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ,के गगनभेदी जयकारों के बीच रामगंगा नदी बेरखेडा घाट पर घरों और पंडालों मे 10 दिनों से विराजमान गणपति श्री गणेश का विसर्जन श्रद्धा के साथ उत्साहपूर्वक और धूमधाम से किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश प्रतिमा को पूरे वर्ष देश की उन्नति के साथ अपने परिवारों पर कृपा बनाये रखने की प्रार्थना के साथ विदा किया। इस बार बड़ा बाजार, शिवालय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,शिव मंदिर, पटवारियान मंदिर, शुगरमिल कालोनी, शिवमूर्ति, बंसतगढ,जोशियां न ,रियासत,व प्रजापति समाज आदि सहित कई जगह श्री गणपति प्रतिमा स्थापित की गई थी।इन मूर्तियों को झांकी और जुलूस की शक्ल में अपने निर्धारित स्थान शिव मार्केट से राम गंगा घाट पर ले जाया गया इसके बाद पूर्ण श्रद्धा के साथ भगवान गणेश को विसर्जित किया गया। बैरखेड़ा राम गंगा घाट पर ही हर साल की तरह इस साल भी प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओ और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।शोभायात्रा से पहले शिवाजी मार्किट में गणेश महोत्सव कमेटी की ओर से पत्रकार अमीन अहमद व अन्य पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा,प्रियंकर राणा, व्यापारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख उज्वल ,मुकेश रस्तोगी,रजत उर्फ शेंकी रस्तोगी, डा राज बहादुर शर्मा,श्वेत रस्तोगी,मोहित रस्तोगी, चौहान,व्यापारी नेता ,मनोज छाबड़ा,मोहित रस्तोगी,, पीयूष रस्तोगी,पंकुल रस्तोगी, नीलू रस्तोगी,सनी रस्तोगी,पिंकी रस्तोगी, डा सौरभ वर्मा,अभी रस्तीगी,अंकित रस्तोगी, मुकुल रस्तोगी, आशु टाइगर,सागर रस्तोगी,,शिवमोहन सहित सेकड़ो लोग मोजूद रहे।इस पूरे गणेश महोत्सव विसर्जन कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष धीरज सिंह नागर के नेतृत्व में कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स चौकन्ना रहते हुए मौजूद रही।

## आतंकवादी अफजल गुरु को बचाने की लड़ाई लड़ने वाले परिवार की महिला को मुख्यमंत्री बनाना दुखद



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री चुने जाने जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री एक ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी से बचाने की लंबी लड़ाई लड़ी।

सुश्री मालीवाल ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री एक ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी से बचाने की लंबी लड़ाई लड़ी। उनके माता पिता ने आतंकी अफजल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को दया याचिकाऐं लिखी। उनके हिसाब से अफजल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साज़िश के तहत फँसाया गया था।

उन्होंने कहा वैसे तो आतिशी मालेर्ना सिर्फ. डमी मुख्यमंत्री है, फिर भी यह मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे ! उल्लेखनीय है कि आतिशी को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में नेता चुनी गई और वह दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी।

### दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर ओवरहेड उपकरण की समस्या के कारण सेवाएं प्रभावित



नई दिल्ली मेट्रो के पुलबंगश और प्रताप नगर स्टेशनों के बीच ओवरहेड उपकरण की समस्या के कारण मंगलवार को दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन के एक हिस्से पर सेवाएं प्रभावित रहीं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की रेड लाइन दिल्ली के रिठाला को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से जोड़ती है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में डीएमआरसी ने कहा, पुलबंगश से प्रताप नगर तक सेवाओं में देरी हुई। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य रहीं।

## निपाह वायरस से 24 वर्षीय छात्र की मौत, केरल ने आईसीएमआर से मांगी मदद




नई दिल्ली । केरल के मलप्पुरम जिले में 24 वर्षीय छात्र की निपाह वायरस के संक्रमण के चलते मौत हो गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने तुरंत अलर्ट जारी कर दिया है। केरल सरकार ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से मदद मांगी है।

मंगलवार को केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मीडिया को बताया कि मलप्पुरम में एक छात्र की मौत निपाह वायरस के कारण हुई थी। इस व्यक्ति के 175 संपर्कों में से 26 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। 26 में से 13 व्यक्तियों के घर की निगरानी शुरू कर दी गई है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए हैं कि संक्रमित पाए गए लोगों के लिए अलग-अलग स्थान हैं। हमने आईसीएमआर से मदद के लिए अनुरोध किया है।

संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन ने कई अहम कदम उठाए हैं और स्थानीय क्षेत्रों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। नागरिकों से मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन सेंटर, मदरसे, आंगनवाड़ी और सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया है।

क्या हैं निपाह वायरस के लक्षण

निपाह वायरस चमगादड़ों के माध्यम से फैलता है। संक्रमित चमगादड़ों के मलमूत्र के संपर्क में आने से लोग निपाह वायरस से संक्रमित हो सकते हैं। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, कमजोरी और थकान, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी और दस्त, भ्रम और मानसिक स्थिति में परिवर्तन शामिल हैं।

## टेंपो की चपेट में आने से पांच साल के बच्चे की मौत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार ऑटो की चपेट में आने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। अशोक विहार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान कार्तिक के तौर पर हुई है। कार्तिक अपने परिवार के साथ उधम सिंह पार्क वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में रहता था। बच्चे के पिता सुरजीत फैक्टरी में काम करते हैं। बताया जाता है कि बच्चा दोपहर में गली से दौड़ता हुआ सड़क पर आ गया। इस दौरान एक तेज रफ्तार मालवाहक टेंपो गुजर रहा था। इसकी चपेट में आने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद टेंपो चालक नीरज ने वाहन को रोका और राहगीर की बाइक से घायल बच्चे को स्थानीय अस्पताल ले गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## आईआईटी दिल्ली और क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम के लिए साथ आए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




ऑस्ट्रेलिया की क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली एक संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम के लिए साथ आए हैं। दोनों विश्व की अग्रणी शिक्षण संस्थान, आईआईटी दिल्ली स्थित दिल्ली रिसर्च अकादमी के माध्यम से संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम छात्रों को ऑफर कर रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली के मुताबिक, यह संयुक्त (ज्वाइंट) पीएचडी कार्यक्रम जनवरी 2025 से शुरू होगा। संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

दिल्ली रिसर्च अकादमी के अनुसार विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, स्वास्थ्य देखभाल, मानविकी, सामाजिक विज्ञान की पृष्ठभूमि वाले असाधारण उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के साथ आयोजित किए जा रहे इस संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 3 अक्टूबर है।

आईआईटी दिल्ली ने मंगलवार को बताया कि पीएचडी कार्यक्रम के तहत दाखिला लेने वाले छात्र दोनों विश्व स्तरीय संस्थानों में समय बिताएंगे। कार्यक्रम के सफल समापन पर छात्रों को दोनों विश्वविद्यालयों से संयुक्त रूप से सम्मानित डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री प्राप्त होगी।

रिसर्च अकादमी का कहना है कि वह पीएचडी के लिए अपने छात्रों को एक उदार फेलोशिप, रिसर्च ट्रैवल ग्रांट और एक से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण में सपोर्ट करता है। इस नए कार्यक्रम से भारतीय छात्रों को दोनों संस्थानों की शैक्षणिक सुविधाओं और संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होगी।

गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति इस प्रकार की संयुक्त पीएचडी कार्यक्रमों का समर्थन करती है। यूजीसी की नीतियों और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में इस प्रकार के व्यापक प्रावधान हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में मेधावी छात्रों को उनकी मेरिट के आधार पर स्कॉलरशिप देने का प्रावधान भी किया जा रहा है।

लंबे इंतजार के बाद यूजीसी ने भारत में विदेशी कैंपस स्थापित करने का रास्ता भी खोल दिया है। यह निर्णय यूजीसी काउंसिल की बैठक में लिया जा चुका है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फॉरेन यूनिवर्सिटीज के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े रेगुलेशन भी लाए हैं। यूजीसी के मुताबिक, यह रेगुलेशन भारतीय छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और इंग्लैंड समेत विभिन्न राष्ट्रों के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भारत में कैंपस स्थापित करने को लेकर रुचि दिखाई है। ऑस्ट्रेलिया की क्वींसलैंड विश्वविद्यालय और आईआईटी-दिल्ली ने इससे पहले भी एक साझेदारी के तहत संयुक्त पीएचडी प्रोग्राम शुरू किया है।

क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी और आईआईटी दिल्ली की ज्वाइंट (संयुक्त) पीएचडी में सौ से ज्यादा छात्रों ने दाखिला लिया था। इस पीएचडी कार्यक्रम के तहत भारतीय छात्र तीन साल भारत और कम से कम एक साल क्वींसलैंड विश्वविद्यालय में बिताएंगे। जबकि, क्वींसलैंड के छात्र तीन साल ऑस्ट्रेलिया और एक साल आईआईटी दिल्ली में बिताएंगे।

### डूसू ऑफिस के पास से हटाई गई आंबेडकर की प्रतिमा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के निवर्तमान अध्यक्ष तुषार डेढ़ा की ओर से लगाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को डूसू ऑफिस के निकट से हटा दिया गया है। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि यह जमीन पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में है और बिना अनुमति के यहां पर प्रतिमा स्थापित की गई थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बयान जारी कर कहा है कि दिल्ली सरकार की ओर से डूसू कार्यालय के बाहर स्थापित डॉ आंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने से विद्यार्थी समुदाय आहत है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन सौंपकर दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के परिसर में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने तथा संविधान पार्क के निर्माण की मांग की है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रतिवर्ष बाबा साहब आंबेडकर की पुण्यतिथि छह दिसंबर को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती है।

## नाइजीरिया अपनी सेना के लिए भारत से खरीदेगा चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नाइजीरिया अपनी सेना के लिए भारत से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच)प्रचंड खरीदने को तैयार है। नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की रोटरी विंग अकादमी में ध्रुव हेलीकॉप्टरों पर अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इस सौदे के बारे में नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा पूरी हो चुकी है और जल्द ही एक समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

नाइजीरिया को अपने सैन्य अभियानों के लिए 12 ट्विन-इंजन अटैक हेलीकॉप्टरों की तलाश है। इसके लिए नाइजीरिया ने एचएएल, एयरबस और तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज सहित कई वैश्विक कंपनियों के हेलीकॉप्टरों का मूल्यांकन किया है। इसके बाद नाइजीरियाई सेना ने एलसीएच प्रचंड खरीदने में दिलचस्पी इसकी मारक क्षमता और आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने की वजह से दिखाई है। एचएएल का एलसीएच प्रचंड अपनी बहुमुखी प्रतिभा और सिद्ध प्रदर्शन के लिए सबसे अलग है। नए हेलीकॉप्टर खरीदने के अलावा एचएएल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से नाइजीरियाई सेना का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि एचएएल और नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा पूरी होने के बाद जल्द ही एक समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। नाइजीरिया क्रेडिट व्यवस्था के जरिए भारत से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) ह्यप्रचंडह्ण खरीदने वाला पहला देश है। यह सौदा अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारी में एक मील का पत्थर है, जो अपनी हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नाइजीरिया की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने रोटरी विंग अकादमी में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। यह प्रशिक्षण उन्हें उन्नत एलसीएच के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण रहा है। एलसीएच प्रचंड उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव का एक प्रकार है, जिसमें स्टेल्थ प्रौद्योगिकी, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली और दुर्घटना-प्रतिरोधी लैंडिंग गियर सहित कई उन्नत विशेषताएं हैं। ये विशेषताएं युद्ध परिदृश्यों में हेलीकॉप्टर की क्षमता बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई हैं। यह हेलीकॉप्टर लड़ाकू खोज और बचाव, दुश्मन से हवाई सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसी विभिन्न भूमिकाओं के लिए उपयुक्त है। यह हेलीकॉप्टर उच्च-ऊंचाई और जंगल के वातावरण में उत्कृष्ट है और धीमी गति से चलने वाले विमानों और दूर से संचालित वाहनों के खिलाफ प्रभावी है। इसका डिजाइन अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करता है, जिसमें एक ग्लास कॉकपिट और कम्पोजिट एयरफ्रेम शामिल है, जो स्वदेशी नवाचार और आधुनिक लड़ाकू जरूरतों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## सीएम योगी ने बारिश के बीच नमो प्लॉगेथॉन को हरी झंडी दिखाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बारिश के बीच स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया। इसके तहत सीएम ने नमो प्लॉगेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वॉलंटियर्स को भी रवाना किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर यह आयोजन किया गया। सीएम योगी ने स्वच्छता का संदेश देते हुए झोला व स्वच्छता ही सेवा टी-शर्ट भी लोगों को भेंट किया। नमो प्लॉगेथॉन के तहत सैकड़ों वॉलंटियर्स तेज बारिश के बीच जुबां पर भारत मां की जय, वंदे मातरम और हाथों में छाता लिए रैली में शामिल हुए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। पीएम मोदी आज 74 साल के हो गए हैं। पीएम मोदी के भारत के 14वें प्रधानमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसी के साथ मोदी ने केंद्र में लगातार दो बार बहुमत के साथ गैर-कांग्रेसी सरकार बनाकर भारत की राजनीति में एक बड़ी लकीर खींची है। साल 2024 में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके जन्मदिन के मौके पर भाजपा समेत राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य जानी मानी हस्तियों ने शुभकामनाएं दीं।

## यादव की स्वच्छता को स्वभाव में शामिल करने की अपील

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राज्य में शुरू हो रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के बीच प्रदेश के नागरिकों से स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करने की अपील की है। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, स्वच्छता ही सेवा - 2024 अभियान, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। आइये, हम सभी अपने स्वभाव एवं संस्कारों में स्वच्छता को अपनाकर माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साधने में अपनी भूमिका निभाएं व देश-प्रदेश को स्वच्छ बनाएं।

## फिरोजाबाद में सुबह टहलने निकले भाजपा पार्षद को बदमाशों ने गोली मारी, हालत गंभीर

फिरोजाबाद जिले में लाइनपार थाना क्षेत्र इलाके में मंगलवार तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। भाजपा पार्षद को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने भी घटना की पूरी जानकारी ली है। पुलिस ने घटना के संबंध में लोगों और परिजनों से पूछताछ की है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है। लाइनपार थाना क्षेत्र के लेबर कॉलोनी निवासी अलीम उर्फ भोला नगर निगम के वार्ड संख्या 48 से भाजपा के पार्षद हैं। भाजपा पार्षद भोला आज सुबह टहलने निकले थे। जब लेबर कॉलोनी के ओवरब्रिज पर वह पहुंचे तो इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी और फरार हो गए। गोली लगने के कारण वह रोड पर गिर गए। वहीं पार्षद के बेटे आबिद ने बताया कि उनके पिता रोजाना टहलने के लिए जाते हैं। कुछ लोग हमारे घर पहुंचे और उन्होंने बताया कि पार्षद अलीम गंभीर हालत में जमीन पर पड़े हैं। इसके बाद हम मौके पर पहुंचे तो हमने उन्हें गंभीर हालत में पाया। उनके एक गोली पैर और दूसरी कमर के पास लगी है। हमलावर कौन हैं, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि अलीम सुबह टहलने के लिए निकले थे। मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## केरल : यूएई से भारत लौट व्यक्ति में एमपॉक्स के लक्षण होने का संदेह, निगरानी में रखा गया

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आए 38 वर्षीय व्यक्ति को एमपॉक्स के संदेह में निगरानी में रखा गया है। केरल के एडवाना का यह व्यक्ति पिछले सप्ताह यूएई से आया था। कुछ दिनों बाद व्यक्ति के शरीर पर चकत्ते बन गए और उसे बुखार भी हो गया। व्यक्ति को सोमवार को मंजेरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसे आइसोलेट कर दिया गया है। अब व्यक्ति के नमूने जांच के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट का इंतजार है। मरीज का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि व्यक्ति का बुखार कम हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि व्यक्ति को आइसोलेट कर दिया गया है।हम संदिग्ध एमपॉक्स मामले के नमूने की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। वीना जॉर्ज, मलप्पुरम में अधिकारियों के समन्वय की देखरेख कर रही हैं, क्योंकि जिले के एक 23 वर्षीय छात्र की पिछले सोमवार को मौत हो गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही उसके नमूने में निपाह वायरस की पुष्टि हुई थी। वीना जॉर्ज ने कहा, निपाह वायरस से मरने वाले छात्र के 175 संपर्कों की पहचान की गई है। 13 नमूनों की जांच नेगेटिव आई है। 26 लोग सबसे ज्यादा जोखिम वाली श्रेणी में हैं। इस श्रेणी के लिए 7 से 9 दिन महत्वपूर्ण हैं और उन सभी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अभी तक, चिंता की कोई बात नहीं है। एक सर्वे चल रहा है और मृतक की कॉल डिटेल के आधार पर रूट मैप तैयार है और सभी चीजों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा, जॉर्ज ने कहा, इन्क्यूबेशन (संक्रमण) की अवधि 21 दिन है, लेकिन केरल में हमने अधिक सावधानी बरती है और इसे दोगुना कर दिया है।

## दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया

दिल्ली-एनसीआर में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। साथ ही पारे में भी गिरावट दर्ज की गई है। इसके बाद अभी दो से तीन दिनों से बारिश रुकी हुई है और जनजीवन सामान्य रूप से चल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है और तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि, एनसीआर में बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से निजात तो मिल रही है, लेकिन जलभराव और अन्य कारणों से उनकी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। बारिश के बाद सड़कों का हाल बुरा हो जाता है। लोगों को घंटो ट्रैफिक समस्या से जूझना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 सितंबर को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहेगा। 18 सितंबर को अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहेगा। वहीं 19 सितंबर को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक बना रहेगा। 15 सितंबर को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की उम्मीद है। गौरतलब है कि तेज बारिश के चलते एनसीआर में जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों का बुरा हाल हो जाता है। दिल्ली और नोएडा में लोग लंबे-लंबे जाम से जूझते दिखाई देते हैं।

## राहुल गांधी पर बयानों को लेकर कांग्रेस आज कराएगी मामला दर्ज

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं के कथित आपत्तिजनक बयानों को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज समूचे राज्य मं कांग्रेस कार्यकताओं से पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने की अपील की है। श्री पटवारी ने कल देर रात एक्स पोस्ट में कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे और संरक्षण मं जननायक राहुल गांधी जी पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह जैसे भाजपा नेता आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं, उसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। जिनके पिता राजीव गांधी जी ने देश के लिए बलिदान दिया! जिनकी दादी इंदिरा गांधी जी ने देश के लिए शहादत दी! देशभक्ति जिनकी रगों में रक्त बनकर बहती है! देश का ऐसा वीर सपूत जो तोड़ने नहीं, देश को जोड़ने की यात्रा करता है! ऐसे व्यक्तित्व पर टिप्पणी भाजपा के गिरते स्तर का प्रमाण है! उन्होंने कहा कि वे प्रदेश कांग्रेस के कार्यकताओं से अनुरोध कर रहे हैं कि वे 17 सितंबर को बड़ी संख्या में एकत्रित हों और आपत्तिजनक बयानों के लिए तहसील स्तर पर एफआईआर दर्ज करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे भी भोपाल में भाजपा नेताओं के आपत्तिजनक बयान के विरोध में मुकदमा दर्ज करवाएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पटना में रक्तदान का आयोजन

पटना, एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना में भाजपा नेताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने भी रक्त दान किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, ह्लपूरी दुनिया में भारत का डंका अगर बजाने वाला कोई है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पीएम मोदी ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी भारत माता के सम्मान के लिए पूरी दुनिया में काम कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि हमारी भारत माता की धरती पर ही कश्मीर में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान थे। आपके घर, जमीन पर कोई कब्जा करके झंडा फहराए और बोले हम ही मालिक हैं तो इसे कोई सहन नहीं कर सकता है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के कारण पिछले 75 वर्षों से अनुच्छेद 370 कश्मीर में था। नरेंद्र मोदी की सरकार ने आते ही देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का अंत कर दिया। यही नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। पूरी दुनिया में भारत का सिर ऊंचा रहे, इस बात को अगर कोई लेकर चल रहा है तो वह पीएम मोदी हैं। वह महान नेता हैं। हमारे नेताओं द्वारा आयोजित रक्तदान कार्यक्रम बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है, रक्तदान, महादान। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, इस देश को लगातार मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले नरेंद्र मोदी की धार पूरी दुनिया देख रही है। आज उनका जन्मदिन है। आज से सौ साल पहले जब स्वामी विवेकानंद दुनिया के कई देशों में गए तो वह ज्ञान का सागर लेकर गए। आज जब पीएम मोदी दुनिया के देशों में जा रहे हैं तो वह भारत के 2000 साल पहले के गौरवशाली इतिहास को लौटाने का काम कर रहे हैं। आज रूस और यूक्रेन की लड़ाई में अमेरिका और इंग्लैंड को नहीं खोजा जा रहा है। वहां, भारत और पीएम मोदी को खोजा जा रहा है। जन्मदिन पर प्रधानमंत्री को भारतीय जनता पार्टी सहित पूरे देश ने शुभकामनाएं दी हैं। राज्य के दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद का दूसरा स्वरूप हैं। स्वामी विवेकानंद ने भविष्यवाणी की थी कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज 21वीं सदी के भारत के निमार्ता भगवान विश्वकर्मा की संतान हैं।

## भूपेश बघेल का विवादित बयान, कहा- एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो

रायपुर, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को सनातन धर्म को लेकर एक ऐसा बयान दे दिया, जिस पर बीजेपी हमलावर हो सकती है। कांग्रेस नेता ने सनातन धर्म को लेकर कहा, एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो, बच्चों को मत पढ़ाओ, खेत में काम मत करो, बस एक लोटा जल चढ़ा दो, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा।

इस तरह की धारणा लोगों में बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा, इसे हम आस्था नहीं कह सकते हैं। यह आस्था नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा फैलाया गया अंधविश्वास है। बता दें कि भूपेश बघेल ने यह बयान बालोद जिले के गुरुर ब्लाक के ग्राम जेवरतला में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म का जिक्र करके भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों के बीच सनातन का सहारा लेकर झूठ और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है, जिसे हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं। अगर हमने इसे स्वीकार किया, तो इससे आने वाले दिनों में सामाजिक व्यवस्था पर प्रहार होगा। भूपेश कांग्रेस के इकलौते नेता नहीं हैं, जिन्होंने सनातन पर विवादित बयान दिया हो, बल्कि इससे पहले भी इस पार्टी के कई नेता इस तरह के विवादित बयान दे चुके हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक ने सनातन धर्म को बीमारी बताया था।

उन्होंने अपने बयान में कहा था कि जो धर्म लोगों के साथ मानवीय व्यवहार नहीं कर सकता, लोगों को समानता के अधिकारों से वंचित रखता है। ऐसे धर्म को धर्म नहीं, बल्कि बीमारी कहना ज्यादा सही होगा। उनके इस बयान को लेकर खूब हंगामा हुआ था।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला : पुलिस ने सुमी बोरा पर जांच में सहयोग न करने का आरोप लगाया

गुवाहाटी, एजेंसी



असम की अभिनेत्री सूमी बोरा पर पुलिस ने जांच में सहयोग न करने का आरोप लगाया है। वह करोड़ों रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में फंसी हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, बोरा अपने आत्मसमर्पण के बाद से जांच टीम के साथ सहयोग नहीं कर रही हैं। वह पूछताछ के दौरान या तो रो रही हैं या अन्य तरीकों से सवालों से बच रही हैं। अभिनेत्री ने कई बार शिकायत की कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं। हालांकि, मेडिकल जांच के दौरान उन्हें फिट घोषित किया गया। सुमी बोरा की पांच दिन की पुलिस हिरासत मंगलवार को खत्म हो रही है, इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अगले सात दिनों के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगी। इस बीच, पुलिस को अभिनेत्री के पति तारिक बोरा और उसके भाई अमलान बोरा से पूछताछ के दौरान कुछ जानकारी मिली हैं। इन दोनों को स्थानीय पुलिस ने पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी के मुताबिक, तारिक और अमलान ने जांच दल को दो पुलिसकर्मियों शोभनज्योति कुर्मी और चंदन नाथ के बारे में जानकारी दी। इन पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर घोटाला सामने आने के बाद सुमी बोरा और उसके पति को भागने में मदद की थी। कुर्मी और नाथ ने इस ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले के कुछ सबूत नष्ट करने में भी उनकी मदद की थी। पुलिस ने शोभनज्योति कुर्मी और चंदन नाथ के खिलाफ चार मामले दर्ज कर उनसे पूछताछ की है। तारिक बोरा की पुलिस हिरासत भी मंगलवार को समाप्त हो रही है और उसे भी अदालत में पेश किया जाएगा। बता दें कि असम में 2,200 करोड़ रुपये के घोटाले का भंडाफोड़ तब हुआ जब इस धोखाधड़ी के सरगना बिशाल फुकन को पुलिस ने उसके डिब्रूगढ़ स्थित आवास से गिरफ्तार किया। फुकन की गिरफ्तारी के बाद सुमी बोरा पुलिस की नजर में आ गईं। पुलिस ने दावा किया है कि बिशाल फुकन ने असमिया फि ल्म इंडस्ट्री में बोरा के नेटवर्क का इस्तेमाल करके ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए क्लाइंट्स को ज्यादा रिटर्न देने के बहाने से अपने जाल में फंसाया। फुकन की गिरफ्तारी के बाद से ही अभिनेत्री सूमी बोरा और उनके पति फरार चल रहे थे। जिसके बाद पिछले सप्ताह उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## तेलंगाना में नीलाम हुआ 1.87 करोड़ रुपये का गणेश लड्डू

हैदराबाद, एजेंसी



तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के राजेंद्रनगर निर्वाचन क्षेत्र के बंदलागुडा जागीर में स्थित कीर्ति रिचमंड विला में गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित किया गया। जिसका समापन गणेश मूर्ति विसर्जन से पहले एक शानदार गणेश लड्डू की नीलामी के साथ हुआ। इस साल, गणेश लड्डू की नीलामी 1.87 करोड़ में की गई और इस तरह पिछले साल के 1.26 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नीलामी में कुल 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जो 25-25 सदस्यों के चार समूहों में विभाजित थे। एक समूह ने सफलतापूर्वक लड्डू को खरीद लिया। पिछले वर्ष की तरह, लड्डू जीतने वाले समूह ने घोषणा की कि धनराशि एक ट्रस्ट के तहत दान की जाएगी, ताकि छात्रावासों में गरीब छात्रों और समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों सहित वंचित वर्ग का विकास हो सके। दरअलस गणेशोत्सव को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में विनायक चविथि कहा जाता है। हर साल इस त्यौहार के संपन्न होने के बाद नीलामी का आयोजन किया जाता है। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। कई लोगों का मानना है कि लड्डू हासिल करने से स्वास्थ्य, धन और समृद्धि आती है। पिछले कुछ सालों में लड्डू नीलामी ने न केवल तेलंगाना में बल्कि पूरे भारत में बहुत लोकप्रियता हासिल की है। भक्तों का मानना है कि लड्डू जीतने से ईश्वरीय आशीर्वाद, समृद्धि और सफलता मिलती है। लड्डू को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और जो लोग इसे जीतते हैं, उन्हें अक्सर पूरे साल भरपूर फसल और आर्थिक वृद्धि देखने को मिलती है। इस मान्यता ने नीलामी को एक छोटे पैमाने के आयोजन से एक भव्य परंपरा में बदल दिया है, जिसमें अब दूर-दूर से प्रतिभागी आते हैं। गणेश विसर्जन जुलूस की तैयारी के लिए हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को यातायात एडवाइजरी जारी की है। सुचारू और सुविधाजनक यातायात के मद्देनजर जारी की गई एडवाइजरी मंगलवार सुबह से बुधवार दोपहर तक प्रभावी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों और श्रद्धालुओं से रूट मैप का पालन करने की अपील की है।

# ममता बनर्जी इस्तीफा दें, इससे कम हमें कुछ मंजूर नहीं : सुकांत मजूमदार

कोलकाता, एजेंसी



आरजी कर अस्पताल रेप मर्डर मामले में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सीएम ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों की मांगों को मान लिया है।

सीएम ने पांच में से तीन मांगें मान लेने का ऐलान किया। इस बीच केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सीएम के तरीके पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा मांगा है। डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि, पहले वह कह रही थी कि वह सीपी को नहीं हटाएगी। बंगाल के लोग मांग कर रहे थे कि कार्रवाई की जाए। बंगाल के चप्पे -चप्पे में आंदोलन चल रहा था बंगाल की जनता मांग कर रही थी की एक्शन लिया जाए। बंगाल की जनता इस मुख्यमंत्री के ऊपर पूरा विश्वास खो चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि, भाजपा जानती है कि यह सरकार की विफलता है और अगर इसके लिए किसी को जिम्मेदारी जाती है, तो वह न तो कोई पुलिस अधिकारी है और न ही कोई और, मुख्य आरोपी ममता बनर्जी हैं। सबूत को मिटाने में पुलिस-प्रशासन का पूरा हाथ लगता है। और विनीत गोयल और डीसी नॉर्थ को आप हटा देंगे और लोग बच जाएंगे। ऐसा नहीं चलेगा? इनको सजा मिलनी है। अगर इन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की है तो सजा मिलनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की मांग है कि सीएम ममता बनर्जी को इस्तीफा देना चाहिए। इससे कम हमें कुछ मंजूर नहीं है। आरजी कर अस्पताल रेप मर्डर मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा एक्शन लेते हुए कोलकाता के पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल और डिप्टी कमिश्नर (नॉर्थ) समेत चार अफसरों को हटाने का ऐलान किया है।

वहीं चिकित्सा शिक्षा निदेशक कौस्तुव नायक और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक देबाशीष हलधर को हटाने की प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों की मांग को सीएम बनर्जी ने मान लिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जूनियर डॉक्टरों के साथ दो घंटे की बैठक के बाद राज्य सरकार के शीर्ष चार अधिकारियों को हटाने पर सहमत हो गई हैं।

## मोदी के जन्मदिन पर बदरीनाथ और केदारनाथ में विशेष पूजा

चमोली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को उत्तराखण्ड स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा आयोजित की गईं। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद अजय ने बताया कि श्री मोदी के जन्मदिन पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में बीकेटीसी ने बदरीनाथ और केदारनाथ सहित ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ, नृसिंह मंदिर, जोशीमठ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, सिद्धपीठ, कालीमठ में विशेष पूजा-अर्चना तथा हवन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के दीघार्यु तथा देश की सुख-समृद्धि एवं श्रीवृद्धि की कामना की गयी। श्री अजेंद्र ने बताया कि बदरीनाथ में रावल, आचार्य एवं वेदपाठियों के द्वारा प्रधानमंत्री जी के नाम और गोत्र से महाभिषेक पूजा की गई। केदारनाथ धाम में रूद्राभिषेक तथा षोडशोपचार पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर बदरीनाथ में मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्यगण, तथा अधिकारी, कर्मचारी पूजा में शामिल हुये।

# उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 की मौत

फिरोजाबाद, एजेंसी




उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से तीन साल की बच्ची और एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के नौशेरा इलाके स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार रात को हुए हादसे में छह लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा रेंज के आईजी दीपक कुमार ने बताया, शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक घर में पटाखे रखे हुए थे और वहां विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण पास के एक घर की छत ढह गई। पुलिस ने मलबे से 10 लोगों को बाहर निकाला। छह लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और चार लोगों की मौत हो गई है। आगे बचाव अभियान अभी भी जारी है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के कारण मकान ढह गया है और कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। आईजी दीपक कुमार ने आगे बताया कि, अग्निशमन, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन की एक टीम पुलिस अधीक्षक की निगरानी में राहत कार्य में लगी हुई है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, रात करीब साढ़े दस बजे पटाखा गोदाम में अचानक विस्फोट हुआ, जिससे इमारत की दीवारें ढह गई और उसमें रह रहे एक ही परिवार के करीब सात लोग मलबे में दब गए।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान मीरा देवी (45), अमन (20), गौतम कुशवाहा (18) और कुमारी इच्छा (3) के रूप में हुई है। एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि घनी आबादी वाले इलाकों में किसी भी प्रकार के पटाखा गोदाम की अनुमति देना प्रतिबंधित है। ऐसे में घनी आबादी वाले इलाके में यह गोदाम कैसे चल रहा था, इसकी जानकारी जुटाने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचेगी ताकि राहत और बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके। इस बीच, फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि बचाव अभियान जारी है। रंजन ने कहा, बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है।

जिला अस्पताल और उप-जिला अस्पताल दोनों ही हाई अलर्ट पर हैं। डॉक्टरों की टीम, एम्बुलेंस, अग्निशमन दल, आपदा दल, सभी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, बुधवार, 18 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान के भरतपुर संभाग में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी

जयपुर, मौसम विभाग ने एक नए मौसमी तंत्र के प्रभाव से बुधवार को राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश होने व भरतपुर संभाग में कहीं कहीं भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार झारखंड के ऊपर बना ह्यदबावह्ल आज पश्चिमी झारखंड व छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ गया। अगले 12 घंटों में इस ह्यदबावह्ल के पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ने तथा कमजोर होकर स्पष्ट रूप से कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में आगामी दो-तीन दिन गरज के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा 18 सितंबर को जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम बारिश तथा भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसी तरह, 19 सितंबर को भी गरज के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, 18-19 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के ज्यादातर भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### प्राधनमंत्री मोदी की खुशहाली और हमेशा स्वस्थ रहने की कामना करता हूं: अभिषेक बनर्जी

वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक ने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य की भी कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं।

### अरुणाचल प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू

ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को यहां डेरा नाटूंग सरकारी महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा नामक स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया। इस मौके पर अपने संबोधन में खांडू ने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा, स्वस्थ एवं समृद्ध रहने के लिए हमें स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए और ऐसी आदतों को बढ़ावा देना चाहिए, जो मानसिक और शारीरिक दोनों तरह का स्वास्थ्य सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। खांडू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल पहले स्वच्छता अभियान शुरू किया था, तब से यह राज्य में जनांदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और इसके प्रति जनता के रुख में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यदस साल पहले, ईटानगर में काफी गंदगी थी। अब, सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में लोगों की मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने नागरिकों से सफाई के लिए प्रतिवर्ष 100 घंटे समर्पित करने का आग्रह किया।

### जयपुर में युवक का शव खेत में पड़ा मिला, हत्या की आशंका

जयपुर, जयपुर के जयसिंहपुरा थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक युवक का शव खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि 30 वर्षीय युवक की हत्या पत्थर से उसका सिर कुचलकर की गई। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को खेत में पड़ा पाया। आगे की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) से फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को मौके पर बुलाया गया। शव के पास खून से सना एक बड़ा पत्थर भी मिला है। मामले में सुराग जुटाने के लिए पुलिसकर्मी इलाके में लगे सीसीटीवी खंगाल रहे हैं।

### बीएसएफ ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

अमृतसर, पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति को सोमवार रात करीब सवा नौ बजे अमृतसर जिले के रतन खुर्द गांव क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए देखा गया और वह सीमा बाड़ के पास पहुंच गया। प्रवक्ता ने बताया कि सैनिकों द्वारा चुनौती दिए जाने के बाद भी घुसपैठिये ने आगे बढ़ना जारी रखा और वह आक्रामक तेवर दिखा रहा था।

# सौ दिन में 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली घोषित योजनाओं पर अमल शुरू : शाह

**नई दिल्ली, एजेसी**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में किए गए कामों का विवरण देते हुए कहा कि सरकार ने इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं और कार्यक्रमों की घोषणा की है तथा उन पर अमल भी शुरू किया जा चुका है। श्री शाह ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने अपने काम के जरिए लोगों का विश्वास अर्जित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने अपनी रीढ दिखाई है। यूक्रेन युद्ध के बीच में श्री मोदी की यूक्रेन और रूस की यात्रा को दुनिया आशा की नजर से देख रही है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकास का जो रथ चला है वह आगे भी चलता रहेगा यह हम सभी का विश्वास है। उन्होंने कहा, ह्लहमारा मानना है कि कोई भी सरकार अपनी भाषा के साथ ही समुचित विकास कर सकती है इसीलिए नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं में पढ़ाई के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा की जो योजना शुरू की गई है उसमें आय की कोई सीमा नहीं रखी गई है। कोई करोड़पति भी चाहे तो वह उसका लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे का जिस तरह विस्तार हो रहा है लेकिन उसमें हो रहे हादसो की तह तक जाकर जांच की जाएगी और सरकार इसके लिए कटिबद्ध है। रेलवे के हादसे रोकने के लिए जो भी कमजोरी है उसको दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। रेल पटरियों पर छेड़छाड़ की घटनाओं को की प्रवृत्ति अभी हाल में सामने आई है, उस पर निगाहें रखे हुए हैं। रेलवे पुलिस एनआईए और सीबीआई सभी इन घटनाओं को देख रही है गृह मंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून के लागू होने के अगले 3 साल के बाद मामलों का एक साल के अंदर उच्चतम न्यायालय तक निर्णय हो जाया करेगा।

मणिपुर में हिंसा को रोकने के लिए किए गए उपायों के संबंध में एक सवाल पर श्री शाह ने कहा, मणिपुर म्यांमार सीमा की फेंसिंग का काम शुरू कर दिया गया है। घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमार से केवल वीजा के आधार पर प्रवेश की व्यवस्था की गई है। सीमा पर सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। हाल में तीन दिन की हिंसक घटनाओं को छोड़कर वहां पिछले लंबे समय से कोई बड़ी घटनाएं नहीं हुई थी। मुझे आशा है कि मणिपुर की स्थिति पर सरकार बहुत अच्छे तरीके से नियंत्रण कर सकेगी। गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में शांति बहाली के लिए सरकार ने राज्यों की सीमाओं से संबंधित विवादों के समाधान और उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते सहित कुल 11 समझौते किए हैं और 10000 से अधिक उग्रवादियों ने हथियार डाले हैं। श्री शाह ने एक सवाल पर कहा कि जनगणना का काम बहुत जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने आधारित जनगणना कराये जाने के संबंध में सवाल पर कोई स्पष्ट घोषणा करने की बजाय उन्होंने कहा कहा कि जब जनसंख्या करने की घोषणा की जाएगी तो इस समय सभी चीजों पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी सरकार के कार्यकाल में एक देश एक चुनाव को लागू कर दिया जाएगा।

## श्री वैंकटेश्वरा मे मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74 वां जन्मदिन



**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जा 74 वां जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया, जिसमे ह्यवृहद रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण अभियान केक कटिंग सेरेमनी समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रक्तदान शिविर में वन मंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए एक सौ बत्तीस यूनिट रक्त संचय किया। इसके साथ ही संस्थान प्रबंधन एवं प्रभारी मंत्री एवं सांसद समेत विभिन्न अधिकारीयों ने परिसर में झाडू लगाकर प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत के संकल्प को दोहराया प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर माननीय मंत्री एवं सांसद ने तुलसी एवं रुद्राक्ष के पौधे रोपित कर उनके आजीवन संरक्षण की शपथ ली।श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के अब्दुल कलाम सभागार में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 74 वें जन्मदिवस पर आयोजित ह्लवृहद रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण अभियान, केक कटिंग सेरेमनीह्व का शुभारम्भ वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री के.पी. मलिक लोकसभा सांसद श्री कंवर सिंह तंवर, समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, प्रदेश मंत्री भाजपा चन्द्र मोहन, क्षेत्रीय महामंत्री सचिन चौधरी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस.पी.सिंह, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडे, डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. एस.एन.साहू, डा. योगेश्वर शर्मा, डा.एना ब्राउन, डा. नीतू पंवार, डा. तेजपाल सिंह, डा, आशुतोष सिंह, डा. ज्योति सिंह, डा. स्नेहलता गोस्वामी, मारुफ चौधरी, एस.एस. बघेल, अरुण गोस्वामी एवं मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## केरल के मलप्पुरम में एमपॉक्स संक्रमण का संदिग्ध मरीज, नमूने जांच के लिए भेजे गए

**मालप्पुरम, एजेसी**

केरल के मलप्पुरम जिले में एमपॉक्स संक्रमण का एक संदिग्ध मामला सामने आया है। यहां हाल ही में विदेश से लौटे एक व्यक्ति में इस बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मरीज कुछ दिन पहले केरल पहुंचा था और बीमार पड़ने पर उसे पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यवहां से उसे मंजेरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यह संदेह होने पर कि यह एमपॉक्स का मामला हो सकता है, हमने जांच के लिए उसके नमूने कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजे। जांच रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में एमपॉक्स का एक नया मामला सामने आया था जहां हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति में वायरस की पुष्टि हुई और उसे दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे एक अकेला मामला बताया था, जो जुलाई 2022 से भारत में पहले दर्ज किए गए 30 मामलों की तरह था और कहा कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा रिपोर्ट की गई वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति का हिस्सा नहीं था, जो एमपॉक्स के क्लेड 1 के बारे में है। इसमें कहा गया था कि हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति पश्चिमी अफ्रीकी क्लेड-2 के एमपॉक्स वायरस के लिए पॉजिटिव पाया गया। डब्ल्यूएचओ ने पिछले महीने अफ्रीका के कई हिस्सों में इसकी व्यापकता और प्रसार को देखते हुए दूसरी बार एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया था। एमपॉक्स संक्रमण आम तौर पर केवल पीड़ित तक सीमित रहता है। यह दो से चार सप्ताह तक रहता है और इसके रोगी आमतौर पर चिकित्सा देखभाल से स्वस्थ हो जाते हैं। यह संक्रमित रोगी के साथ लंबे समय तक और निकट संपर्क में रहने से फैलता है। केरल में संदिग्ध एमपॉक्स का मामला हाल ही में निपाह संक्रमण के कारण 24 वर्षीय एक युवक की मौत के बाद मलप्पुरम जिले में नियंत्रण क्षेत्र स्थापित किए जाने के मद्देनजर सामने आया है। सरकार ने रविवार को पुष्टि की है कि नौ सितंबर को मरने वाला व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित था।

## झारखंड: पीएम मोदी के जन्मदिन पर मंत्री संजय सेठ और जयंत चौधरी ने पौधारोपण किया

**रांची, एजेसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उनके रांची स्थित आवास पर वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और सफाई कर्मियों के बीच साड़ियों और पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। वहीं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा की स्मृतियों को संजोने के लिए एक साल पहले पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी। करीब 13 करोड़ रुपये की इस योजना के तहत 18 प्रकार के कारीगरों को शामिल किया गया है। ताकि कारीगरों के जीवन में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें बेहद खुशी हुई। बता दें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय से ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी मुख्यालय में रक्तदान शिविर और पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में उनके बचपन से लेकर वर्तमान तक की कई उपलब्धियों को दशार्या गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल का शुभारंभ करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि पीएम मोदी के जन्मदिवस को भाजपा हर वर्ष ह्यसेवा दिवसह्ल के रूप में मनाती है। 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक भाजपा इसे ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल के रूप में भी मनाती हैं। जिसमें हम रक्तदान, वृक्षारोपण, समाजसेवा, मलिन बस्तियों की सफाई और स्वच्छता अभियान जैसे कई अभियान चलाते हैं। जेपी नड्डा ने अपनी ओर से और भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं की ओर से पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना भी की। उन्होंने कहा कि वे सब कामना करते हैं

## स्योहारा में अमन और भाईचारे का पैगाम देता निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**



स्योहारा।नगर में अकीदतमंदों ने ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जश्न मनाते हुए बेहद खुशनुमा माहौल में जुलूस निकाला।पिछले सालों की तरह इस साल भी तमाम अकीकदमन्द लोगो ने स्योहारा में एक शानदार जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन किया जिसकी शुरूआत बहुत ही खुशनुमा माहौल में मिल चौराहे पर स्थित हाजी परवेज अख्तर की आरा मशीन से हुई जो कि पीर के बाजार से होते हुए शिवाजी मार्किट ,मोहल्ला मिलकीयान,नवादा चुंगी से फवारा चौक व थानां चौराहा से मिल चौराहे पर जाकर मुकम्मल हुआ। जुलूस का सर्वसमाज विशेषकर हिंदु भाइयो ने भी उमंग के साथ स्वागत किया।इस जुलूस में लोगो के हाथों में मोजूद तिरंगा झंडा भाईचारे और देश से मोहब्बत का पैगाम दे रहा था।सबसे पहले बाजार में मुकेश बंसल उर्फ मोंटी ने जुलूस का स्वागत किया उसके बाद मिलकीयान में कांग्रेस नेता नोशाद प्रिंस ने ,नगरपालिका चौक पर चेयरमैन फेसल वारसी की टीम में शामिल जुनेद मलिक फिरोज हैदर , फैसल हिलाल कासिम सलमानी, नईम कुरैशी,शब्बू मेंबर,डॉ राशिद,कामरान खान,वारिस चौधरी हसीन बाबू, अजीम वारसी, रियाजुद्दीन भाई, रईस महिगीर, अजीम चौधरी, सरफराज चौधरी, मंसूर चौधरी, नवेद अबरार फरीदी, दाऊद अन्य ने जुलूस का स्वागत करते हुए उनका जलपान कराया।जुलूस की जानकारी देते कार्यक्रम सहयोगी हकीम रईस अत्तारी और हाजी परवेज अख़्तर ने कहा कि आज के मुबारक मौके पर आयोजित हुए इस जुलूस को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाज व धर्म के लोगो का तथा प्रशासन का हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं आगे भी इसी तरह का सहयोग बना रहेगा।इस मौके पर डॉक्टर फारुक कादरी,जावेद अख्तर, एडवोकेट सलीम अल्वी, भाजपा नेता बदर खान,एजाज सिद्दीकी. काशिफ सिद्दीकी, मुफ्ती फिरासत, इमरान सिद्दीकी, तनवीर ठेकेदार, हाजी अकरम मंसूरी,सलीम,नईम अहमद,सहित सेकड़ो लोग जुलूस में शमिल रहे।जुलूस में पूरे समय कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए थाना स्योहारा पुलिस मुस्तैद रही।

## अरविंद केजरीवाल इस्तीफा देकर सस्ती लोकप्रियता लेना चाहते हैं : भाजपा

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटना, दिल्ली के नये मुख्यमंत्री के लिए आतिशी के नाम पर सहमति बनी है। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई है। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की खबर और नए सीएम के रूप में आतिशी के नाम के ऐलान के बाद सियासी बयानबाजियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में भाजपा नेता प्रेम रंजन पटेल और जीवेश मिश्रा ने भी प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल इस्तीफा देकर सस्ती लोकप्रियता लेना चाहते हैं। जब वह जेल में बंद थे, तब उन्होंने इतिहास रचने का काम किया। देश के अंदर एक संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने का काम किया। अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी व्यक्ति हैं, जो खुद को पाक साफ कहते हैं, जेल जाने के बाद भी उन्होंने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जमानत पर जेल से बाहर आएं हैं और कोर्ट ने उनके ऊपर कई पाबंदियां लगाई हैं। उन्हें यह तक कहा गया है कि वह कोई सरकारी काम नहीं करेंगे, सरकारी कार्यालय में नहीं जाएंगे कोई। भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में किसी प्रकार का बयान नहीं देंगे, तब वह इस्तीफा दे रहे हैं। वह जानते हैं कि अब मुख्यमंत्री के तौर पर कोई काम नहीं कर सकते हैं। सस्ती लोकप्रियता लेने के लिए वह इस्तीफा दे रहे हैं, लेकिन इन्हें कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। जनता इन्हें पहले ही नकार चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के दौरान कोर्ट से चुनाव प्रचार करने के लिए जमानत मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी, लेकिन दिल्ली की जनता ने चुनाव में उन्हें नकार दिया। दिल्ली की जनता ने सभी सातों लोकसभा सीटों पर उनकी पार्टी को हराकर, उनके भ्रष्टाचार पर मुहर लगाने का काम किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी सभी सीटों पर उनके भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी पार्टी (आप) की जमानत जब्त होगी। वहीं भाजपा नेता जीवेश मिश्रा ने कहा कि केजरीवाल को उस समय इस्तीफा देना चाहिए था, जब वह जेल में मौज कर रहे थे। जब वह जेल में बंद थे, तब उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। वे जेल से आने के बाद ऐसे दिखावा कर रहे हैं जैसे जेल नहीं गए। वह ड्रामा कर रहे हैं करने दीजिए।

## गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

**अहमदाबाद, एजेसी**

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य के कई मंत्रियों और अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 74वें जन्मदिन की बधाई देने के लिए मंगलवार सुबह यहां उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को अपने गृह राज्य गुजरात का तीन दिवसीय दौरा समाप्त किया और सुबह अहमदाबाद हवाई अड्डे से ओडिशा में भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गए। गुजरात सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल देवव्रत और मुख्यमंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देने के लिए गांधीनगर में राजभवन में उनसे मुलाकात की। बाद में प्रधानमंत्री शहर के हवाई अड्डे पहुंचे, जहां राज्य के कई मंत्रियों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उनसे मुलाकात की तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मंत्री हर्ष सांघवी, कुबेर डिंडोर, ऋषिकेश पटेल, कनुभाई देसाई और प्रफुल्ल पंशेरिया, राज्यसभा सदस्य नरहरि अमीन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोरधन जदाफिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल और पूर्व मंत्री भूपेंद्रसिंह चूडासमा ने प्रधानमंत्री से हवाई अड्डे पर मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री पंशेरिया ने कहा, ह्यह्यचूंकि आज प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है तो मंत्री और पार्टी के नेता इस अवसर पर उन्हें बधाई देने के लिए हवाई अड्डे आए। हम उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।

## सीएम योगी ने प्रसाद के रूप में वितरित किया 74 किलो का लड्डू

**वाराणसी, एजेसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आस्था को तेज बारिश भी नहीं डिगा पाई। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सबसे पहले काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचकर उनका दर्शन पूजन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विशेष पूजा व हवन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में 74 किलो के लड्डू का प्रसाद वितरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन से जुड़े आयोजनों में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सोमवार को ही पहुंच गए थे। वाराणसी में लगातार हो रही तेज बारिश के बीच सीएम योगी ने अपने तय कार्यक्रम को जारी रखते हुए पहले काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव की चौखट पर पहुंचकर मत्था टेका और बाबा की श्रद्धापूर्वक आरती की। इसके बाद सीएम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और धाम में स्थित ज्ञानवापी कूप के पास स्थित निकुंभ विनायक की आरती उतार कर विधि विधान से पूजन किया। विश्वनाथ धाम में ही सीएम योगी ने हवन पूजन करके पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। गौरतलब है कि सीएम योगी का वाराणसी दौरा विकास के लिहाज से हर बार खास होता है। सीएम ने इस बार भी जमीन पर चल रही योजनाओं की जानकारी ली और उनका स्थलीय निरीक्षण करके किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए। रात को सीएम ने बाढ़ की तैयारियों की जानकारी ली, बाढ़ राहत शिविर का औचक निरीक्षण किया और वहां मौजूद बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा।

## उत्तर प्रदेश में किशोरी के साथ युवक ने किया, दुष्कर्म मामला दर्ज

**बाराबंकी, एजेसी**

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के में एक युवक ने एक किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि किशोरी का शोर सुनकर आसपास के लोगों ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया एवं आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी कोचिंग जाने के लिए सोमवार को घर से निकली, इसी दौरान काजीपुर मोहल्ला के रहने वाले आफताब ने किशोरी (15) को फुसलाकर अपने दोस्त सगीर के घर ले गया और घर के बाहर ताला लगा दिया। पुलिस ने बताया कि कुछ देर बाद आसपास के लोग बंद मकान के अंदर से किसी के चीखने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के लोगों ने ताला तोड़ कर 26 वर्षीय आफताब को पकड़ लिया और उसके साथी सगीर को पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन पूछ-ताछ के दौरान सगीर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । पुलिस निरीक्षक डी के सिंह ने बताया की किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की छानबीन की जा रही है।

## महराजगंज में हत्या के मामले में दोषी दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा

**महराजगंज, एजेसी**



उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले की एक अदालत ने 20 साल पुराने हत्या के एक मामले में दो सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सरकारी वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अदालत ने मामले में फैसला सुनाते हुए दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। मिश्रा ने बताया, ह्यह्यचौक थाना क्षेत्र के कपिलदेव यादव और सुरेश यादव को हत्या के मामले में दोषी पाया गया। दोनों भाइयों पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया और जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में उन्हें छह महीने और जेल की सजा काटनी होगी। एडीजीसी ने बताया कि 25 जून, 2004 को चौक थाने के भेलभरिया में जमीन विवाद को लेकर रामनाथ यादव की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में दो आरोपियों कपिलदेव यादव और सुरेश यादव के खिलाफ पुलिस ने चौक थाने में हत्या का मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। उन्होंने कहा, ह्यह्यअपर जिला सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को सुनवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। फैसला सुनाए जाने के समय दोनों दोषी अदालत में मौजूद थे, जिसके बाद उन्हें जेल ले जाया गया।

## उप्र: मरीजों से एक रुपया अधिक वसूलने पर संविदा कर्मी की सेवा समाप्त



**महराजगंज, एजेसी**

महाराजगंज जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मरीजों से एक रुपये की निर्धारित फीस के बजाय दो रुपये वसूलने पर एक संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) राजेंद्र प्रसाद ने बताया, ह्यह्यअधिक शुल्क लेने में शामिल संविदा कर्मचारी संजय की सेवा समाप्त कर दी गयी है। इसके पहले जिले के सिसवा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक प्रेम सागर पटेल का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह महराजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर का औचक निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। पटेल को पता चला कि अस्पताल में मरीजों से एक रुपये के पर्चे के लिए दो रुपये वसूले जा रहे हैं। यह सुनकर विधायक भड़क गए, उन्होंने तुरंत सीएमओ को फोन कर पर्ची काउंटर पर कार्यरत कर्मचारी को हटाने को कहा। एक वीडियो क्लिप में, पटेल को सीएचसी कर्मचारियों से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वह एक गांव से आते हैं और समझते हैं कि गरीबी और लाचारी में कैसा महसूस होता है। भाजपा विधायक ने कर्मचारियों से कहा, इसलिए आपको मुझे यह समझाने की कोई जरूरत नहीं है कि क्या चल रहा था। मुझे पता है। यह लूट हैह्ह जनता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। सिसवा विधायक ने आरोप लगाया कि उन्हें सरकारी स्वास्थ्य सुविधा में अनियमितताओं के बारे में जनता से शिकायतें मिली थीं। बाद में, जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि आरोपी फार्मासिस्ट की पहचान संजय के रूप में हुई है, जो एक एजेंसी द्वारा नियुक्त संविदा कर्मचारी था। उसकी सेवा समाप्त कर दी गयी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 18 सितंबर, 2024

# दिल्लीवाले ध्यान दें! 18 और 19 सितंबर को 13 इलाकों में नहीं आएगा पानी



**दक्षिणी दिल्ली, प्रात: किरण**

दक्षिण दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार सुबह 10 बजे से 12 घंटे तक पानी की सप्लाई नहीं होगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने इस संबंध में जानकारी दी है। जल बोर्ड ने परेशानी से बचने के लिए लोगों को पहले से पानी स्टोर करने की सलाह दी है। पानी की सप्लाई रोकने का कारण रखरखाव कार्य को बताया गया है।

### दो दिन प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

सफदरजंग इन्क्लेव, हौज खास, मस्जिद मोठ समेत 13 इलाकों में दो दिन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। जल बोर्ड के मुताबिक डीडीए फ्लैट्स मुनिरका को आपूर्ति करने वाली डीयर पार्क बीपीएस की आउटलेट लाइन पर 500 मिमी व्यास का फ्लोमीटर लगाया जाएगा।

### इन इलाकों में नहीं आएगा पानी

इस कारण डीयर पार्क बीपीएस की 600 मिमी आउटलेट लाइन से 18 सितंबर को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक 12 घंटे जलापूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे में ग्रीन पार्क, सफदरजंग इन्क्लेव, एसडीए, हौजखास, मुनिरका, किशनगढ़, मस्जिद मोठ, महरौली, आईआइटी, आइएनयू, एआइएमएस, सफदरजंग अस्पताल और डीयर पार्क यूजीआर के आसपास के क्षेत्र में 18 सितंबर की शाम और 19 सितंबर की सुबह जलापूर्ति ठप रहेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### वेव सिटी बिल्डर से प्रभावित किसानों ने किया आर पार की लड़ाई का एलान

- 18 को वेव सिटी बिल्डर का मुख्य द्वार बन्द करेंगे किसान

गाजियाबाद ।भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में कचेडा में वेव सिटी बिल्डर से प्रभावित गांवों के किसानो की मीटिंग हुई। जिसकी शुरूआत चलो वेव सिटी के नारे से हुई ।जिला प्रशासन व गाजियाबाद प्राधिकरण द्वारा बार बार किसानों के साथ किए जा रहे छल व दोहरे व्यवहार पर चर्चा हुई। जिला प्रशासन व प्राधिकरण बिल्डरों के लिया सदैव तत्पर रहते हैं ओर किसानों के प्रति सौतेला व्यवहार करते हैं। जो किसान पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं आज उनकी जमीन छीन ली अब अपने अधिकार के लिए दर दर भटक रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान संगठन के लोकेश नागर जिला अध्यक्ष गाजियाबाद ने कहा कि बिल्डर ओर किसानो की लडाई आर पार की होगी। स्थानीय प्रशासन ने स्थानीय किसानो को बहुत गुमराह कर लिया अब किसान जाग गया है। वियज मुखिया ने की किसान अपने अधिकार के लिए आगमी 18 सितम्बर को वेव सिटी बिल्डर का मुख्य द्वार बन्द कर अपने अधिकार मिलने तक वही डेरा डाले। अब लडाई आर पार की होगी। क्षेत्र की जनता भारी संख्या में पहुंच कर वही डेरा डाले रखेगी। मुद्दों से भटकना नहीं है। सभा में सभी ने एक मत होकर 18 सितंबर को भारी संख्या में किसान वेव सिटी के घेराव करने की बात कही।

### मैसेज आते ही बंद हो गया मोबाइल फोन, बैंक खाते से निकले 41 लाख रुपये

बाहरी दिल्ली। नरेला डीएसआइआइडीसी स्थित एक कंपनी मालिक के मोबाइल पर पहले एक मैसेज आता है, जिसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो जाता है। बैंक जाने पर पता चलता है कि उनके खाते से 41 लाख रुपये निकल गए हैं। पीड़ित कंपनी मालिक को ठगी का पता चलने पर बाहरी-उत्तरी जिला साइबर थाना में शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कमल प्रसाद जैन परिवार के साथ समयपुर बादली क्षेत्र में रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि 31 अगस्त की रात 10 बजे उनके फोन पर मैसेज आया। मैसेज में बताया गया था कि उन्होंने एचडीएफसी बैंक खाते के लिए नए सिम कार्ड के लिए आवेदन किया है। सिम कार्ड को जल्द आपके पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने ऐसा कोई आवेदन नहीं किया था। इसलिए उन्होंने मैसेज पर गौर कोई नहीं किया।

# दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री: आतिशी

## विधायक, मंत्री और फिर मुख्यमंत्री... सिर्फ चार सालों में आतिशी बन गईं दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री

## केजरीवाल ने विधायक दल की बैठक में नाम का प्रस्ताव रखा, AAP बोली- मुश्किल हालात में लिया फैसला

## आतिशी के पास अभी शिक्षा, टूरिज्म, पीडब्ल्यूडी, संस्कृति, महिला बाल विकास जैसे अहम मंत्रालय हैं।

**नई दिल्ली प्रातः किरण।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कर दी है। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी अब उनकी जगह लेंगी। केजरीवाल ने 15 सितंबर दिन रविवार को सीएम पद से इस्तीफे का एलान किया था।

### तमाम अटकलों पर लगा विराम

इससे पहले नए सीएम के नाम को लेकर कयासों का बाजार गर्म था। कहा तो यहां तक जा रहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अअढ किसी अन्य नाम पर मुहर लगाकर सभी को चौंका सकती है। हालांकि अब इसका फाइनल फैसला हो गया है।

### आतिशी तीसरी महिला सीएम होंगी

आतिशी दिल्ली की नई और तीसरी महिला सीएम होंगी। इनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित बतौर सीएम कार्यकाल संभाल चुकी हैं। आतिशी के सीएम बनने से पार्टी में उनका कद बढ़ गया है।

### पूरी कैबिनेट में हो सकता है फेरबदल

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद पूरे मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकती है। आतिशी अब नई मुखिया हैं। ऐसे में संभव है कि दो नए मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। बता दें राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद से एक पद खाली चल रहा है।

### स्वाति मालीवाल ने कहा- भगवान दिल्ली का भला करे



स्वाति मालीवाल ने कहा- जिसके परिवार ने अफजल गुरु के लिए लड़ाई लड़ी, उसे आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री बना दिया है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे। दिल्ली के लिए आज बहुत दुख का दिन।

### पीयूष गोयल बोले- सीएम बदलने से भाग्य नहीं बदलने वाला



रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बदल दिया है, इससे आम आदमी पार्टी का भाग्य नहीं बदलने वाला। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने उन्हें अनिच्छा से सीएम बनाया। मनीष सिसोदिया के दबाव के कारण वे मनचाहा सीएम नहीं बना पाए। मनीष सिसोदिया के कारण ही उन्हें सारे विभाग दिए गए। उनके दबाव में ही आतिशी को सीएम बनाया गया है। चेहरा बदल गया है लेकिन भ्रष्ट चरित्र जस का तस है और दिल्ली की जनता जवाब मांगेगी...

### आप ने कहा- नवंबर तक कराए जाएं विधानसभा चुनाव



गोपाल राय ने कहा, जिस तरह भाजपा ने देश के पीएम ने षडयंत्र करके, एजेंसियों का दुरुपयोग करके दिल्ली की सरकार और आम आदमी पार्टी को तोड़ने का अभियान चलाया। उस अभियान को तोड़ते हुए हमने अपना काम जारी रखा। इन्होंने कोशिश की केजरीवाल जेल में इस्तीफा दें, लेकिन उन्होंने जेल में इस्तीफा नहीं दिया। केजरीवाल ने सरकार चलाई। उनकी ताकत ईमानदारी है। उन्होंने वो काम किया, जो आज देश में कोई राज्य सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने फैसला किया कि सुप्रीम अदालत ने हमें जेल से बाहर कर दिया है, लेकिन जब तक दिल्ली की जनता दोबारा चुनकर उन्हें नहीं भेजती, वे मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। विधायक दल की बैठक में यह फैसला हुआ कि चुनाव नवंबर तक कराए जाएं।

### नेता बांसुरी और मनोज तिवारी ने दी बधाई



आतिशी को सीएम बनाए जाने पर भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने बधाई दी, लेकिन उन्होंने कहा कि सीएम बदलने से कुछ बदलने वाला नहीं है। मनोज तिवारी ने कहा कि आतिशी को बधाई हो, हम भी चुनाव के लिए तैयार हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- चेहरा बदल सकते हैं, चरित्र नहीं



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि AAP के नेता पार्टी का कायाकल्प करने की कोशिश कर रहे हैं। वे भूल जाते हैं कि वे पार्टी का चेहरा बदल सकते हैं, लेकिन चरित्र नहीं। वे अपने चरित्र पर लगे भ्रष्टाचार के काले दागों को नहीं धो सकते। दिल्ली की जनता के लिए चुनाव में एकमात्र मुद्दा अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार होगा।

## केजरीवाल ही मुख्यमंत्री, मुझे बधाई न दें, माला न पहनाएं; मेरा मकसद उन्हें फिर से वापस लाना: आतिशी

### विधायक दिलीप पांडे बोले- स्वाती मालीवाल भाजपा की स्क्रिप्ट का इस्तेमाल करती हैं

आम आदमी पार्टी विधायक दिलीप पांडे ने कहा, स्वाति मालीवाल ऐसी महिला हैं जो राज्यसभा में जाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) से टिकट लेती हैं लेकिन अपने बयानों के लिए भाजपा की स्क्रिप्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म या हया है तो उन्हें अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे देना चाहिए और आप का टिकट भी छोड़ देना चाहिए। अगर उन्हें राज्यसभा में बने रहना है तो उन्हें भाजपा से टिकट मांगना चाहिए।

### आतिशी बोलीं- मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा

मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे। वही आने वाले चुनाव के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री देखना चाहेंगे।

### आतिशी बोलीं- चुनाव तक एक ही उद्देश्य, केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना

मैं चुनाव तक मुख्यमंत्री होने के नाते एक ही उद्देश्य से काम करेंगे कि केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है। मेरा एक ही मकसद रहेगा। भाजपा एलजी के जरिए दिल्ली के खिलाफ षडयंत्र रचेगी। मैं दिल्ली के लोगों की रक्षा की कोशिश करूंगी। कल शाम मुझे एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि केजरीवाल बेटे की तरह है और उसे इतना परेशान किया। वो रोने लगीं और कहने लगीं कि मैं घर-घर जाऊंगी और कहूंगी कि केजरीवाल को ही मुख्यमंत्री बनाना। दिल्ली आज गुस्से में है और केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र से गुस्सा हैं।



### आतिशी



**निजी जीवन**

- **जन्म-** 8 जून 1981
- **जन्म स्थान-** दिल्ली
- **पति-** प्रवीण सिंह
- **शिक्षा-** इतिहास में मास्टर्स, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

**राजनीतिक जीवन**

- **2013:** AAP जॉइन की। मैनिफेस्टो ड्राफ्टिंग कमेटी की मेंबर बनीं
- **2015:** MP के खंडवा में जल सत्याग्रह में हिस्सा लिया
- खंडवा से AAP नेता आलोक अग्रवाल को सपोर्ट किया
- **2015-2018**: तक पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की एडवाइजर रहीं
- **2020:** कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीता
- AAP की गोवा यूनिट की इन्चार्ज बनीं
- **2023:** सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद कैबिनेट मंत्री बनीं

महिला-बाल विकास, शिक्षा, बिजली, कला-संस्कृति, पर्यटन, PWD मंत्रालय की जिम्मेदारी

### CM आतिशी ही क्यों...

- केजरीवाल-सिसोदिया की करीबी और सबसे भरोसेमंद महिला नेता।
- केजरीवाल-सिसोदिया के जेल में रहते पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखा।
- सिसोदिया जेल गए तो शिक्षा समेत 6 महत्वपूर्ण मंत्रालय इन्हें ही मिले।
- 2013 विधानसभा चुनाव में पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने वाली कमेटी में थीं।
- स्वाति मालीवाल केस के बाद महिला CM बनाकर पार्टी डैमेज कंट्रोल कर सकेगी।

### दिल्ली में अब तक 3 महिला मुख्यमंत्री



**सुषमा स्वराज**
52 दिन का कार्यकाल
12 अक्टूबर 1998 से 3 दिसंबर 1998



**शीला दीक्षित**
3 बार की CM, 15 साल 25 दिन
3 दिसंबर 1998 से 28 दिसंबर 2013



**आतिशी**
17 सितंबर 2024 को CM बनाने का ऐलान

**सौरभ भारद्वाज बोले- हम में से कोई कुर्सी पर बैठेगा**

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कौन बैठता है क्योंकि जनादेश अरविंद केजरीवाल का है। जनता ने अरविंद केजरीवाल को चुना है। जब तक जनता उन्हें दोबारा नहीं चुनेगी, तब तक वे उट की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। चुनाव होने तक हममें से कोई एक उस कुर्सी पर बैठेगा।

### केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया

1. मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन पावर नहीं दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जमानत पर जेल से बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वे उट ऑफिस नहीं जाएंगे और न ही किसी फाइल पर साइन करेंगे। यानी जेल से बाहर आने और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके पास पावर नहीं रही।
2. सिर्फ 5 महीने का कार्यकाल बचा दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है। यानी सरकार के पास चुनाव में सिर्फ 5 महीने ही बचे हैं। इस दौरान सरकारें लोक-लुभावन चुनावी फैसले लेती हैं। केजरीवाल कोर्ट की शर्तों में बंधे हैं। जेल से छूटने के बाद केजरीवाल के साथ सहानुभूति है। दो-तीन महीने पहले दिल्ली में चुनाव की मांग कर केजरीवाल इसे भुनाना चाहेंगे।
3. ईमानदार नेता की छवि को मजबूत करेंगे दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे थे। इस्तीफा देने के बाद वे भाजपा नेताओं को सीधे कह सकेंगे कि सिर्फ आरोप रहते उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया। अब उनकी ईमानदारी का फैसला जनता करेगी।

**नगर निगम कार्यकारिणी** | अंतिम क्षण में आम आदमी पार्टी के पार्षद ने लिया नाम वापस, डीएम सर्किल रेट के आधार पर नहीं होगी संपत्तिकर की वसूली...

# निगम के कार्यकारिणी के लिए छह सदस्य चुने गए निर्विरोध

## –सदन बैठक में सर्व सम्मति से लिया फैसला –अधिकारियों की योजना पर फिरा पानी

**गजियाबाद, प्रात : किरण**

नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का एक पार्षद के द्वारा नाम वापस लिए जाने के साथ छह सदस्यों को निविरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। एक तरह से भाजपा निगम कार्यकारिणी में पार्टी के पांच सदस्यों को लाने में कामयाब हो गई। बैठक के दौरान डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर निर्धारण का भी प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान सदन बैठक के दौरान उपस्थित ज्यादातर पार्षदों ने हाथ खडे करते हुए तय किया कि किसी भी स्थिति में डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर नहीं बढाया जाना चाहिए। हालांकि इस दौरान निगम के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर वसूली की व्यवस्था निगम अधिनियम के अंतर्गत लागू की गई है। इसमें भी डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर की वसूली केवल नई संपत्तियों पर लागू की गई है। तमाम सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि एक शहर में दो तरह की संपत्तिकर वसूली की व्यवस्था लागू नहीं की जानी चाहिए। जिन लोगों से डीएम सर्किल रेट के आधार पर कर वसूली की गई है,उनके पैसे को अगले बिल में एडजस्ट किया जाए। हालांकि डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर वसूली



के मुददे पर बैठक18 तारीख में होनी थीं,जो मुख्य मंत्री के आगमन के मददेनजर स्थगित कर दी गई थीं। अधिकारियों का अंतिम क्षण तक यही प्रयास रहा कि कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव के अलावा किसी



अन्य प्रस्ताव पर चर्चा न हो।

नगर निगम के नवयुग मार्केट स्थित मुख्यालय परिसर में निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव को लेकर सदन की बैठक रखी गई थीं। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता मेंहुई बैठक के दौरान आधा घंटा का वक्त नामवापसी के लिए दिया गया। देखा जाए तो 6 पदों के लिए 11 में 4 पार्षदों के द्वारा पहले ही नामवापस ले लिए गए थे। इस बीच बीजेपी के पार्षद आम आदमी पार्टी से पार्षद मुस्कीम का नाम वापस कराने में कामयाब हो गई। इस तरह से बीजेपी अपने पांच पार्षदों राजीव शर्मा,,अमित मुदगल,नीरज गोयल,नरेश भाटी तथा पूनम सिंह को जीत दिलाने में कामयाब हो गई,जबकि बसपा के नरेश जाटव जीत हासिल करने में कामयाब रहे। हालांकि आम आदमी के पार्षद मुस्कीम के द्वारा कहा गया कि सदन के सम्मान में उनके द्वारा नाम वापस लेने का फैसला लिया गया है।

निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव के बाद अधिकारियों के द्वारा अंतिम क्षणों तक यही प्रयास किए गए कि किसी अन्य मुददे पर चर्चा न हो। हालांकि इस बीच भोवापुर से पार्षद आनंद गौतम की मौत पर शोक सभा के आयोजन के बाद डीएम सर्किल रेट के आधार संपत्तिकर के मुददे का प्रस्ताव रखा गया। इस बीच महापौर के द्वारा कहा गया कि उनतक लगातार इस बात की शिकायतें आ रही है कि निगम के द्वारा दो तरह के बिल भेजे जा रहे है। तमाम पार्षद भी इस पक्ष में है कि निगम आत्म निर्भर हो। उनकी जानकारी ये है कि जिन व्यवसायिक संपत्तियों पर 50 लाख का संपत्तिकर लगना चाहिए,उन पर आवासीय दर से कर का निर्धारण किया गया है। जब एक बार सदन में ये फैसला पहले ही हो चुका है कि डीएम सर्किल रेट पर संपत्तिकर नहीं लगाया जाएगा,इसके बाद भी डीएम सर्किल रेट की व्यवस्था लागू किया जाना पूरी तरह से सदन का अपमान है। उनके पास सदन बैठक की रिकार्डिंग भी उपलब्ध है।इस बीच महापौर ने एलान किया कि जल्द निगम सीमा के अंतर्गत आने वाली व्यवसायिक संपत्तियों की जांच करायी जाएगी। इसके लिए एक्सर्पट का भी सहारा लिया जाएगा।

### बीजेपी महानगर अध्यक्ष की रणनीति रही कामयाब

देखा जाए तो 19 जुलाई को जो निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव के दौरान बीजेपी के तरफ से पार्टी के द्वारा चार नाम घोषित किए गए थे।

हालांकि इस दौरान पार्टी के तीन अन्य पार्षदों के द्वारा बागी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करते हुए संगठन को मुसीबत में डाल दिया था। हालांकि अंतिम क्षण तक संगठन पार्टी के पार्षद राजीव शर्मा के नाम को वापस नहीं करा पाया था। ये पहला मौका था कि इस बार पार्टी के द्वारा कुल पांच पार्षदों के नामों का एलान किया था। इस बीच संगठन आम आदमी पार्टी के पार्षद मुस्तकीम का नाम वापस कराने में कामयाब हो गई।

### निगम अधिनियम का किया पालन

बैठक के दौरान डीएम सर्किल रेट के प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज करने के निर्णय के बीच मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिंन्हा ने कहा कि केवल निगम अधिनियम का पालन करने काम किया गया है। इस व्यवस्था को लागू करने से पहले सभी से आपत्तियां प्राप्त की गई। आपत्तियों पर सुनवायी के बाद ये व्यवस्था लागू की गई। हालांकि मुख्य कर अधिकारी के सुझाव को एक सिरे से खारिज कर दिया गया।

### और बैठक समाप्त होने के एलान से पहले अफसरों ने छोडा सदन

सदन बैठक के दौरान आमतौर पर बैठक समाप्त करने की घोषणा के बाद अधिकारियों के द्वारा सदन कक्ष छोडा जाता है। हालांकि ये पहला मौका था कि जब सदन बैठक समाप्त होने की घोषणा से पहले ही अधिकारी बैठक छोड गए। हालांकि बैठक से नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक भी दूर रहे। कुछ अधिकारियों का तर्क था कि नगर आयुक्त केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री के कार्यक्रम में होने की वजह से सदन बैठक में नहीं पहुंच पाए है।



# कहां शुरू कहां खत्म का हुआ म्यूजिक लॉन्च, ध्वनी भानुशाली की है डेब्यू फिल्म

गायिका ध्वनि भानुशाली गायिकी में जलवा बिखरेने के बाद अब अभिनय में अपना हुनर दिखाने वाली हैं। वह अपनी फिल्म कहां शुरू कहां खत्म से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म के म्यूजिक लॉन्च में फिल्म की पूरी टीम का जमावड़ा देखने को मिला। इस दौरान ध्वनी के साथ आसिम गुलाटी, लेखक लक्ष्मण उतरेकर, निर्देशक सौरभ दासगुप्ता आदि अन्य कलाकार भी नजर आए। फिल्म 20 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इस दौरान ध्वनी भानुशाली और वरुण ने फिल्म का एक रोमांटिक गीत भी गुनगुनाया। इस दौरान दोनों ने सेहरा गाने से मंच पर समां बांध दिया। दोनों को गाते देख आसिम गुलाटी भी दोनों का साथ देने मंच पर आ गए। इस दौरान वहां मौजूद लोग भी गाने पर झूमते नजर आए।

फिल्म के एक और गाने इश्क दे शॉट के दौरान अक्षय और आईपी ने भी फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि पहले वो एक गाना करने वाले थे, फिर इन्होंने फिल्म में तीन गाने कर दिए। इस दौरान दोनों ने फिल्म का गाना इश्क दे शॉट को गुनगुनाया भी। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के निर्माता और निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें इस फिल्म के लिए काम कर काफी मजा आया। इस दौरान ध्वनी से पूछा गया कि म्यूजिक वीडियो की तुलना में फिल्म उनके लिए कितना अलग अनुभव रहा। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ये उनके लिए बेहद अलग अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि म्यूजिक वीडियो में अभिनय और फिल्म में अभिनय करने में काफी अंतर होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने काफी चीजें सीखी हैं। फिल्म के लेखक लक्ष्मण उतरेकर से सवाल किया गया कि क्या फिल्म का शीर्षक पहले फाइनल किया गया था और उसके बाद लता मंगेशकर के गाए गाने को शामिल किया गया था? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म का शीर्षक तय करने के बाद ही निर्णय लिया गया था कि इसमें ये गाना भी शामिल किया जाएगा। एक और सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म में एक प्यारा संदेश भी दिया गया है।



# अनन्या पांडे ने रिलेशनशिप स्टेटस पर तोड़ी चुप्पी

अनन्या पांडे इन दिनों अपने वेब शो 'कॉल मी बे' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वेब शो के अलावा अनन्या अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ अपने कथित रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने इन अफवाहों के बारे में बात की और खुद को रहस्यमयी बताया। बातचीत के दौरान, एक प्रशंसक ने अनन्या से उनके रिश्ते के बारे में और वह एक साथी में क्या गुण देखती हैं इसके बारे में प्रश्न पूछा। इस पर अनन्या ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'आह, 'रहस्यमयी अनन्या', उन्होंने आगे कहा पहला भाग रहस्य होने वाला है, क्योंकि जैसा मैंने कहा कि मैं एक रहस्यमय व्यक्ति हूं।'

बातचीत में आगे अनन्या ने अपने साथी के अंदर होने वाले गुणों पर चर्चा करते हुए बताया कि उन्हें कैसा हमसफर चाहिए। अनन्या ने ऐसे व्यक्ति की इच्छा जताई, जो उनके सपनों का समर्थन करे और उनका उत्साह बढ़ाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ऐसे व्यक्ति को पाना कितना मुश्किल है। अनन्या ने कहा वह एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो उन्हें हंसाए और उनका एक अच्छा दोस्त हो। अनन्या ने इस दौरान यह भी साझा किया कि उन्हें अपने निजी जीवन को लोगों की नजरों से दूर रखना चुनौतीपूर्ण है। अनन्या ने यह भी माना की वह स्वभाव से निजी व्यक्ति नहीं हैं और अपने रिश्तों को साझा करने की इच्छा और गोपनीयता बनाए रखने को लेकर संघर्ष करती हैं। अनन्या ने कहा, 'अगर मैं किसी से प्यार करती हूं, तो मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ होती हूं, जिसके बारे में मैं छत पर चढ़कर चिल्लाकर बताना चाहती हूं। मैं रिश्तों का जश्न मनाने में विश्वास करती हूं, उन्हें छिपाने में नहीं, लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि कभी-कभी आप जिसके साथ होते हैं उसे यह पसंद नहीं होता या वह वैसा नहीं चाहता।' अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में 'कॉल मी बे' में देखी गईं और जल्द ही 'सीटीआरएल' में नजर आएंगी।

# बिग बॉस 18 की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट बनीं निया शर्मा 3 बार कर चुकी हैं रिजेक्ट



बिग बॉस 18 लगभग अक्टूबर से शुरू हो सकता है और अभी से ही इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर चर्चा तेज है कि कौन शो में आएगा और कौन नहीं। इन सारी खबरों के बीच, निया शर्मा शो की कंफर्म कंटेस्टेंट्स बन गई हैं और वो बिग बॉस 18 में जाने के लिए तैयार हैं। सूत्र ने कहा, आखिरकार निया खुद को घर के अंदर बंद करने के लिए तैयार हो गईं और उन्होंने कुछ दिन पहले ही साइन किया है एक्ट्रेस फिलहाल कलर्स पर एक कॉमेडी-कुकिंग शो लाफ्टर शेफ्स का हिस्सा हैं।

बिग बॉस अपने 18वें सीजन के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फैंस इस बात को जानने के लिए बेसब्र हैं कि इस सीजन के कंटेस्टेंट्स कौन होंगे। एक के बाद एक नाम सामने आ रहे हैं और इनका खुलासा धीरे-धीरे हो रहा है। बहुत सारी एक्साइटमेंट के बीच, पता चला है कि लोकप्रिय टेलीविजन एक्ट्रेस निया शर्मा सीजन की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट हैं। शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि यह शो संभवत: हर साल बिग बॉसको ऑफर किया जाता रहा है। हालांकि, इस समय तक चीजें काम नहीं कर रही थीं। सूत्र ने कहा, आखिरकार निया खुद को घर के अंदर बंद करने के लिए तैयार हो गईं और उन्होंने कुछ दिन पहले ही साइन किया है। उनके साथ-साथ टीम भी उन्हें अपने साथ शामिल करने को लेकर काफी एक्साइटेड है।

## बिग बॉस 18 में निया शर्मा

बिग बॉस से पहले निया शर्मा रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 8 का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां वह फाइनलिस्ट थीं। इसके बाद उन्होंने महामारी के दौरान खतरों के खिलाड़ी - मेड इन इंडिया में भाग लिया और विनर बनकर उभरीं।



# स्त्री फ्रेंचाइजी में श्रद्धा के किरदार के नाम से कब उठेगा पर्दा? श्रद्धा ने किया खुलासा

श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। पहले भाग की तरह इस फिल्म में भी उन्होंने रहस्यमयी लड़की की भूमिका निभाई है। पिछले फिल्म की तरह ही इस बार भी उनका नाम दर्शकों को पता नहीं लग सका। इस बीच हाल ही में श्रद्धा ने अपनी इस फिल्म से कुछ पर्दे के पीछे की झलकियां फैंस के साथ साझा कीं। साथ ही, उन्होंने कमेंट बॉक्स में लोगों के सवाल के जवाब भी दिए। ऐसा ही एक सवाल जब उनके किरदार के नाम को लेकर किया गया तो अभिनेत्री ने फैन से अपने किरदार का नाम बताने का पक्का वादा कर डाला। दरअसल, हाल ही में श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक रील साझा की थी, जिसमें स्त्री 2 की कुछ पर्दे के पीछे की तस्वीरें थीं। एक तस्वीर में निर्देशक अमर कौशिक अपनी गर्दन के चारों ओर श्रद्धा की शक्तिशाली चोटी लपेटे हुए बैठे हुए दिखाई दे रहे थे। श्रद्धा ने इस रील के जरिए अपने कुछ पोस्टर और कुछ एक्शन दृश्यों की शूटिंग की झलक भी पेश की थी। ऑडियो में उन्होंने चमत्कारी चोटी थीम का इस्तेमाल किया था। इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में श्रद्धा ने अपने फॉलोअर्स के साथ मजेदार बातचीत भी की। एक यूजर ने पूछा, लेकिन नाम क्या था ये तो बता दो। इसका शानदार जवाब देते हुए श्रद्धा ने कहा, पक्का बताऊंगी! स्त्री 3 में। श्रद्धा के इस जवाब से फैंस कयास लगा रहे हैं कि अगले भाग में उनके नाम से पर्दा उठ सकता है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। स्त्री 2 की बात करें तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है। जवान के बाद कमाई के मामले में सबसे कामयाब फिल्म बन चुकी है। अब तक के आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने 555 करोड़ की कमाई कर ली है। आने वाले समय में यह फिल्म जवान के हिंदी भाषा के कलेक्शन को भी पीछे छोड़ सकती है।



# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने गुपचुप रचा ली शादी

बॉलीवुड के स्टार कपल अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने शादी कर ली है। उन्होंने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद फैंस को ये गुड न्यूज मिली। अदिति ने सिद्धार्थ संग शादी का ऐलान करते हुए कैप्शन में लिखा, तुम मेरे सूरज हो, मैं तुम्हारा चांद और मेरे सभी सितारे... अनंत काल तक पिक्सी सोलमेट बने रहना... हंसी के लिए, कभी बड़े ना होने के लिए... अनंत प्रेम के लिए, लाइट और मैजिक के लिए... मिसेज एंड मिस्टर अदू-सिद्धू। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर 9 तस्वीरें शेयर की हैं। वो एक मंदिर के बाहर नजर आ रहे हैं। अदिति ने हल्की भूरे रंग की साड़ी पहनी है। बालों में गजरा लगाए, सिंपल से लुक में वो सबसे खूबसूरत दुल्हन लग रही हैं। वहीं, सिद्धार्थ ने सफेद रंग की धोती और कुर्ता पहना है, जैसा की साउथ इंडियन कल्चर में पहना जाता है। बताया जा रहा है कि दोनों ने तेलंगाना के वानापर्थी में स्थित 400 साल पुराने श्रीरंगपुर मंदिर में ब्याह रचाया और किसी को कानों-कान खबर तक नहीं मिली। इन तस्वीरों को पोस्ट करते ही ये सोशल मीडिया पर छा गई हैं। बधाइयों का तांता लग गया है। सोनाक्षी सिन्हा से लेकर अनन्या पांडे, दुलकर सलमान, अथिया शेट्टी, दीया मिर्जा सहित तमाम सितारों ने उन्हें बधाई दी है।

# सना मकबूल बोलीं कभी अभिनेता को डेट नहीं किया

अभिनेत्री सना मकबूल ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अपने रिलेशनशिप को लेकर बातचीत की। सना ने बातचीत करते हुए कहा कि उनका कभी किसी अभिनेता से अफेयर नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी किसी अभिनेता को डेट नहीं किया है। हमेशा ऐसे इंसान को देखा, जो इडंस्ट्री से ना हो। उन्होंने कहा कि अभिनेता के साथ डेट करने का कोई अनुभव नहीं है, इसलिए पता भी नहीं है कि उनके साथ रिलेशनशिप कैसे चलता है। सना खान का नाम व्यवसायी श्रीकांत बुरेड्डी के साथ जोड़ा जाता है, हालांकि उनकी ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।





# देवरा में काम करने को लेकर सैफ ने साझा किया अपना अनुभव

देवरा फिल्म से सैफ अली खान तेलुगु फिल्मों में अपना डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म के दौरान उन्होंने दो पेज लंबे संवाद बोले हैं। फिल्म में काम करने के अपने अनुभवों को लेकर अब अभिनेता ने बात की है। सैफ अली खान बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता हैं। उन्होंने बीते कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। हिंदी फिल्मों में अपनी एक अलग पहचान हासिल करने के बाद अब वह अन्य भाषा की फिल्मों को भी वरीयता दे रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में ही तेलुगु भाषा की आगामी फिल्म देवरा से तेलुगु फिल्मों में डेब्यू किया है। इस फिल्म में वह साउथ के मशहूर अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाले हैं। हाल में ही अभिनेता ने इस फिल्म से जुड़ने और इसमें काम करने का अपना अनुभव साझा किया है।

## सैफ को तेलुगु में संवाद बोलने को लेकर थी संशय

सैफ ने कहा कि वह फिल्म की शूटिंग के पहले दिन काफी नर्वस थे। इस फिल्म में वह एनटीआर के किरदार देवरा के सामने भैरव बन कर चुनौती पेश करने वाले हैं। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ बातचीत के दौरान, जूनियर एनटीआर और कोराताला शिवा ने खुलासा किया कि उन्हें इस फिल्म के लिए ओमकारा की वजह से चुना गया। इस बीच सैफ ने बताया कि वो इस फिल्म के लिए शिवा द्वारा कहानी सुनाने की वजह से राजी हुए, लेकिन वह तेलुगु में अपने संवाद बोलने को लेकर संशय में थे।

## पहले दिन घबराए हुए थे सैफ

अभिनेता ने कहा कि शूटिंग के पहले दिन वह काफी घबरा गए थे। उन्होंने कहा, पहले दिन, मुझे एक महिला से ये संवाद बोलने थे, जो अपना किरदार निभा रही थीं। मुझे कुछ संवाद सुनाए गए और मैंने कहा कि मैं कोशिश करूंगा और इसे बोलूंगा। मेरी पीठ से पसीना बहने लगा और मुझे काफी रोमांच महसूस हुआ, जो मैंने लंबे समय से महसूस नहीं किया था। यह मेरे लिए एक नई चीज की तरह थी और मैं घबरा गया था। मुझे लगा था कि मैं इसे ठीक से नहीं कर पाऊंगा।

## 27 सितंबर को रिलीज होगी देवरा

अभिनेता ने आगे कहा कि जैसे-जैसे समय बीतता गया वह लय में आ गए और उन्हें दो-दो पेज लंबे संवाद भी बोले। अभिनेता ने कहा, मैंने एक या दो लाइन से शुरुवात की, जो कि सही रही। उन्होंने कहा कि आपको ज्यादा बोलना नहीं पड़ेगा, लेकिन कुछ दिनों के बाद, वह मेरे काम से प्रभावित हो गए और मुझे भाषा की आदत हो गई। यह इतना मुश्किल भी नहीं है। उसके बाद अचानक डायलॉग लंबे होने लगे,मैंने कहा कि आपने मुझसे वादा किया था कि यह एक या दो लाइन का होगा। इसके बाद फिर सहायक आता और कहता, सर डायलॉग और वह लगातार बोलता रहता। मैंने कहा कि यह दो पेज का डायलॉग है, तो शिवा सर ने कहा कि आप इसे अब कर सकते हैं और यह सच है, हमने इसे किया। बताते चलें कि देवरा 27 सितंबर को रिलीज हो रही है।

# तलाक के डर से शादी नहीं करना चाहतीं अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन 41 वर्ष की उम्र में भी सिंगल हैं। त्रिशा के मुताबिक आज कल रिश्ता निभाने में कोई विश्वास नहीं रखता। उन्होंने साझा किया कि उनके आसपास ऐसे लोग हैं, जो गलत रिश्ते में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक त्रिशा ने कहा, अगर आप मुझसे पूछेंगे कि शादी कब करनी है, तो सच में मुझे नहीं पता, यह पूरी तरह से उस पर निर्भर करता है, जिसके साथ मैं हूं। उन्होंने आगे कहा, क्योंकि मैं तलाक पर विश्वास नहीं रखती। अभिनेत्री ने कहा कि अगर वह शादी करेंगी तो तलाक की ओर नहीं जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनके कई जानने वाले हैं, जो गलत रिश्ते में हैं और खुश नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह इसलिए इंतजार कर रही हैं कि कोई ऐसा मिले जो उनके लिए सही हो। उन्होंने कहा अगर ऐसा नहीं होता तो नहीं करूंगी शादी, वो भी ठीक है।






## रिपोर्ट : 67 फीसदी इंजीनियरों को एआई के कारण नौकरी जाने का डर, 87 प्रतिशत ने माना- कॅरिअर बचाने के लिए कौशल विकास जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई के कारण 67 प्रतिशत इंजीनियरों को नौकरी जाने का डर सता रहा है। ग्रेट लर्निंग की शोध रिपोर्ट 2024-25 ने कहा, 67.5 प्रतिशत इंजीनियरों ने माना कि उनकी नौकरियों पर एआई का बुरा असर पड़ रहा है। जबकि 87.5 प्रतिशत का कहना है कि तकनीक के अत्यधिक अपग्रेड के चलते कॅरिअर सुरक्षित रखने के लिए कौशल विकास अधिक महत्वपूर्ण है। एआई की नियमित कार्यों को स्वचालित करने और जटिल डाटा विश्लेषण करने की क्षमता इंजीनियरिंग परिदृश्य को नया आकार दे रही है। अनुमान के अनुसार, अगले दशक में 20-40 प्रतिशत इंजीनियरिंग कार्यों को स्वचालित किया जा सकता है। इसके अलावा 89 प्रतिशत इंजीनियर नए कठिन कौशल हासिल करने की योजना बना रहे हैं। इसमें एआई-एमएल सर्वाधिक मांग वाले क्षेत्र हैं। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे के डीन डॉ. दिनेश सेठ ने कहा, इंजीनियरों की भूमिका प्रभावित होने जा रही है।

## 15 लाख स्नातकों में 10 प्रतिशत को ही नौकरी

**नई दिल्ली।** इस वर्ष भारत में 15 लाख इंजीनियरिंग स्नातकों में से सिर्फ 10 प्रतिशत को ही नौकरी की संभावना है। देश में इंजीनियरिंग स्नातकों की रोजगार क्षमता 60 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सिर्फ 45 प्रतिशत स्नातक ही इंडस्ट्री के मानकों पर खरे उतरते हैं। हाल में टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप की जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि देश में इंजीनियरिंग लंबे समय से देश के विकास का आधार रहा है। जबकि बदलती तकनीक के कारण रोजगार में गिरावट आई है। यह खतरनाक है।

## भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं: फियो




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ के अनुसार भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब वैश्विक स्तर पर कोई समस्या नहीं है और विदेशी खरीदार अब इन्हें चीन के बजाय तरजीह दे रहे हैं। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय वस्तुओं के निर्यात में 5 से 8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा और रसायन उद्योग अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता घटाकर भारत को आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत के रूप में प्राथमिकता दे रहे हैं।

# 2,200 प्रतिशत बढ़ गई इनकम, 25 स्थान की छलांग...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटाग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस देश में सबसे ज्यादा कैश रिच प्राइवेट सेक्टर प्रमोटर बनी हुई है। दूर-दूर तक कोई इसके मुकाबले में नहीं है। 2023-24 में कंपनी ने डिविडेंड और शेयर बायबैक से 36,500 करोड़ रुपये की कमाई की जो पिछले साल के मुकाबले 7.5 परसेंट अधिक है। पिछले साल यानी फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी की कमाई 27,800 करोड़ रुपये रही थी। टाटा संस की कमाई में सबसे ज्यादा योगदान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का रहा जो देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। टीसीएस मार्केट कैप के मामले में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे नंबर पर है। टाटा संस की टीसीएस में 71.74 फीसदी हिस्सेदारी है।

बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक कमाई के मामले में विप्रो के प्रमोटर अजीम प्रेमजी दूसरे नंबर है। फाइनेंशियल ईयर 2024 में उन्होंने डिविडेंड और शेयर बायबैक से करीब 9,100 करोड़ रुपये कमाए जो पिछले साल के मुकाबले करीब 22 गुना ज्यादा है। पिछले साल उनकी कमाई 400 करोड़ रुपये रही थी। 2022-23 में वह इस लिस्ट में 27वें नंबर थे लेकिन 2023-24 में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज की प्रमोटर शिव नाडर फैमिली इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 2023-24 में इस परिवार की कमाई करीब 8,600 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के मुकाबले 8.3 फीसदी अधिक है।



### मुकेश अंबानी की कमाई

वेदांता के प्रमोटर अनिल अग्रवाल इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। पिछले फाइनेंशियल ईयर में उनकी डिविडेंड इनकम 6,799 करोड़ रुपये रही जो 2022-23 के मुकाबले 73.8 फीसदी कम है। वह इस लिस्ट में दूसरे से फिसलकर चौथे नंबर पर फिसल गए। इन्फोसिस के प्रमोटर नारायण मूर्ति, नंदन निलेकणि, एस गोपालकृष्णन, दिनेश के और एसडी शिबूलाल की कमाई करीब 100 फीसदी तेजी के साथ 3,745.3 करोड़ रुपये रही। रिलायंस के प्रमोटर मुकेश अंबानी इस लिस्ट में चौथे से छठे नंबर पर खिसक गए। 2023-24 में डिविडेंड से उनकी कमाई में 11.1 फीसदी की तेजी आई और यह 3,322.8 करोड़ रुपये रही। बजाज ऑटो की प्रमोटर राहुल बजाज फैमिली की डिविडेंड से कमाई पिछले साल 1,911.2 करोड़ रुपये रही। अशोक लीलेंड की प्रमोटर हिंदुजा फैमिली की कमाई 2023-24 में 143.1 फीसदी बढ़कर 1,779.5 करोड़ रुपये रही। सन फार्मा के प्रमोटर दिलीप सांघवी की कमाई 1,764.6 करोड़ रुपये और एशियन पेंट्स के मनीष चोकसी, मलव दानी और नेहाल वकील की डिविडेंड से कमाई 1,681.1 करोड़ रुपये रही। पिछले पांच साल में टाटा संस को लिस्टेड कंपनियों से डिविडेंड और बायबैक के रूप में 1.42 लाख करोड़ रुपये मिले।

## राजिंदर गुप्ता बन गए हैं लुधियाना के सबसे अमीर व्यक्ति

**▶▶ ट्राइडेंटग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन हैं राजिंदर गुप्ता ▶▶ हुरुन रिच लिस्ट के मुताबिक, 13,280 करोड़ की संपत्ति**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजिंदर गुप्ता लुधियाना के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, ट्राइडेंट ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन राजिंदर गुप्ता के पास 13,280 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राजिंदर गुप्ता ने 1985 में अभिषेक इंडस्ट्रीज की शुरुआत की थी, जो फर्टिलाइजर्स बनाने का काम करती है। 1991 में उन्होंने एक और कंपनी के साथ मिलकर स्पिनिंग मिल की शुरुआत की। उनकी कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एम-कैप) 18,676 करोड़ रुपये है। फोर्ब्स के अनुसार, राजिंदर की कुल संपत्ति 1.6 अरब डॉलर है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 में राजिंदर गुप्ता को लुधियाना का सबसे अमीर शख्स बताया गया है। राजिंदर गुप्ता की सफलता का पता उनकी विशाल संपत्ति और उनके बिजनेस साम्राज्य के विस्तार से लगता है। लुधियाना के आर्थिक विकास में उनका बड़ा योगदान रहा है।

राजिंदर गुप्ता ने भारत के उदारीकरण के समय पंजाब में उद्योग की नींव रखी। लुधियाना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1985 में अभिषेक इंडस्ट्रीज की स्थापना से की थी। यह कंपनी उर्वरकों के व्यवसाय से जुड़ी थी।




छह साल बाद 1991 में गुप्ता ने एक अन्य कंपनी के साथ साझेदारी में एक स्पिनिंग मिल खोली और अपने व्यापार को और बढ़ाया। फोर्ब्स के अनुसार, 2024 तक राजिंदर गुप्ता की कुल संपत्ति 1.6 अरब डॉलर (लगभग 13,280 करोड़ रुपये) हो गई है। ट्राइडेंट ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 18,676 करोड़ रुपये है। राजिंदर गुप्ता के नेतृत्व में ट्राइडेंट ग्रुप ने भारतीय कपड़ा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजिंदर गुप्ता को उनके उद्योग में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार की ओर से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। राजिंदर गुप्ता कोपंजाब का धीरूभाई अंबानी भी कहा जाता है। उन्होंने गरीबी से उठकर करोड़ों का कारोबारी साम्राज्य खड़ा किया है। उनकी प्रेरणादायक कहानी पंजाब के बिजनेस स्कूलों में पढ़ाई जाती है। राजिंदर को बचपन में ही आर्थिक तंगी के कारण 14 साल की उम्र में स्कूल छोड़ना पड़ा था। गुजारा चलाने के लिए उन्होंने मोमबत्ती और सीमेंट की फैक्ट्री में मजदूरी भी की। वहां उन्हें सिर्फ 30 रुपये रोज मिलते थे। कई रातें तो ऐसी भी आई जब उन्हें भूखा ही सोना पड़ा।

# रेपो रेट में कटौती के लिए अभी करना होगा इंतजार, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आधारभूत ब्याज दरों यानी रेपो रेट में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम ही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा है कि ब्याज दरों में नरमी का फैसला मासिक आंकड़ों पर नहीं बल्कि लंबी अवधि की मुद्रास्फीति की स्थिति के आधार पर तय होगा।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 7 से 9 अक्टूबर के बीच होनी है, जिसमें ब्याज दरों पर फैसला होना है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त में हुई पिछली बैठक में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने की जोखिमों के बीच लगातार नौवीं बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। अगस्त की बैठक में, छह में से चार एमपीसी सदस्यों ने ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था।

सीएनबीसी इंटरनेशनल को दिए एक साक्षात्कार में दास ने कहा कि हमारा महंगाई के मोर्चे पर महीने-दर-महीने की गति पर रहेगा। मुद्रास्फीति बढ़ रही है या कम हो रही है, इसकी सावधानीपूर्वक निगरानी की जाएगी और उस आकलन के आधार पर निर्णय किए जाएंगे।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, यह सवाल नहीं है कि मौजूदा संदर्भ में, जैसे जुलाई में, मुद्रास्फीति लगभग 3.6 प्रतिशत पर आ गई, जो संशोधित संख्या है, और अगस्त में 3.7 प्रतिशत पर आ गई है। यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है कि मुद्रास्फीति अभी कैसी है; हमें अगले छह महीनों के लिए, अगले एक साल के लिए, मुद्रास्फीति का क्या रुख है, इस पर ध्यान देना होगा। दास ने कहा, इसलिए, मैं एक कदम पीछे हटना चाहूंगा और अधिक सावधानी से देखना चाहूंगा कि मुद्रास्फीति और विकास का भविष्य का प्रक्षेपवक्र क्या है, और उसके आधार पर, हम निर्णय लेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अक्टूबर की शुरुआत में दरों में कटौती पर सक्रिय रूप से विचार करेगी, दास ने जवाब दिया, नहीं, मैं ऐसा नहीं कह सकता। आरबीआई गवर्नर ने कहा, हम एमपीसी में चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे। लेकिन जहां तक विकास और मुद्रास्फीति की गतिशीलता का सवाल है, मैं दो बातें कहना चाहूंगा। उन्होंने कहा, एक, विकास की गति अच्छी बनी हुई है, भारत की विकास कहानी बरकरार है और जहां तक मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण का सवाल है, हमें महीने-दर-महीने की गति को देखना होगा। उन्होंने कहा कि इसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ से चूक गए हैं अभी भी है खरीदने का मौका, तीन गुना तक जाएगी कीमत!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ की सोमवार को जबरदस्त लिस्टिंग हुई थी। लिस्टिंग पर ही इसने निवेशकों को दोगुने से ज्यादा मुनाफा दे दिया था। सोमवार को मार्केट बंद होने तक इसकी कीमत में और तेजी आ गई थी। मंगलवार को मार्केट खुलने के आधे घंटे के अंदर ही इसने निवेशकों को करीब 9 फीसदी का मुनाफा दे दिया। अगर आपको इसका आईपीओ नहीं मिला तो अभी भी इसके शेयर खरीद खकते हैं। ब्रोकरेज फर्म फिलिपकैपिटल के मुताबिक इस शेयर की कीमत आईपीओ प्राइज से तीन गुना तक जा सकती है। ऐसे में एक्सपर्ट ने इस कंपनी के शेयर को बेस्ट बाय की कैटेगिरी में रखा है। जो निवेशक इस कपनी के आईपीओ में बोली नहीं लगा पाए या जिन्हें इसका अलॉटमेंट नहीं हुआ, वे अभी भी इसके शेयर खरीदकर मुनाफा कमा सकते हैं। 100 फीसदी से ज्यादा प्रीमियम पर लिस्टिंग बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ 100 फीसदी से ज्यादा प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था। इसकी कीमत 70 रुपये थी।

## एलआईसी ने अपने नेक्स्ट लेवल डिजिटल मंच के लिए इंफोसिस को चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी जीवन बीमा निगम ने अपने नेक्स्ट लेवल के डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाकर अपने डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाने के लिए इंफोसिस को चुना है। आईटी सेवा कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस पहल के तहत ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित पर्सनलाइजेशन पर ध्यान दिया जाएगा। हालांकि कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया। एक बयान में कहा गया है कि इंफोसिस ने सोमवार को भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। खबर के मुताबिक, सौदे के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित पर्सनलाइजेशन एक्सपीरियंस देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर, कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाई लेवल बनाने के बाद आज (17 सितंबर) सोने-चांदी की कीमतों में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गिरावट आई है। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 0.12 फीसदी गिरावट के साथ 73,405 रुपए, जबकि चांदी के वायदा भाव 0.15 फीसदी गिरकर 89,477 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में सुस्ती और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद नरम पड़ गए, जबकि चांदी के वायदा भाव सुस्त शुरुआत के बाद चढ़ गए। कामेक्स पर सोना 2,609.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,608.90 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 3.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,605.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.07 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 31.13 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.02 डॉलर की तेजी के साथ 31.15 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## जेके सीमेंट ने जेके संगठन के ग्लोबल इनोवेशन और मार्केटिंग लीडरशिप के 140 वर्षों का जश्न मनाया



**नई दिल्ली , एजेंसी।** अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी, भारत में ग्रे सीमेंट के अग्रणी निर्माताओं में से एक और दुनिया में सबसे बड़े व्हाइट सीमेंट निर्माताओं में शामिल जेके सीमेंट लिमिटेड ने नई दिल्ली में हुए एक भव्य कार्यक्रम में जेके ऑर्गनाइजेशन की उल्लेखनीय विरासत के 140 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में समूह के समृद्ध इतिहास, भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में इसके महत्वपूर्ण योगदान और इसके कर्मचारियों और भागीदारों के अटूट समर्पण को सम्मानित किया गया। जेके संगठन की स्थापना से लेकर उसके वैश्विक दिग्गज बनने तक की यात्रा का जश्न मनाने के लिए हुए समारोह में गणमान्य व्यक्तियों, उद्योग जगत के दिग्गजों, कर्मचारियों और प्रमुख हितधारकों ने हिस्सा लिया। जेके सीमेंट से अपने करियर की शुरूआत करने वाले नई दिल्ली के उपराज्यपाल श्री वीके सक्सेना भी समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य श्री राजीव शुक्ला भी उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए जेके संगठन के शीर्ष अधिकारी जेके संगठन के उपाध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया, जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया और जेके सीमेंट के संयुक्त एमडी और सीईओ श्री माधवकृष्ण सिंघानिया शामिल थे।

# करोड़ों की मालकिन भारतीय सीईओ बोलीं- मैंने कभी महंगी कार नहीं खरीदी, जोमेटो से 40 रुपए का कूपन पाकर होती बहुत खुशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट की सीईओ राधिका गुप्ता ने हाल ही में एक पॉडकास्ट पर अपने पैसे खर्च करने के तरीके के बारे में बात की। वे भारतीय वित्तीय दुनिया की एक प्रमुख शख्सियत हैं और उनके पास एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट के तहत 1 लाख करोड़ से अधिक के एसेट्स हैं। उनकी खुद की संपत्ति लगभग 41 करोड़ आंकी जाती है। वे शार्क टैंक इंडिया में एक निवेशक के रूप में भी काम कर चुकी हैं, जहां वे स्टार्टअप्स को फंडिंग करती हैं। राधिका गुप्ता ने बताया कि वे अब भी जोमेटो कूपन का इस्तेमाल करके डील्स पाने में मज़ा लेती हैं। राधिका गुप्ता 1 लाख करोड़ से अधिक के एसेट्स की देखरेख करती हैं। उनकी खुद की संपत्ति करीब 41 करोड़ है और वे शार्क टैंक इंडिया में भी निवेशक के रूप में नजर आ चुकी हैं। हालांकि उनकी संपत्ति काफी अधिक है, फिर भी राधिका गुप्ता अपने पैसे खर्च करने को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं।

हाल ही में मनी एंड मेंटल हेल्थ पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि वे अब तक लक्ज़री कार नहीं खरीद पाई हैं और अब भी ज़ोमाटो कूपन से पैसे बचाने पर



उत्साहित हो जाती हैं। राधिका ने यह भी कहा कि उन्हें ज़ोमाटो कूपन से पैसे बचाने में मज़ा आता है। मुझे ज़ोमाटो के 40 रुपए के कूपन में भी खुशी होती है । उन्होंने कहा द्मद्ध पहले, जब लोग उनकी कार या हैंडबैग के बारे में टिप्पणी करते थे, तो वे असुरक्षित महसूस करती थीं। लेकिन अब वे इस बारे में सोचती हैं, मेरी पसंद, मेरा जीवन। उन्होंने कहा, मैं लक्ज़री कार नहीं खरीद पाती। मैं इसे अफोर्ड कर सकती हूं... हर बार जब मुझे बोनस मिलता है, मैं सोचती हूं कि अब एक महंगी कार खरीद लूंगी, लेकिन मैंने कभी ऐसा नहीं किया। गुप्ता का मानना है कि यह उनकी मध्यम वर्गीय सोच या उनके वित्तीय समझ के कारण हो सकता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए कार एक अवमूल्यनशील संपत्ति है।

हालांकि उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है, गुप्ता ने स्वीकार किया कि वे अभी भी बहुत सावधान रहती हैं कि अपने पैसे को कैसे खर्च करें। उन्होंने यह भी कहा कि वे लक्जरी वस्तुएं, जैसे लक्जरी कारें, खरीदने में असमर्थ महसूस करती हैं। एक हालिया पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि, जब भी उन्हें बोनस मिलता है, वे सोचती हैं कि एक महंगी कार खरीदेंगी, लेकिन कभी भी ऐसा नहीं कर पाईं। इसके पीछे उनका कहना है कि उन्हें लगता है कि एक कार एक अवमूल्यनशील संपत्ति है और यह उनके वित्तीय दृष्टिकोण के साथ मेल नहीं खाती। राधिका गुप्ता ने बताया कि उनके बचपन में कई सहपाठी आर्थिक रूप से अधिक संपन्न थे, और इस असुरक्षा को दूर करने में उन्हें समय लगा। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने कुछ हद तक सुरक्षा महसूस की है, लेकिन फिर भी वे लक्जरी वस्तुओं को खरीदने में असहज महसूस करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी वित्तीय सोच या आदतें, जो एक वित्तीय पेशेवर की होती हैं, शायद इस कारण भी हैं कि वे लक्जरी वस्तुएं खरीदने में हिचकिचाती हैं। उन्हें यह भी लगता है कि एक कार की कीमत समय के साथ घटती है, जिससे उनकी सोच और भी मजबूत होती है।

## छिंदवाड़ा में नए एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च के साथ अपनी पैन इंडिया रिटेल स्ट्रेटेजी का विस्तार कर रहा एसुस

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** देश भर में ब्रैंड के रिटेल फुटप्रिंट को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज छिंदवाड़ा में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया है। यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर 400 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला सहित एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनमें वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल इन वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ शामिल हैं। छिंदवाड़ा में स्थित यह ब्रैंड का पहला स्टोर है। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया,ने कहा, हम भारत में अपने रिटेल फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद हर्षित महसूस कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## चेन्नई में टेस्ट से पहले प्लेइंग-11 को लेकर गंभीर और रोहित की बढ़ी मुश्किलें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से 2 टेस्ट मैच की सीरीज शुरू होगी, जिसका पहला मैच चेपॉक स्टेडियम यानी चेन्नई में खेला जाएगा। एक छोटे ब्रेक के बाद एक बार फिर कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और कोच गौतम गंभीर जैसे दिग्गज मैदान पर नजर आएंगे। लेकिन इस बीच पिच को लेकर एक मामला सामने आया है, जो टीम इंडिया के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। रोहित और गंभीर के सामने पहला बड़ा सवाल तो प्लेइंग-11 तय करने का ही होगा। टीम इंडिया के सामने ये चुनौती है कि वो 3 स्पिनर और 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरे या 4 स्पिनर और 1 तेज गेंदबाज के साथ। टीम कॉम्बिनेशन कैसे मजबूत हो इसलिए यह फैसला लेना काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। यह मैच चेपॉक में लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा। इस बात की पूरी उम्मीद है कि इस पिच पर गेंदबाजों को बढ़िया उछाल मिलेगा और गेंद कीपर तक आराम से एक अच्छी ऊंचाई पर जाएगी। हालांकि, चेन्नई में तेज गर्मी के कारण स्पिनर समय बीतने के साथ-साथ अपनी भूमिका जरूर अदा करेगा। फिर भी ऐसा माना जा रहा है कि तेज गेंदबाज पूरे टेस्ट के दौरान बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। पिच और परिस्थितियों के मुताबिक तो यहां पर तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग भी मिल सकता है। हालिया कुछ वर्षों से चेपॉक के पिचों का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है।

फिलहाल के लिए ऐसा लग रहा है कि भारतीय टीम पांच गेंदबाजों के मजबूत बॉलिंग लाइन अप के साथ मैदान पर उतरेगी, जिसमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप और टीम के एकमात्र बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी टीम में हैं। भारत नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा, उसके तैयारियों के नजरिए से टीम इंडिया एक स्टेबल और मजबूत टीम कॉम्बिनेशन को इस टेस्ट सीरीज के जरिए तैयार जरूर करना चाहेगी।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की प्राइज मनी 225 प्रतिशत बढ़ी

- चैंपियन टीम को मिलेंगे 19.5 करोड़ रुपए, 3 अक्टूबर से शुरू होगा टूर्नामेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएई में 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में 66.62 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी जाएगी। आईसीसी ने मंगलवार को बताया कि चैंपियन टीम को 19.59 करोड़ रुपए और रनरअप टीम को 9.79 करोड़ रुपए मिलेंगे। 2023 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले प्राइज मनी में 225त्न का इजाफा हुआ है। खिताब जीतने वाली टीम टीम को पहले की तुलना में 134त्न ज्यादा रकम देने का ऐलान किया है। रनरअप टीम को भी पहले की तुलना में 134 प्रतिशत ज्यादा राशि मिलेगी। 2023 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 8 करोड़ रुपए मिले थे।

**आईसीसी मेंस और विमेंस टीम को बराबर प्राइज मनी देगा** -इस बार प्राइज मनी मेंस के बराबर दी जाएगी। मेंस में टोटल 93.52 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी गई थी, लेकिन उसमें 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। वहीं विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में 66.62 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी जाएगी। इसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी।

# साक्षी मलिक और गीता फोगाट को मिला दिव्या काकरान का साथ, लेकिन उनकी रेसलिंग लीग में खेलने से किया मना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए ओलंपिक पदक जीत चुकी स्टार महिला पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने नई रेसलिंग लीग शुरू करने का ऐलान किया। इन दोनों महिला पहलवानों को अमन सेहरावत का साथ मिला जिन्होंने भारत के लिए ओलिंपिक में मेडल जीता था। साक्षी और गीता का मानना है कि कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग के जरिए रेसलर्स को और ज्यादा मौके मिलेंगे। हालांकि इस लीग को लेकर डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने साफ तौर पर कहा कि हम इसका समर्थन बिल्कुल भी नहीं करेंगे।

साक्षी और गीता द्वारा नई कुश्ती लीग शुरू करने को लेकर दिव्या काकरान ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जनसत्ता के खेल पत्रकार संजय सावर्ण से बात करते हुए दिव्या ने लीग से सफल होने साथ ही उसमें हिस्सा लेने के अलावा संजय सिंह की प्रतिक्रिया पर भी अपनी टिप्पणी की और इसके बारे में खुलकर बात की। दिव्या का साफ तौर पर कहना है कि ये अच्छी शुरुआत है, लेकिन मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है।





दिव्या काकरान से पूछा गया कि साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने नई रेसलिंग लीग शुरू करने की घोषणा की है, उसे आप किस तरह से देखती हैं और क्या से लीग सफल हो पाएगी?

इसका जवाब देते हुए दिव्या ने कहा कि अगर उन्होंने इसकी शुरुआत करने की घोषणा की है तो भगवान करे कि ये सफल हो जाए क्योंकि कुश्ती के लिए ये एक अच्छी शुरुआत है। ये काफी अच्छी बात है कि दोनों ने इस तरह के लीग को आयोजित करने का फैसला किया है। क्या आप एक खिलाड़ी के तौर पर साक्षी और गीता की इस लीग का हिस्सा बनना पसंद करेंगी?

दिव्या काकरान ने कहा कि मुझे अगर इस लीग के लिए अप्रोच किया जाता है तो मैं इसमें शामिल नहीं होऊंगी। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी लीग हुए हैं, पहले भी प्रतियोगिताएं हुई हैं, लेकिन उन्होंने मुझे पहले भी नहीं अपनाया। मैं पहले से ही दरकिनार हूं और उन्हें लगता है कि मैंने पहले उनके खिलाफ बोला तो ये मुझे अपनी लीग में क्या ही शामिल करेंगे। पहली बात तो ये है कि ये मुझे अपनी लीग में शामिल ही नहीं करेंगे, मेरे जाने या ना जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। ये खुद ही चाहेंगे कि मैं इस लीग में खेल ही नहीं पाऊं। वैसे मैं इस लीग में खेलने को लेकर ज्यादा दिलचस्पी भी नहीं रखती और मैं अपने आने वाले प्रतियोगिता पर ध्यान दे रही हूं।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने इस लीग को सपोर्ट करने से मना कर दिया है, तो इस पर आपका क्या कहना है?

दिव्या ने कहा कि जब साक्षी और दिव्या अपनी अलग रेसलिंग लीग बना रहे हैं तो इसमें फेडरेशन का क्या रोल हो सकता है। इस बात के समझने की जरूरत है। अगर इसमें कुछ बात होती है तो फिर सारा ठीकरा फेडरेशन पर फोड़ा जा सकता है, हो सकता है इसकी वजह से संजय सिंह इसे सपोर्ट करने से मना कर हैं। हालांकि दिव्या ने इस पर ज्यादा रिएक्शन देने से मान कर दिया और कहा कि ये उनकी आपस की बात हो सकती तो इसमें मेरा कुछ कहना सही नहीं होगा।

इस रेसलिंग लीग को शुरु करने में साक्षी और दिव्या के सामने किस तरह की चुनौतियां सामने आ सकती हैं?

दिव्या काकरान ने कहा कि इस लीग की शुरुआत को लेकर मुझे अभी ज्यादा पता नहीं है कि किस बेस पर उन्होंने इसकी शुरुआत करने की योजना बनाई है। भारत में एक कुश्ती लीग पहले भी शुरू हुई थी, लेकिन वो बाद में बंद हो गई। अब साक्षी और गीता की इस लीग की शुरुआत किस स्तर पर होनी है मुझे इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है, लेकिन कुश्ती की भलाई के लिए वो ऐसा कर रहे हैं तो ये अच्छा है। वैसे राजनीति हर चीज में है और इस लीग में आपको हरियाणा के बच्चे ही ज्यादा नजर आएंगे। वैसे इनकी सलाह है, लेकिन कुश्ती की भलाई के लिए कुछ भी होता है तो ये मुझे व्यक्तिगत तौर पर पसंद है।

# भारतीय टीम का पूर्व कप्तान भी है चुनावी मैदान में

## वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर बीवी कर रही प्रचार ; विनेश फोगाट के कारण टूटा था 'दिल'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव इस बार काफी दिलचस्प हैं। राजनीतिक पार्टियों के बीच जबरदस्त टक्कर है। इस बार चुनावों में सिर्फ बड़े राजनीतिक नाम ही नहीं बल्कि बड़े खिलाड़ी भी मैदान में हैं। भारत की तीन बार की कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट के अलावा पूर्व भारतीय वेटलिफ्टर कविता देवी दलाल भी चुनाव लड़ रही हैं। वहीं भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक निवास हुड्डा भी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके प्रचार की बागडोर उनकी पत्नी ने संभाली है जो कि खुद वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं।

**कौन हैं दीपक हुड्डा** - दीपक निवास हुड्डा बीजेपी के टिकट से महम से चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीति में आने से पहले दीपक ने खेल की दुनिया में बड़ा नाम बनाया था। 2016 में भारतीय कबड्डी टीम में एंट्री की थी। वह सबसे पहले साउथ एशियन गेम्स में खेले। इससे पहले वह प्रो कबड्डी लीग के जरिए नाम बना चुके थे। वह 2016 में ही वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं साल 2018 में उनके



टीम में रहते ही भारत ने एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**विनेश के कारण हुए थे दुखी** - पेरिस ओलंपिक के दौरान जब विनेश फोगाट डिस्क्वालिफाई हुईं तो दीपक बहुत निराश हुए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'विनेश आप भारत का गौरव हैं। कुश्ती प्रतिस्पर्धा में ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया था। लेकिन आज भारत की बेटी का अचानक से अयोग्य घोषित किया जाना अत्यंत ही कष्टदायक व दुःखद है। पूरा देश आपके साथ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप मैदान में न केवल शानदार वापसी करेंगी, बल्कि भारत को पुनः गौरवान्वित करेंगी।' आपको बता दें कि विनेश कांग्रेस के टिकट पर जुलाना से चुनाव लड़ रही हैं।

**राहुल गांधी के साथ नजर आए थे दीपक** - दीपक निवास हुड्डा बीजेपी में शामिल होने से पहले राहुल गांधी के साथ भी नजर आ चुके हैं। दीपक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। तभी यह बातें सामने आई की दीपक राजनीति में आ सकते हैं। हालांकि वह कांग्रेस में नहीं बल्कि बीजेपी में शामिल हुए।

**दीपक के लिए प्रचार कर रही हैं स्वीटी** - दीपक हुड्डा अपने क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं। उनके साथ-साथ उनकी पत्नी स्वीटी बूरा भी पति के लिए प्रचार कर रही हैं। वह गली-गली जाकर लोगों से बात कर रही हैं। रैलियों में हिस्सा ले रही हैं। महिलाओं से लेकर बड़े-बूढ़ों की समस्या सुननते हुए नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो मौजूद हैं जहां वह दीपक बीजेपी के लिए वोट मांग रही हैं। सिर्फ दीपक ही नहीं बल्कि उनकी पत्नी स्वीटी भी खेल की दुनिया में बड़ा नाम हैं। अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर ने देश के लिए कई मेडल हासिल किए हैं।

**कौन हैं स्वीटी बूरा** - वह देश के लिए वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो बार मेडल जीत चुकी हैं। साल 2014 में उन्होंने जेजू सिटी में सिल्वर और बीते साल नई दिल्ली में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। वह एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी तीन मेडल जीत चुकी हैं। स्वीटी ने वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पति दीपक हुड्डा को भी जीत का श्रेय दिया था। दीपक और स्वीटी ने साल 2022 में शादी की थी।

# श्रेयस अय्यर की इस साल नहीं होगी टेस्ट टीम में वापसी

## दलीप ट्रॉफी में बीसीसीआई की नजरों में आई यह बड़ी कमजोरी; जानें कैसे होगा बेड़ा पार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बीते साल भारत में हुए वर्ल्ड कप के बाद से अच्छे फॉर्म में नहीं है। अय्यर बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी बाहर हो चुके हैं। यह खिलाड़ी अब घरेलू क्रिकेट के जरिए टीम इंडिया में वापसी की कोशिश कर रहा है। हालांकि दलीप ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर की कमी उजागर हुई जिसे देखकर इस साल उनकी टेस्ट टीम में वापसी संभव नहीं है।

**श्रेयस अय्यर की नहीं होगी टेस्ट टीम में वापसी** - खबर के मुताबिक दलीप ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई अधिकारी खुश नहीं है। टेलीग्राफ ने बीसीसीआई अधिकारी के हवाले से लिखा, 'इस समय श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में जगह नहीं है। वह किसकी जगह लेंगे। इसके अलावा दलीप ट्रॉफी में उनका शॉट सेलेक्शन अच्छा नहीं था। खासतौर पर रविवार को जब वह सेट थे और फ्लैट पिच पर खेल रहे थे, तब वह वैसा शॉट खेलकर आउट नहीं हो सकते। आपको मौके का फायदा उठाना चाहिए।'

**अय्यर के शॉट सेलेक्शन पर सवाल** - अय्यर बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की गेंद पर आउट हुए थे। वह पुल करने की कोशिश कर रहे थे और बोल्ड हो गए। उन्होंने 41 रन बनाए थे। अय्यर की शॉट बॉल के खिलाफ कमजोरी भी उनके खिलाफ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक उनकी इस कमजोरी के कारण अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भी मौका नहीं मिलेगा।

**इरानी कप और रणजी ट्रॉफी में मिलेगा मौका** - बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, 'श्रेयस अय्यर को इरानी कप में मौका मिलेगा। वह मुंबई की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। अगर वह बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेलते हैं तब भी वह इरानी कप का हिस्सा बन सकते हैं।' रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई अधिकारियों को लगता है कि अगर अय्यर इरानी कप में शानदार बल्लेबाजी हीं करते हैं तब भी उनके पास रणजी ट्रॉफी के तौर पर मौका होगा। बीसीसीआई इस बात से वाकिफ है कि अय्यर वर्ल्ड कप के बाद चोटिल हुए और उन्हें पूरा फॉर्म हासिल करने में समय लगेगा।

# संतोष कश्यप को बनाया गया भारतीय महिला फुटबॉल टीम का नया हेड कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने संतोष कश्यप को भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कश्यप के साथ प्रिया पीवी सहायक कोच और रघुवीर प्रवीन खानोलकर गोलकीपर कोच होंगे।

कश्यप ने एआईएफएफ मीडिया टीम से कहा, राष्ट्रीय टीम को कोच करना हमेशा एक सम्मान की बात होती है। मैं एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, तकनीकी समिति, तकनीकी विभाग और महासंघ के अन्य वरिष्ठ सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम का कोच बनने का मौका



दिया। संतोष कश्यप पूर्व भारतीय खिलाड़ी रह चुके हैं। उनके पास लगभग एक दशक का कोचिंग अनुभव है। उन्होंने मोहन बागान एसी, आइजॉल एफसी, मुंबई एफसी, सलगांवकर एफसी, रॉयल वाहिंगडोह एफसी, रंगदाजियेड यूनाइटेड एफसी, ओएनजीसी और एयर इंडिया जैसी टीमों का प्रबंधन किया है। 58 वर्षीय कश्यप नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और हाल ही में ओडिशा एफसी के सहायक कोच भी रह चुके हैं। कश्यप ने कहा, फिलहाल मैं ओडिशा एफसी में यूथ डेवलपमेंट हेड और तकनीकी निदेशक के रूप में काम कर रहा हूं। मुझे हमारी सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों पर पूरा विश्वास है।

# नीरज चोपड़ा के कंधे पर हाथ रख विदेशी लड़की ने मांग लिया फोन नंबर

- ओलंपिक मेडलिस्ट का ऐसा था रिएक्शन; फैंस बोले- भाई पिघलना नहीं

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा अब सिर्फ देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे मशहूर एथलीट्स में शामिल हैं। दो ओलंपिक मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा हाल ही में डायमंड लीग फाइनल खेलने ब्रुसेल्स गए थे। नीरज को लेकर वहां दीवानगी साफ नजर आई। एक विदेशी फैन ने नीरज से उनका नंबर तक मांग लिया। इस वीडियो को देखकर पुरुष फैंस नीरज से अपील भी कर रहे हैं।

**नीरज के साथ फैंस ने खिंचाई तस्वीरें** - नीरज चोपड़ा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में नीरज टूर्नामेंट खत्म होने के बाद फैंस से मिलते हुए नजर आ रहे थे। दो विदेशी लड़कियां नीरज को देखकर काफी उत्साहित थीं। उन्होंने नीरज के कंधे पर हाथ रखकर फोटो खिंचवाई। इसके बाद एक और लड़की वहां आई और फोटो खिंचवाई।

**फैन ने नीरज से मांगा नंबर** - फोटो खिंचा कर जैसे ही नीरज आगे बढ़ने लगे तो फोटो खिंचवाने वाली



युवती ने नीरज से नंबर मांग लिया। उन्होंने कहा, 'क्या मुझे आपका नंबर मिल सकता है।' नीरज ने इसके बाद क्या कहा यह साफ तौर पर सुनाई नहीं दिया। उन्होंने दूसरी और हाथ से इशारा किया। नीरज की बात सुनकर युवतियां निराश हो गई जिसे यह साफ था कि नीरज ने नंबर नहीं दिया।

**भारतीय फैंस की नीरज को नसीहत** - नीरज के इस वीडियो पर लोगों के अलग-अलग रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ ने कमेंट किया- भाई पिघलना नहीं है। इसका मतलब है कि वह अपील कर रहे थे कि नीरज को इन सब चीजों का असर खुद पर नहीं होने देना चाहिए। यह स्टैंड अप कॉमेडियन जाकिर खान का दिया हुआ लोकप्रिय जुमला है।

**ग्रोइन इंजरी से भी जूझ रहे हैं नीरज चोपड़ा** - नीरज चोपड़ा ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान हाथ में लगी चोट के बावजूद डायमंड लीग सत्र के फाइनल में हिस्सा लिया। चोपड़ा शनिवार को डायमंड लीग का खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन एक सेंटीमीटर से चूक गए और लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे।

# उन्हें मजे लेने दो, देख लेंगे..., रोहित शर्मा ने चेन्नई टेस्ट से पहले बांग्लादेश को चेताया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में 19 सितंबर से शुरू हो रहा है. 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रोहित ने बांग्लादेशी टीम की बयानबाजी पर खुलकर जवाब दिया है. रोहित ने कहा कि बांग्लादेशी टीम को मजे लेने दो, उनको देख लिया जाएगा.

चेन्नई में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. इस प्रेस कॉन्फ्रेस में रोहित से बांग्लादेशी खिलाडियों के बयानबाजी पर पूछा गया. इस पर रोहित ने कहा सभी टीमों को इंडिया को हराने में मजा आता है, मजा लेने दो उन्हें. जब इंग्लैंड आया तो उन्होंने भी प्रेस में बहुत कुछ कहा, लेकिन हम उस पर ध्यान नहीं देते हैं. हम अच्छा क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं.

बांग्लादेश ने कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान में पहली बार दो टेस्ट मैचों की सीरीज जीती है. इसी के बाद टीम का उत्साह चरम पर है. बांग्लादेश ने रावपिंडी में खेले गए दोनों टेस्ट में पाकिस्तान को मात दी थी. उसने पहला टेस्ट 10 विकेट और दूसरा टेस्ट 6 विकेट से जीता था.

दरअसल ,रोहित ने कहा कि इंग्लैंड ने 2024 की टेस्ट सीरीज से पहले प्रेस कॉन्फ्रेस में खूब बयानबाजी कर माइंडगेम खेलने की कोशिश की थी. रोहित ने स्पष्ट कर दिया कि हमारी टीम ने उनको ज्यादा मौका नहीं दिया.



हमने अपना खेल दिखाया. रोहित शर्मा ने कहा- मेरे दिमाग में हमेशा यही बात चलती रहती है कि मैं कैसे जीत सकता हूं. हम क्रिकेटरों के पास खेल पर प्रभाव डालने के लिए सीमित समय होता है, हम सभी जो भी खेलते हैं, उसे जीतना चाहते हैं.

**क्या ब्रेक का असर टीम इंडिया पर पड़ेगा** - रोहित शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि टीम भले ही टेस्ट मैच में ब्रेक के बाद खेलने आ रही हो, पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा. क्योंकि यह पहले भी हुआ है. ऐसे में हम इस परिस्थिति में आसानी से ढल जाएंगे, चेन्नई में इसी वजह से एक छोटा कैम्प लगाया गया. जो खिलाड़ी लंबे अरसे से नहीं खेले हैं, वह दलीप ट्रॉफी खेलकर यहां पहुंचे हैं. दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम ने मार्च 2024 में आखिरी टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेला था. जनवरी 2024 से मार्च 2024 के बीच हुई उस सीरीज को भारतीय टीम ने 4-1 से जीता था.

**बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट पर बोले रोहित** - रोहित ने वर्कलोड मैनेजमेंट पर कहा कि हम तो चाहते हैं कि बेस्ट खिलाड़ी हमेशा खेलें. लेकिन यहां देखना होगा कि टेस्ट मैच के बीच में टी20 हो रहा है. ऐसे में हमें वर्कलोड मैनेजमेंट का ध्यान रखना होता है. बुमराह के बारे में रोहित ने कहा कि इंग्लैंड सीरीज में भी हमने बुमराह को रेस्ट देकर हमने मोहम्मद सिराज को मौका दिया था.

**केएल राहुल का रोहित ने किया खुलकर सपोर्ट** - केएल राहुल के बारे में कहा कि हम चाहते थे कि वह हर गेम खेले, जब से रोहित ने कप्तानी संभाली. वापसी के बाद केएल राहुल अच्छा खेले हैं. हैदराबाद में अच्छा खेले, इसके बाद वह इंजर्ड हो गए. केएल राहुल को हमने जो मैसेज किया है, वह उस हिसाब से खेले हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता में इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे डॉक्टर्स की मदद को आगे आईं रिटायर्ड टीचर, दान की पेंशन

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आर जी कर अस्पताल मामले में आंदोलनकारी डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही हो जाती, तब तक काम बंद रहेगा और प्रदर्शन जारी रहेगा। सोमवार को प्रदर्शनकारियों की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पांचवीं मुलाकात हुई थी। जिसके बाद ममता ने डॉक्टरों की पांच मांगों में से अधिकांश को स्वीकार कर लिया है। बनर्जी ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर सहित राज्य स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाने की घोषणा भी की। इस बीच बंगाल के बीरभूम में 76 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला शिक्षक ने बलात्कार और हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग कर रहे डॉक्टरों को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने अपनी पेंशन से 10 हजार रुपए आंदोलनकारियों के लिए दान किए। रिटायर्ड शिक्षिका स्नेहमयी सरकार ने कहा कि बिना किसी बाधा के विरोध जारी रखने के लिए पर्याप्त धन जुटाना आवश्यक है। इसलिए मैंने भी प्रदर्शनकारियों को समर्थन देने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा, ÷आंदोलन चलाने में बहुत मेहनत लगती है और इसे चलाने के लिए बहुत पैसे की ज़रूरत भी होती है। वे लड़के और लड़कियां दिन-रात लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी तरफ़ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। अब, वे कैसे आगे बढ़ेंगे? यह कैसे संभव होगा? इसलिए मैंने उनके फंड में दान करने का फैसला किया।÷ कानूनी प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए स्नेहमयी ने आगे कहा, ÷एक स्पष्ट सुनवाई होनी चाहिए और उसके माता-पिता को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए। अगर उचित सजा होगी तो इससे मां-बाप का दर्द थोड़ा कम हो जाएगा।÷ गौरतलब है कि स्नेहमयी बीरभूम के तांतीपारा इंडियन टेक्सटाइल गर्ल्स हाई स्कूल में शिक्षिका थीं। वह 2007 में सेवानिवृत्त हुईं और वर्तमान में अपनी बेटी के साथ शांतिनिकेतन में रहती हैं।

### ममता बनर्जी इस्तीफा दें, इससे कम हमें कुछ मंजूर नहीं: सुकांत मजूमदार

**कोलकाता , एजेंसी।** आरजी कर अस्पताल रेप मर्डर मामले में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सीएम ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों की मांगों को मान लिया है। सीएम ने पांच में से तीन मांगें मान लेने का ऐलान किया। इस बीच केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सीएम के तरीके पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा मांगा है। डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि, पहले वह कह रही थी कि वह सीपी को नहीं हटाएगी। बंगाल के लोग मांग कर रहे थे कि कार्रवाई की जाए। बंगाल के चप्पे -चप्पे में आंदोलन चल रहा था बंगाल की जनता मांग कर रही थी की एक्शन लिया जाए। बंगाल की जनता इस मुख्यमंत्री के ऊपर पूरा विश्वास खो चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि, भाजपा जानती है कि यह सरकार की विफलता है और अगर इसके लिए किसी को जिम्मेदारी जाती है, तो वह न तो कोई पुलिस अधिकारी है और न ही कोई और, मुख्य आरोपी ममता बनर्जी हैं। सबूत को मिटाने में पुलिस-प्रशासन का पूरा हाथ लगता है। और विनीत गोयल और डीसी नॉर्थ को आप हटा देंगे और लोग बच जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव: पहले चरण में इल्तिजा मुफ्ती को मिल रही कड़ी टक्कर



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होगा. सोमवार को इस चरण के लिए प्रचार खत्म हो गया. पहले चरण में कई सीटों पर दिलचस्प मुकाबला है. इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में पीडीपी की इल्तिजा मुफ्ती भी शामिल हैं, जिन्हें भाजपा के सोफी यूसुफ और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बशीर अहमद शाह वीरी से कड़ी टक्कर मिल रही है. इसके अलावा, तीन सीटों पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच दोस्ताना मुकाबला देखने को मिलेगा.

पंपोर में कड़ी टक्कर होने वाली है. यहां पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के जहूर अहमद मीर का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के हसनैन मसूदी से होगा. कुल 14 उम्मीदवारों के साथ पंपोर सबसे हॉट सीट बन गई है. त्राल में मुकाबला त्रिकोणीय है. यहां कांग्रेस के सुरिंदर सिंह का मुकाबला अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार हरबख्श सिंह सस्सान से होगा. इसके अलावा, पीडीपी के रफीक अहमद नाइक भी यहां से चुनाव मैदान में हैं. त्राल में कुल 9 उम्मीदवार चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं. पुलवामा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के मोहम्मद खलील बांध का मुकाबला पीडीपी के वहीद उर रहमान पारा और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार तलत मजीद अली से होगा. इस निर्वाचन क्षेत्र में 12 उम्मीदवार मैदान में हैं. राजपोरा में, पीडीपी के सैयद बशीर अहमद और एनसी के गुलाम मोहिउद्दीन मीर के बीच मुकाबला है. दोनों पार्टियां इस महत्वपूर्ण सीट के लिए कड़ी टक्कर दे रही हैं. यहां कुल 10 उम्मीदवार मैदान में हैं. जैनपोरा में पीडीपी के गुलाम मोहिउद्दीन वानी एनसी के शौकत हुसैन गनी को चुनौती देंगे. जैनपोरा में सीट के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में हैं. शोपियां निर्वाचन क्षेत्र में एनसी के शेख मोहम्मद रफी का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार शबीर अहमद कुल्ले से है. शोपियां में 11 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. डीएच पोरा में जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के अब्दुल मजीद पद्दर का मुकाबला एनसी की सकीना मसूद इट्टू से होगा. इस सीट के लिए कुल 6 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. कुलगाम में सीपीआईएम के मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, जेकेपीसी के नजीर अहमद लावे और प्रतिबंधित जेईआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सयार अहमद रेशी के बीच मुकाबला है. कुलगाम में कुल 10 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं. देवसर में पीडीपी के मोहम्मद सरताज मदनी का मुकाबला एनसी के पीरजादा फिरोज अहमद से है. देवसर में कुल 9 उम्मीदवार हैं. डूरू में पीडीपी के मोहम्मद अशरफ मलिक और कांग्रेस के गुलाम अहमद मीर के बीच सीधा मुकाबला होगा. यह सीट पीडीपी और कांग्रेस के बीच प्रतिस्पर्धा के लिए विशेष माना जाती है. डूरू में 10 उम्मीदवार हैं. कोकरनाग (एसटी) में नेशनल कॉन्फ्रेंस के जफर अली खटाना और पीडीपी के हारून रशीद खटाना के बीच मुकाबला है. इस आरक्षित सीट के लिए कुल 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. अनंतनाग (पश्चिम) में एनसी के अब्दुल मजीद भट का मुकाबला पीडीपी के अब्दुल गफ्फार सोफी से होगा. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 9 उम्मीदवार हैं.

## रेलवे अंडरपास हादसे का कौन जिम्मेदार? मुख्य सचिव ने दिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश



**फरीदाबाद एजेंसी।** ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास हादसे को लेकर सरकार गंभीर हो गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास हादसे की मजिस्ट्रेट जांच करने के आदेश दिए हैं। साथ ही डीसी विक्रम सिंह से इस मामले की रिपोर्ट मांगी है। मुख्य सचिव के अलावा सीआईडी प्रमुख एडीडीपी आलोक मित्तल ने भी इस मामले में रिपोर्ट मांगी है।

मजिस्ट्रेटी जांच के बाद ही इस मामले में पता चल सकेगा कि हादसे के लिए कौन जिम्मेदार हैं। जांच की समयावधि तय नहीं की गई है। सोमवार को इस मामले में हादसे वाली रात की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गई। मुख्य सचिव के आदेश देने से पहले नगर निगम प्रशासन, पुलिस विभाग अपने-अपने स्तर पर मामले की जांच में जुटे हुए हैं। नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास के आदेश पर इंजीनियरिंग विभाग भी मामले की बारिकी से जांच में जुटा हुआ है।

नगर निगम प्रशासन ने मौके पर मौजूद रेलवे के गार्ड विजय भाटी और गुड्डू सिंह के बयान को डीसी को भेजी रिपोर्ट में शामिल किया है। अब मुख्य सचिव द्वारा रिपोर्ट मांगे जाने पर नगर निगम प्रशासन भी अंडरपास में जलभराव और उसके बाद उठाए कदमों का सिलसिलेवार ब्योरा तैयार करने में जुटा हुआ है। एडीसी आनंद शर्मा मंगलवार को अंडरपास का मौका मुआयना कर नगर निगम और पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों के बयान दर्ज करेंगे।

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा, बैंक मैनेजर पुण्यश्रेय शर्मा और कैशियर 25 विराज दिवेद्वी की अंडरपास में डूबकर हुई मौत मामले में मुख्य सचिव के आदेश पर मैजिस्ट्रेट जांच शुरू की गई है। जांच में नगर निगम, पुलिस आदि सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे।

# कांग्रेस के शासन में किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई: सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पुण्डरी में भाजपा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों को यहां देखकर उत्साहित हूं और दावे के साथ कह सकता हूं कि 2019 की तरह पूंडरी से इस बार भी भाजपा को एतिहासिक जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, विशेष चुनाव है। यह चुनाव हरियाणा का इतिहास लिखने वाला है, यह झूठे वादों और सच्चे विकास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जनता को झूठे वादे करने वालों से सावधान रहना जरूरी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे करके तीन राज्यों में सरकार बनाई, अब वहां की जनता भुगत रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता 10 साल के शासन का हिसाब मांगते फिर रहे हैं, लेकिन जब उनसे सवाल पूछे जाते हैं, तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर सीधा हमला करते हुए कहा, मैंने हुड्डा से पूछा कि आपके 10 साल के कार्यकाल में कितने किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदी गई? किसानों को 2-2 रुपये के चेक क्यों दिऐ जाते थे, कांग्रेस के शासन में किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई। ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब आज तक कांग्रेस नहीं दे पाई।

जनसभा में पूंडरी विधानसभा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मुख्य सचेतक योगेश्वर गर्ग, जिला महामंत्री सुरेश संधू व पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल, सुरेश संधू, कर्मवीर कॉल, आदित्य भारद्वाज, बलविंदर जांगड़ा, रोशन सैनी, देवी दयाल बरसाना आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल, और तेलंगाना में कांग्रेस झूठे वादे किए, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस का काम ही झूठ बोलना और जनता का शोषण करना है। कश्मीर मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में धारा 370 को फिर से लागू करने की बात कही है और कांग्रेस ने उसका समर्थन किया है। ऐसे लोग जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है।

# गुरु आनंद दिघे की फोटो के सामने पैसा उड़ाने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हुए नाराज



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सियासी गुरु दिवंगत आनंद दिघे की तस्वीर के सामने कुछ लोगों के नाचने और नोट बरसाने का वीडियो सामने आने के बाद पार्टी की ठाणे इकाई के दो पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। यह घटना 12 सितंबर को गणेश उत्सव के समय की है।

एक वीडियो में कुछ स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता आनंद आश्रम में दिघे की तस्वीर के सामने नाचते और पैसे बरसाते नजर आ रहे हैं। दिघे आनंद आश्रम से शिवसेना की ठाणे इकाई का संचालन करते थे। इस वीडियो की क्लिप बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

मुख्यमंत्री शिंदे और ठाणे से सांसद नरेश म्हास्के ने इस घटना को लेकर नाराजगी जताई और इसे 'बेहद अप्रिय' बताया। उन्होंने कहा कि दिघे जिस सम्मानजनक तरीके से इस प्रकार के उत्सवों को मनाते थे यह घटना उसके विपरीत है।

म्हास्के द्वारा शनिवार रात को जारी आदेश के अनुसार इस मामले में पार्टी के दो पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। आदेश में बर्खास्त किए गए पदाधिकारियों के पदों के बारे में नहीं बताया गया। शिंदे की पार्टी ने ऐसे समारोहों के दौरान संयमित आचरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

कहां तक पहुंची सीट बंटवारे की बात

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं और ऐसे में राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को 'जल्द' ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने भी चुनाव पूर्व व्यवस्था पर अपनी टिप्पणी में कहा कि 'लगभग 70-80 प्रतिशत' (288) विधानसभा क्षेत्रों में सीट बंटवारे पर सत्तारूढ़ गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि महायुति का समझौता मुख्य प्रतिद्वंद्वी विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से काफी पहले हो जाएगा।

महायुति (महागठबंधन) में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। महायुति सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे और इसकी औपचारिक घोषणा के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, 'सीट बंटवारे के फॉर्मूले को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।' उन्होंने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि यह कितना जटिल मुद्दा होगा।

# गाजा के लोगों को सामूहिक सजा देना उचित नहीं, इस्राइल के फलस्तीन पर हमलों की यूएन महासचिव ने की निंदा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच पिछले 11 महीने से संघर्ष जारी है। पिछले साल आठ अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला किया था, जिस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल लगातार फलस्तीन पर निशाना बना रहा है। इस्राइल-हमास के संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस्राइल द्वारा गाजा के लोगों को सामूहिक सजा देने को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता है। गुटेरेस ने फलस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल जिस तरह से तबाही मचा रहा है, उसकी आलोचना की। बता दें कि यूएन अगले हफ्ते विश्व स्तरीय नेताओं की मेजबानी करने वाला है।

एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, हम सभी हमास के हमलों और नागरिकों को बंधक बनाने की निंदा करते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पूर्ण उल्लंघन है। सच्चाई यह है कि फलस्तीनी लोगों की सामूहिक सजा को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता है। यही हम गाजा में देख रहे हैं। बता दें कि पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल में घुसकर हमले किए, जिसमें 1,205 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बदले इस्राइल ने हमास को तबाह करने की कसम खाई। इस्राइल लगातार गाजा पर हमले कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली हमले में 41,226 लोगों की जान जा चुकी है। इस हमले में 200 से ज्यादा मानवतावादी कार्यकर्ताओं की जान गई, जिसमें ज्यादातर यूएन के स्टाफ शामिल थे।

गुटेरेस ने कहा, सभी नागरिकों की मौत के लिए जवाबदेही जरूरी होनी चाहिए। इस्राइल और हमास दोनों ने गंभीर उल्लंघन किया है। इस्राइल-हमास के बीच युद्धविराम पर गिटेरेस ने कहा,किसी भी समझौते पर पहुंचाना कठिन होगा, लेकिन उन्हें भरोसा रखना चाहिए। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पिछले साल से जारी हमलों पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करने के बाद गुटेरेस को अगले हफ्ते से शुरू होने वाली बैठक में कुछ खास उम्मीद नहीं है। उन्होंने आगे कहा, जहां तक मैं समझता हूं कि मेरे साथ इस मामले को लेकर कोई बैठक का उनका इरादा नहीं है। फोन कॉल होना या नहीं होना या बैठक होना या नहीं होना जरूरी नहीं है, जरूरी यह है कि जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। लोगों की पीड़ा मायने रखती है।

## मध्य सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 40 नागरिकों की मौत

**खार्तूम , एजेंसी।** मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में करीब 40 नागरिक मारे गए। यह जानकारी गैर-सरकारी ग्रुप अबू गौता प्रतिरोध समिति ने दी। समिति ने एक बयान में कहा, आरएसएफ ने गेजीरा राज्य के अबू गौता क्षेत्र के गौज अल-नका गांव पर हमला किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने समिति के बयान के हवाले से बताया कि आरएसएफ विस्थापित ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए शव नहीं लौटा रहा है। इस वजह से गांव में कई शव खुले में पड़े हैं। समिति ने नागरिक समाज संगठनों से अपील की है वे आरएसएफ पर दबाव डाले ताकि लोगों को गांव में प्रवेश करने और मृतकों को दफनाने की अनुमति मिल सके। आरएसएफ ने अभी तक हमले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। दिसंबर 2023 में आरएसएफ ने गेजीरा राज्य पर नियंत्रण कर लिया था। सशस्त्र बल (एसएएफ) राज्य की राजधानी वाड मदनी से पीछे हट गए थे। 15 अप्रैल, 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच हिंसक संघर्ष में उलझा हुआ है।

# यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली



**सना , एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने मध्य इजरायल पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। ग्रुप का कहना है कि उसने इस ऑपरेशन में नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने रविवार को टेलीविजन पर दिए बयान में कहा, फिलिस्तीनी लोगों और हमास के समर्थन में हमने एक सैन्य अभियान चलाया, जिसके तहत जफा क्षेत्र में इजरायली दुश्मन के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। याह्या सरिया ने कहा, अभियान में एक नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। मिसाइल अपने लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रही और दुश्मन की रक्षा प्रणाली इसे रोकने में नाकाम रही। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की मिसाइल जमीन और समुद्र पर एरियल शील्ड सिस्टम को चकमा दे सकती है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अल-मसीरा टीवी के हवाले से बताया कि प्रवक्ता ने भी कहा कि हूतियों की तरफ से इजरायल पर इस तरह के हमले जारी रहेंगे। आगे होने वाले हमले यमनी शहर होदेदाह पर इजरायली हमले का का जवाब होंगे। इजरायली सूत्रों ने बताया कि यमन से दागी गई एक लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल रविवार को देश में आकर गिरी। इजरायल के सरकारी कान टीवी न्यूज ने बताया कि मिसाइल बेन गुरियन एयरपोर्ट से करीब 6 किलोमीटर दूर कफर डैनियल में गिरी। मिसाइल गिरने से इस इलाके में आग लग गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि इंटरसेप्टर लांच किए गए, लेकिन वे मिसाइल को मार गिराने में असफल रहे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मिसाइल के कारण तेल अवीव और मध्य इजरायल के अन्य शहरों में सायरन बजने लगे, जिससे सुबह के व्यस्त समय में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।

## ट्रूडो की लोकप्रियता पर सवाल: खतरे में कनाडाई पीएम की कुर्सी

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पार्टी, जो वर्तमान में चुनावी सर्वेक्षणों में पीछे चल रही है, एक बार फिर से नेतृत्व पर सवालों के घेरे में आ गई है। सोमवार को मॉन्ट्रियल के ला सैल-एमार्ड-वर्दन निर्वाचन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपचुनाव होने जा रहा है, जो कभी लिबरल पार्टी का सुरक्षित क्षेत्र माना जाता था। इस चुनाव में हार से ट्रूडो के नेतृत्व पर और भी अधिक दबाव बन सकता है। यह चुनाव लिबरल सांसद के इस्तीफे के बाद हो रहा है, जो सामान्य रूप से लिबरल पार्टी के लिए आसान जीत माना जाता था। लेकिन इस बार सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मुकाबला कड़ा है। अगर लिबरल पार्टी हारती है।

# जूनियर ट्रंप का मंगेतर किम्बर्ली से टूट गया रिश्ता, बेटिना के साथ रोमांटिक तस्वीरों के बाद उड़ी अफवाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** क्या डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने अपनी मंगेतर किम्बर्ली से रिश्ता तोड़ लिया है इसको लेकर कई तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। इन अफवाहों का सिलसिला शुरू हुआ उन खबरों के बाद जिनके मुताबिक जूनियर ट्रंप एक अन्य सुंदरी बेटिना एंडरसन के साथ लिप-लॉक करते देखे गए हैं। बेटिना एंडरसन एक सोशलाइट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगस्त में बेटिना पाम बीच पर ऑनर बार में जूनियर ट्रंप के साथ अंतरंग पल बिताते हुए नजर आई थीं। इसके बाद दोनों के रिश्तों को लेकर अनुमानों का दौर शुरू हो गया है। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक इस दौरान जूनियर ट्रंप बहुत कम्फर्टेबल नजर आ रहे थे। बता दें कि 46 साल के डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और 55 साल की किम्बर्ली की दिसंबर 2020 में सगाई हुई थी।

बताया जाता है कि पाम बीच के सोशल सर्किल में काफी मशहूर बेटिना एंडरसन और जूनियर ट्रंप एक-दूसरे के साथ बेहद प्यार से पेश आ रहे थे। दोनों साथ में काफी खुश भी लग रहे थे। मिडरिफ और वाइड लेग पैंट में बंधी सफेद शर्ट पहने एंडरसन को ट्रंप जूनियर के साथ देखा गया, जिन्होंने शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहन रखी थी। हालांकि दोनों ने सार्वजनिक तौर पर प्यार का प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन देखकर लग रहा था कि वह आपस में घुले-मिले हुए हैं। देखने वालों ने कहा कि उन्होंने एक-दूसरे को रोमांटिक ढंग से किस किया, जिससे स्पष्ट हो गया कि दोनों के बीच दोस्ती से ज्यादा भी कुछ है।

पाम बीच के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक



ट्रंप जूनियर और बेटिना को अगल-अलग जगहों पर देखा गया। यह दिखाता है कि उनके संबंधों को राज नहीं रखा जा रहा है। इसके अलावा कई बार दोनों को एक साथ देखे जाने से इस बात की भी पुष्टि हो रही है कि उनके बीच नजदीकी काफी बढ़ रही है। इसने जूनियर ट्रंप और किम्बर्ली के रिश्तों को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि किम्बर्ली डोनाल्ड ट्रंप के प्रेसीडेंशियल कैंपेन में पूरी तरह से शामिल हैं।

किम्बर्ली ने हाल ही में एक रैली के दौरान लोगों से अपील की कि रिपब्लिकन उम्मीदवार का समर्थन करें। इतना ही नहीं, कई जगहों पर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को अपने ससुर के रूप में भी संबोधित किया। इससे किम्बर्ली ने जूनियर ट्रंप के साथ अपनी नजदीकी जाहिर की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129